डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹74800 10 ग्राम
₹96000 01 किलो
सेंसेक्स 77,073.44 +454.11
डॉलर 86.538 -0.033

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



माघ कृष्ण पक्ष 07, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 21 जनवरी 2025, वर्ष-31, अंक-98, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने...

### सीएम हेमंत सोरेन की सशरीर कोर्ट में उपस्थिति मामले में अब सुनवाई 11 को

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ईडी के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में उनकी ओर से दाखिल सशरीर उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी। मामले में सोमवार को एमपी-एमएलए की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने सुनवाई की तिथि 11 फरवरी निर्धारित की है।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 21 जनवरी को होगी। बैठक शाम को प्रोजेक्ट भवन में शुरू होगी। इसमें कई अहम निर्णय लिए जाएंगे। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सोमवार को दी।

### बीसीसीएल का क्लर्क घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद में बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में सोमवार सीबीआई की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। सीबीआई ने बीसीसीएल के स्थापना डिपार्टमेंट में कार्यरत क्लर्क प्रणय सरकार को सात हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि क्लर्क प्रणय सरकार एक कर्मचारी से भविष्य निधि (पीएफ) की राशि ट्रांसफर करने के एवज में 14 हजार रुपये की मांग कर रहा था। वहीं, उक्त कर्मी ने इसकी शिकायत सीबीआई से कर दी। मामले के सत्यापन के बाद आज सीबीआई की टीम ने घूस की पहली किस्त सात हजार रुपये लेते क्लर्क प्रणय सरकार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

### हेमंत सोरेन ने तीन विभागों के अधिकारियों के साथ की उच्चस्तरीय बैठक

# रिम्स का मास्टर री-डेवलपमेंट प्लान शीघ्र बनाएं : मुख्यमंत्री

**बोले सीएम**

- देश में रिम्स की एक अलग पहचान होनी चाहिए
- स्वास्थ्य व्यवस्था का आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता




नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की।

बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सत्यजीत सिंह, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल, ग्रामीण विकास विभाग के सचिव के. श्रीनिवासन, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक शशिकर सामंता, मुख्य वन संरक्षक एसआर नटेश सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक में अधिकारियों से राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान, (रिम्स) रांची के पुनर्विकास एवं विस्तार से संबंधित प्रस्तावित कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिम्स का एक बेहतर मास्टर री-डेवलपमेंट प्लान शीघ्र तैयार करें। रिम्स के नए शेष पेज 11 पर

### प्रस्तावित आदिवासी कल्याण छात्रावास की सभी सुविधाएं बेहतर रखें : सोरेन

राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारियों से प्रस्तावित आदिवासी कल्याण छात्रावास के टेंडर प्रक्रिया की जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि रांची में दो आदिवासी कल्याण छात्रावासों तथा डालटनगंज (मेदिनीनगर) में दो आदिवासी कल्याण छात्रावासों का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इन चारों छात्रावासों की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। रांची के वीमेंस कॉलेज (साइंस ब्लॉक) परिसर में 525 अनुसूचित जनजाति के छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण तथा आदिवासी हॉस्टल कैंपस में 525 छात्रों के लिए छात्रावास का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। वहीं, पलामू जिले के डालटनगंज स्थित बाईपास रोड रेड़मा में एसटी वर्ग के लिए 525-525 विद्यार्थियों के दो छात्रावासों का निर्माण कार्य किया जाना है। इन सभी छात्रावासों का निर्माण कार्य अगले एक महीने के भीतर प्रारंभ कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नवनिर्मित सभी छात्रावासों में बाउंड्री वॉल, सुरक्षा गार्ड, सफाई कर्मी, रसोइया, जरूरी फर्नीचर इत्यादि सभी सुविधाओं से संबंधित व्यवस्था दुरुस्त रहे, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रस्तावित सभी छात्रावास का निर्माण निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत पूरे होने चाहिए।

### वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी में आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों की बाधा दूर करें : सीएम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के भीतर वाइल्डलाइफ सैंक्चुरी के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्यों की बाधाओं को दूर करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वन क्षेत्र में बसे गांवों में बिजली, पानी, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं का अपेक्षा अनुरूप विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मधुबन से पारसनाथ (सिकर) हिलटॉप तक जोड़ने वाली सड़क के पुनर्निर्माण कार्य की बाधाओं को शीघ्र दूर करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण सड़क मार्ग है। इसके जर्जर होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वन एवं पर्यावरण विभाग के जटिल नियमों की वजह से वन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांवों के कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों में बाधा पहुंच रही है, ग्रामीण क्षेत्रों में भी सभी जरूरी सुविधाओं को पहुंचना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

## जमीन विवाद में चली गोलीबारी एक गंभीर, रिम्स रेफर



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के डुरुआ में सोमवार को जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट और गोलीबारी में सदाकत अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद उन्हें तुरंत लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार दुरुआ निवासी सदाकत अंसारी ने स्टेशन निवासी शर्मा परिवार से जमीन खरीदी थी। इस जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। सोमवार को सदाकत अंसारी और शर्मा परिवार के बीच इस विवाद को लेकर फिर से झगड़ा हुआ। घायल सदाकत अंसारी के परिजनों के अनुसार वह सोमवार को पंपूकल की ओर गए थे जहां शर्मा परिवार ने पहुंच कर विवाद करना शुरू कर दिया। झगड़े के दौरान शर्मा परिवार के एक सदस्य ने सदाकत अंसारी के सिर पर टांगी से वार किया, जिससे वह जमीन पर गिर गए। इसके बाद उन्हें निशाना बनाकर गोली चलाई गई, जो उनके पैर में लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर आस पास के लोग घटना स्थल पर पहुंचे, लेकिन तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या यह मामला जमीन विवाद का लग रहा है। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लेने का दावा किया है। सदाकत अंसारी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया है। उनकी हालत अभी गंभीर बनी हुई है।

### सुकमा में दो लाख के इनामी सहित छह नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सक्रिय एक इनामी सहित छह नक्सलियों ने पुलिस एवं सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष सोमवार को आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पित सभी नक्सली कई नक्सल घटनाओं में शामिल थे।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**आज | कल**




## दो हाइवा की टक्कर में चालक की मौत, एक घायल



**बालूमाथ/बारियातू।** चतरा-रांची मुख्य पथ पर एनएच 22 पर बरनी पेट्रोल पंप के समीप सोमवार सुबह सात बजे दो हाइवा के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर में एक हाइवा चालक की मौत हाइवा में दबकर कर हो गयी। उसके शव को जेसीबी व क्रेन की सहायता से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान मो.सुहेल आलम पिता मो.इकबाल ग्राम पांडू थाना केरेडारी हजारीबाग के रूप में पहचान हुई। दूसरा चालक मिथलेश साव 22 वर्ष पिता तिरु साव मिश्रौल टंडवा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका प्राथमिक उपचार बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। बाद में उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक हाइवा पांडू कोलियरी से कोयला लोड कर चंदवा रेलवे साइडिंग जा रहा था। वहीं विपरीत दिशा से एक हाईवा चंदवा साइडिंग से कोयला खाली कर पांडू कोलियरी जा रहा था। इस दौरान बालूमाथ रांची मुख्य पथ पर बरियातू थाना क्षेत्र के बरनी पेट्रोल पंप के समीप दोनों हाईवा में टक्कर हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। अचनाक हुए इस तरह की घटना से परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

### कुडू में आमने-सामने भिड़ी कार और ऑटो, आधा दर्जन घायल


**कुडू (लोहरदगा)।** कुडू-लोहरदगा मुख्य पथ (एनएच 143ए) पर सोमवार को कुडू ब्लॉक मोड़ स्थित कन्या मध्य विद्यालय टाकू के समीप आईटेन कार (जेएच 08सी 6163) और एक ऑटो (जेएच 01एडी 0179) में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में ऑटो चालक समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में ऑटो चालक कुडू थाना क्षेत्र के टाटी निवासी महिंदर लोहरा, पंडरा निवासी सरिता देवी, ननतिलो निवासी सरस्वती देवी, पांकी थाना क्षेत्र के गणेशपुर निवासी सुरजदेव और रांची डोरंडा के हाथीखाना निवासी असलम अंसारी शामिल हैं। वहीं, कार में बैठे लोग पूरी तरह सुरक्षित रहे। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। वहीं, जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र (सीएचसी) कुडू में भर्ती कराया। वहां से ऑटो चालक महिंदर लोहरा को रिम्स रेफर कर दिया गया। महिंदर के दोनों पैर टूटने की सूचना है।

### दो दिनों से लापता युवक का पेड़ से लटका मिला शव, आत्महत्या व हत्या जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापपुर (चतरा)।** चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत परहियाडीह जंगल के एक पेड़ से लटका दो दिन से लापता युवक का शव पुलिस ने रविवार देर शाम बरामद किया है। मृतक की पहचान प्रतापपुर थाना क्षेत्र के हरहद गांव निवासी सीयाराम पासवान के 24 वर्षीय पुत्र रंजय पासवान के रूप में किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। वहीं मृतक के भाई राजकपुर पासवान ने हत्या की आशंका जताते हुए आरोप लगाया है कि रंजय पासवान की हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के लिए शव को पेड़ में लटका दिया गया है। मृतक बीते शुक्रवार को प्रतापपुर दोस्त से आधार कार्ड मांगने गया था। तब से वह अपने घर नहीं लौटा। तो काफी खोजबीन की। रविवार को ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई की परहियाडीह जंगल में पेड़ से एक युवक का शव लटका हुआ है। सूचना पर जंगल में जाकर देखा रंजय का शव लटका हुआ है। इसकी सूचना प्रतापपुर थाने को दी गई। आगे उन्होंने बताया कि भाई का हत्या प्रेम-प्रसंग में किया गया है। कुछ दिन पहले प्रेमिका के परिजनों ने फोन पर हत्या करने की धमकी दी थी। मृतक की पत्नी पूनम देवी की दो पुत्री व एक पुत्र है। थाना प्रभारी ने बताया कि रंजय पासवान का शव बरामद किया गया हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## बिशुनपुर जंगल में झांगुर गिरोह से मुठभेड़, एके-47 हुआ बरामद

नवीन मेल डेस्क



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर थाना क्षेत्र के देवरागानी जंगल में आपराधिक गिरोह और पुलिस के बीच जमकर मुठभेड़ हुई है। रविवार देर रात से जारी मुठभेड़ के दौरान कुछ अपराधियों को गोली लगने की खबर है। हालांकि, इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाकर एके-47 सहित भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। गुमला के एसपी शंभु कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि देवरागानी जंगल में रामदेव झांगुर नामक आपराधिक गिरोह के लोगों के टिके होने की सूचना मिली थी। इस पर उनकी घेराबंदी के लिए आईआरबी कमांडेंट की अगुवाई में पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम गठित की गई। टीम ने जंगल की घेराबंदी की तो गिरोह के लोगों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इस पर सुरक्षा बलों ने भी मोर्चा लेकर जवाबी फायरिंग की। उन्होंने जानकारी दी कि सुरक्षा बलों को भारी पड़ता देख गिरोह के लोग घने जंगलों में भाग गए। सुरक्षा बल जंगल का चप्पा-चप्पा छान रहे हैं। इस दौरान कई हथियार, गोलियां और विस्फोटक मिले हैं। इस अभियान में गुमला जिले के घाघरा, गुमला और बिशुनपुर थाना क्षेत्रों की पुलिस भी शामिल है। रामदेव झांगुर गुट ने गुमला जिले के जंगलवर्ती इलाकों में आतंक कायम कर रखा है। यह गिरोह ठेकेदारों, व्यवसायियों और आम लोगों से हथियारों के बल पर रंगदारी वसूलता है। बताया जा रहा है कि रविवार रात से जारी मुठभेड़ में रामदेव झांगुर खुद गिरोह की अगुवाई कर रहा था। दो दिन पहले इस गिरोह के एक प्रमुख सदस्य संतु उरांव को बिशुनपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बिशुनपुर, चैनपुर व घाघरा थाना क्षेत्र में रामदेव झांगुर वर्ष 2002 से आतंक का पर्याय बना हुआ है। इन तीनों थानों में इसके खिलाफ 50 से अधिक मामले दर्ज हैं। पिछले दो दशकों में पुलिस ने कई बार रामदेव के ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया है, लेकिन अब तक वह पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

## 2 एकड़ में लगे पोस्ता की खेती को ग्रामीणों ने स्वंय किया नष्ट

**चतरा/हंटरगंज।** पुलिस और वन विभाग के द्वारा लगातार चलाए जा रहे अफीम विनष्टीकरण व जागरुक्ता अभियान का ग्रामीणों में व्यापक असर पड़ रहा है। ग्राम सभाओं के द्वारा स्वतः अफीम फसल को नष्ट करने का काम ग्रामी करने लगे हैं। इसी क्रम में हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के करैलीबार पंचायत अंतर्गत कोल्हुआ गांव के ग्रामीण कलेश्वर यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने लगभग 2 एकड़ दूरंगी, सरोदाग आदि वन भूमि पर लगे अवैध अफीम फसल को नष्ट कर दिया है। वही ग्रामीण कलेशर यादव ने कहा कि अफीम एक मादक पदार्थ है, जो इंसानों के जीवन को धीरे-धीरे खत्म करता है। मैं हमेशा से इसके खिलाफ रहा हूं। लेकिन चंद अफीम माफयाओं के झांसे में आकर खेती लगवाया था। जिसका विनष्टीकरण मैं स्वयं की निगरानी में करवा रहा हूं। आगे श्री यादव ने कहा कि मेरे नाम पे अफीम माफियाओं के द्वारा पुरे इलाके में अफीम हमेशा से लगवाते आ रहे हैं और मेरा नाम बदनाम करने की शुरू से कोशिश की गयी, मुझे बहला फुसला कर अफीम माफियाओं ने खेती लगाया। मुझे संलिप्त करके अफीम माफिया लोगों ने बड़े पैमाने पर जंगलो में खेती लगाया हैं जिसकी निष्पक्ष जांच हो। मैं प्रशासन को आश्वस्त करता हूं की किसी भी तरह का कोई खेती अब मेरे नाम पे आपको नहीं मिलेगा और न हीं कभी भविष्य में ऐसे झांसे में आऊंगा, मैं प्रशासन से मांग करता हूं की ऐसे जहरीले खेती से जंगल तो खराब हो हीं रहा हैं साथ हीं साथ लोगों का भविष्य भी खतरे में हैं, अफीम विनष्टीकरण के साथ वैसे माफियाओं पर भी नकेल कशा जाए जो यहां से अफीम बाहर के बाजार में बेचने का काम कर रहे हैं। इस संबंध में प्रक्षेत्र वन पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार ने कहा कि अवैध पोस्ते की खेती करने वालों को कभी बख्शा नहीं जायेगा।

**इंडिया**

## तनाव अपने ग्राहक को जानिए का

विकसित भारत की ओर बढ़ते कदमों के साथ साइबर अपराध भी बढ़े हैं जिस पर रोक के लिए कई उपाय किए गए हैं पर कुछ उपाय जनता के गले की फांस बन गए हैं।आगामी एक फरवरी को पेश होने वाले केंद्रीय बजट और झारखंड के बजट से आम नागरिकों की सबसे बड़ी उम्मीद क्या है? जवाब के लिए आज लोगों से सुझाव मांगे जा रहे हैं पर क्या संभव है कि पब्लिक के दिल की आवाज कुछ इस तरह सुनाई दे कि वित्त मंत्री जी, बाकी तो हम झेल लेंगे, मगर सबसे पहले बैंकों में बारंबार केवाईसी वेरिफिकेशन के जंजाल से छुटकारा दिलाइए। हर चार-पांच माह की अवधि के बाद आधार, पैन, एड्रेस प्रूफ, फोटो और मोबाइल नंबर के दस्तावेज सत्यापित कराने की कवायद की पीड़ा वही जानते हैं, जो इसे भुगत चुके हैं। ह्यअपने ग्राहक को जानोह्व-के ऊंचे स्लोगन के साथ केवाईसी की चक्की सबको पीस रही है। इधर कुछ बैंकों ने जिस तरह केवाईसी अपडेशन के लिए खाते में लेनदेन रोकने जैसी हद पार करने वाली हरकत का सहारा लेना शुरू किया है, उससे यह जन उत्पीड़न का आकार ले रहा है। शहरों-कस्बों के निवेशक, बचतकर्ता, म्यूचुअल फंड ग्राहक और किस्म-किस्म के ऋणधारकों के अलावा देहात के वे गरीब लाभार्थी ज्यादा दुख झेल रहे हैं, जो अपनी सब्सिडी की किस्त, राशन भुगतान, सम्मान राशि या पेंशन जनधन खाते में गिरने का इंतजार करते रह जाते हैं। यह वही तबका है, जो पहले से न्यूनतम बैलेंस के नियम के कारण निष्क्रिय खातों का कहर झेल रहा था। पड़ोसी यूपी की एक ताजा घटना देखें। वाराणसी के पास सोनभद्र में पिछले साल 28 दिसंबर को बैंक की लाइन में खडे. 65 वर्षीय रम्मन अचानक गिर गए। अस्पताल पहुंचने पर वह मृत पाए गए। सभी स्थानीय अखबारों में यह खबर छपी और उसकी सुर्खियों में केवाईसी को जिम्मेवार बताया गया। परिवार का आरोप था कि वह तीन दिन से पेंशन खाते की केवाईसी के लिए बैंक का चक्कर लगा रहे थे, लेकिन कभी सर्वर डाउन होने के कारण और कभी किसी और वजह से काम पूरा नहीं हो पा रहा था। इस घटना से देश के वित्त जगत को चौंक जाना चाहिए था। खाते में लेनदेन रुक जाए और?यूपीआई वगैरह के भुगतान ठप हो जाएं, तो हारी-बीमारी, आंधी-पानी, सर्दी-गर्मी में कितनी ही दूर स्थित बैंक ब्रांच तक लंबा सफर मजबूरी बन जाता है। देश में एक लाख साठ?हजार?से ज्यादा?बैंक शाखाएं हैं। लेकिन विसंगति है कि इनमें से बस 30 फीसदी ग्रामीण भारत में हैं, जहां देश की 60 फीसदी आबादी बसती है। शाखाओं के इस कम घनत्व के कारण ही वहां घर से बैंक शाखा तक का फासला कई किलोमीटर लंबा होता है।






सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

इस नई परेशानी के पीछे कौन है? जाहिर है जिस केंद्र सरकार ने हाल के वर्षों में देश के 53 करोड़ लोगों को जनधन खाता देने की ऐतिहासिक वित्तीय समावेशी योजना बनाई, वह क्यों चाहेगी कि खाता धारकों के साथ ऐसा सलूक हो। न ही रिजर्व बैंक चाहेगा, क्योंकि उसने तो वर्ष 2016 में जारी अपने मास्टर पॉलिसी डॉक्यूमेंट में साफ लिखा है कि केवाईसी में पहचान पत्र, पता, मोबाइल और ईमेल ही पर्याप्त हैं। यही नहीं, 6 नवंबर,?2024 को जारी नोटिफिकेशन में रिजर्व बैंक ने यह भी स्पष्ट कर दिया था कि अगर कस्टमर के केवाईसी में कोई बदलाव नहीं हुआ है, तो ईमेल से भेजा गया उसका सेल्फ डिक्लेरेशन भी सत्यापन के लिए पर्याप्त होगा। नियम यह भी है कि यदि कस्टमर सामान्य रिस्क श्रेणी वाला है, तो दस साल में एक बार सत्यापन भी मान्य होगा। मगर कितने बैंक हैं, जहां इन नियम-कायदों की अनदेखी नहीं हो रही??वित्तीय लेनदेन की निगरानी वाले बिचौलिए विभाग और कुछ रिटेल बैंक विलेन बनकर उभर रहे हैं। उधर अनेक केस स्टडी देख चुके विशेषज्ञ बताते हैं कि केवाईसी के बहाने बीमा या म्यूचुअल फंड जैसे थर्ड पार्टी प्रोडक्ट्स की बिक्री का माहौल बनाया जाता है। एक गंभीर खतरा यह भी है कि ग्राहकों की ताजा गोपनीय जानकारी का कीमती डाटाबेस निजी कंपनियों को बेचा जा सकता है। कई जगह गांव-देहात में जनधन खाते खोलने का टारगेट पूरा करने की होड़ में बैंक कर्मियों ने अपनी हड़बड़ी में केवाईसी की जानकारी दर्ज की थी। डाटा एंट्री ऑपरेटर और क्लर्कों के स्तर पर हुई गलतियां तो अपनी जगह हैं ही, कोढ़ में खाज की तरह आधार कार्ड में दर्ज हुई पुरानी गलतियां भी उनमें जुड़ जाती हैं। अब जब यह मोबाइल और पैन से लिंक हो गया है-उसकी एक-एक बारीकी नाजुक हो चली है। बेशक, ऑनलाइन धोखाधड़ी के चलते केवाईसी की पड़ताल आवश्यक है। लेकिन जिस तरह खाने में मक्खी गिरने के डर से आप रसोईघर पर ताला नहीं लगा सकते, उसी तरह दुरुपयोग के अंदेशे में किसी का अकाउंट नहीं फ्रीज किया जा सकता। अगर सरकारी विभाग साइबर अपराधियों से निपटने में सक्षम नहीं हैं या बैंकों में स्टाफ कम है, तो ये उनकी अपनी समस्याएं हैं। उनका खामियाजा आम खाताधारक क्यों भुगतें? केवाईसी की व्यवस्था खाताधारकों के लिए कष्टकारी नहीं, मददगार हो, क्या ऐसी व्यवस्था नहीं की जा सकती? उम्मीद है वित्त मंत्री एक नई, सरल केवाईसी नीति बनाने की दिशा में कदम उठाएंगी। एक तरफ दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों को छूट देने के कई प्रयास हो रहे हैं दूसरी तरफ ऐसे कड़े उपायों का कुछ विकल्प ढूंढा जाना चाहिए। जब रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर के ओटीपी से सारा लेनदेन संभव है तो केवाईसी क्यों नहीं?

# अंधविश्वास बन गया है कमाई का बड़ा साधन

## डायन और भूत भगाने के नाम पर लाखों कमा रहे हैं तंत्र मंत्र के ठेकेदार



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** इन दिनों अंधविश्वास या कहे डायन प्रथा सामाजिक कुरूतियों के साथ कमाई का अच्छा साधन बन गया है। तंत्र-मंत्र के ठेकेदार कहे जाने वाले ओझा गुनी गांव के किसी कमजोर महिला को डायन घोषित करने व भूत भगाने जैसे अंधविश्वास के रास्ते लाखों-हजारों रुपये भोले भाले व मासूम लोगों से ऐंठ रहे हैं। अंधविश्वास के नाम पर ग्रामीण क्षेत्र में यह एक कमाई का बड़ा साधन बन गया है। जिसका तोड़ अब तक प्रशासन की पास भी नहीं है। इंसान भले ही चांद तक पहुंच गया हो, वैज्ञानिकों की दिलचस्पी आज भी चंद्रमा में कम नहीं हुई है। देश जहां आधुनिकता व विकास के नए-नए आयाम गढ़ रहे हैं। वहीं पलामू का नावाबाजार विश्रामपुर प्रखंड का ग्रामीण क्षेत्र आज भी अंधविश्वास, जादू टोना, भूत प्रेत व डायन बिसाही जैसी कुप्रथा के मकड़जाल से नहीं निकल पाया है। वर्तमान परिदृश्य में ये सारी प्रथाएं यहां की सामाजिक संरचना का हिस्सा बन गई है। जिसके इर्द-गिर्द अंधविश्वास कमाई का एक साधन बनता जा रहा है। यही कारण है कि पिछले एक दशक में सैकड़ों लोगों की हत्या हो गई। इतना ही नहीं ओझा-गुणी, देवास या डलिया लगाकर किसी महिला को डायन घोषित कर दिया जाता है, वहीं कानून मूकदर्शक बनी रह जाती है।

### ग्रामीण क्षेत्र में है देवास या डलिया कुप्रथा का चलन

ग्रामीण क्षेत्रों में देवास या डलिया प्रथा का चलन है, जिसका आयोजन ओझा गुनी के द्वारा किया जाता रहा है। प्रखंड के लगभग आधा-दर्जन ग्रामीण क्षेत्र में इसका आयोजन किया जाता है। इस धार्मिक आयोजन में ही किसी महिला को डायन बताया बताया जाता है। इस तरह के आयोजन के माध्यम किसी भी महिलाओं को डायन बताते हुए उसका शोषण किया जाता है। यह समाज के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। कई मौके पर कमजोर या अकेली महिला को अंधविश्वास के माध्यम से निशाना बनाया जाता है। कई बार संपत्ति को हड़पने के लिए भी लोग इस तरह का कदम उठाते हैं व डायन बताकर प्रताड़ित करते हैं।

### जागरूकता अभियान चलाया जायेगा: थाना प्रभारी

नावाबाजा थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने कहा कि यह समाज के लिए बेहद गंभीर मामला है। इसे लेकर सघन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस कार्य में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों सहित प्रबुद्ध वर्ग के लोगों का सहयोग लिया जाएगा। अंधविश्वास को जड़ से समाप्त करने की दिशा में पहल की जरूरत है।

# गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर बैठक झंडोत्तोलन का समय निर्धारित



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को गणतंत्र दिवस को लेकर प्रमुख गायत्री देवी की अध्यक्षता में बैठक में प्रखंड के सरकारी कार्यालयों समेत स्कूलों में झंडोत्तोलन को लेकर समय निर्धारित किया गया। तय समय के अनुसार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रातः 8:30 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में 8:45 बजे, संकुल संसाधन चैनपुर में 9 बजे, व्यापार मंडल चैनपुर में 9:15 बजे,कृषि तकनीकी केंद्र में 9:30 बजे, पशुपालन विभाग में 9:40 बजे, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी का कार्यालय में 10 बजे, थाना परिसर में 10:10 बजे, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 10:25 बजे, नेहरू युवा केंद्र परिसर में 10:35 बजे, बुनियादी विद्यालय परिसर में 10:50 बजे,सतगुरु उच्च विद्यालय परिसर में 11:05 बजे, पैक्स कार्यालय में 11:20 बजे,पलामू वरिष्ठ नागरिक परिसर में 11:30 बजे झंडोत्तोलन होगा। बैठक में बीडीओ प्रदीप कुमार दास, जेपीएस राधेश्याम राम,सीआई शशि कुमार, प्रखंड कोऑर्डिनेटर अमित चौबे, एमओ अभिषेक कुमार, फॉरेस्टर राकेश पांडेय, पशु चिकित्सा पदाधिकारी इंद्रजीत सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नंदकिशोर तिवारी सहित कई पंचायत समिति मौजूद थे।

# धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में आती है सुख व समृद्धि: बैद्यनाथ



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि धार्मिक व अध्यात्मिक आयोजनों से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है। आज के इस भौतिकवाद युग में अध्यात्मक व धार्मिक आयोजनों से समाज में समसरता आती है। वह सोमवार को शहर के बाजारटांड़ के प्राचीन शिव मंदिर परिसर में स्थापित श्री शनि देव मंदिर के पांचवें वार्षिकोत्सव पर आयोजित भंडारा के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि श्री शनि देव मंदिर की प्रतिष्ठा दूर-दूर तक है। यही कारण है कि भंडारे में काफी संख्या में लोग पहुंचे हैं और प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इससे पहले पंडित अनिल मिश्रा के द्वारा हवन व पूर्णाहुति करायी गयी। इस अवसर पर बतौर मुख्य यजमान पंकज पांडेय सप्तनीक मौजूद थे। भंडारा में लातेहार समेत आस पास के क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री शनिदेव मंदिर के अध्यक्ष निर्मल कुमार महलका, राजधनी प्रसाद यादव, प्रमोद प्रसाद सिंह, विनोद कुमार महलका, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, सुशील कुमार अग्रवाल,संतोष कुमार अग्रवाल, गजेंद्र प्रसाद शौंडिक, महेंद्र प्रसाद शौंडिक, सुनील कुमार शौंडिक, मुरारी प्रसाद, मोती प्रसाद सोनी, विनोद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, राजू अग्रवाल, विजय प्रसाद गु?ता, मानस कुमार, सुभाष प्रसाद गुप्ता, चंद्रशेखर सिन्हा, रंजीत कुमार, दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

## मोटर पंखी खराब: पांच दिनों से जलापूर्ति ठप,बढ़ी परेशानी

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद स्थित देवरी में सोन नदी स्थित वाटर फिल्टर प्लांट में मोटर पंखी खराब होने से नगर पंचायत क्षेत्र सहित शहर में जलापूर्ति पांच दिनों से बाधित है। इससे ठंड के मौसम में भी लोगों को पीने के पानी का संकट गहराया है। नलों में पानी सप्लाई बंद होने के बाद पानी लाने की जुगाड़ में लोगों का भागदौड़ जारी है। वर्तमान में इनके बीच कई चापानल ही सहारा बना है। उपभोक्ताओं का कहना है कि प्राय: वाटर फिल्टर प्लांट में खराबी आने से जलापूर्ति बाधित होना आम बात हो गई है। मोटर जलने व तकनीकी खराबी की जलापूर्ति बाधित का मुख्य कारण भी बताया जाता रहा है। अब पंखी खराब होने से जलापूर्ति ठप हो गई है। नगर पंचायत कर्मियों का कहना है कि पंखी में खराबी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। वैसे इसे ठीक करने में चार-पांच दिन और समय लगने की संभावना है।

# मानक के अनुसार नहीं किया कराया जा रहा आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण

**नवीन मेल संवावददाता**

**उंटारी रोड।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड के जोगा पंचायत अंतर्गत कुल्ही गांव में आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण में मानक अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है। सामग्री में भी खानापूर्ती की जा रही है। आरोप है कि गुणवत्ता विहीन हो रहे कार्य का विरोध होने के बाद भी निर्माण एजेंसी मनमानी कर रही है। रविवार को कुछ ग्रामीणों ने गुणवत्ता के विरूद्ध हो रहे निर्माण कार्य की वीडियो बनाकर उंटारी रोड बीडीओ से शिकायत किया है। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी होने के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। विभागीय अधिकारियों तक शिकायतें तो पहुंचती हैं, लेकिन जांच में खानापूर्ती व लेन-देन कर मामला रफा-दफा कर दिया जाता है। निर्माण कार्य मानक के नियमों को ताक पर रख कर आंगनबाड़ी केंद्र के भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। आरोप है कि ठेकेदार द्वारा मानक के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है। जबकि मानक के अनुरूप, सीमेंट, सरिया नहीं लगाई गई है। अभियंता के गैर मौजूदगी में कार्य किया जा रहा है। गुणवत्ता विहीन निर्माण की जानकारी मिलने पर उंटारी रोड बीडीओ श्रवण भगत ने भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। इस संबंध में उन्होंने बताया की भवन का छत ढ़लाई कनीय अभियंता के गैर मौजूदगी में किया जा रहा था। बीम की ढ़लाई में भी वाइब्रेटर मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा था। संवेदक से बात करने कहा कि काम ठीक से हो रहा है। जेई को और भी कई काम है, इसलिए नहीं आयेंगे। इस संबंध में जांच कराकर कार्रवाई का भरोसा दिया है।



## न्यूज बॉक्स

### बीईईओ ने वार्षिक वेतन वृद्धि व सेवा सत्यापित किया



**हुसैनाबाद।** क्षेत्र शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कौलेश्वर दास ने जनवरी माह में नियुक्ति तिथि अंतर्गत आन वाले शिक्षकों का वार्षिक वेतन वृद्धि एवं सेवा सत्यापित किया। हुसैनाबाद प्रखंड सचिव निर्मल कुमार, वरीय शिक्षक अंगद प्रसाद व शंकर पासवान द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। साथ ही शिक्षक अंगद प्रसाद द्वारा रचित पुस्तक भेंट की गयी। अजाप्टा हुसैनाबाद के अध्यक्ष जुबैर अंसारी व सचिव निर्मल कुमार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अहर्निश शिक्षकों के लिए सदैव खड़े रहते हैं और प्रतिवर्ष सामूहिक रुप से जुलाई व जनवरी माह में यह कार्य कराते रहें हैं। इस आशय की जानकारी वरीय शिक्षक राजेश कुमार गुप्ता ने दी।

### स्कूल प्रबधन समिति के अध्यक्ष चुने गए उपेंद्र कुशवाहा



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पीएमश्री अपग्रेडेड प्लस टू हाई स्कूल के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव किया गया। सोमवार को इसके लिए वरिष्ठ नागरिक रामजन्म राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पहले 6-6 (महिला-पुरुष) सदस्यों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बाद में इन्हीं सदस्यों ने अध्यक्ष पद के दो दावेदार के बीच मतदान की प्रक्रिया में भाग लिया। इसमें उपेंद्र कुशवाहा (शिलापर) ने दूसरे दावेदार सिद्धार्थ कुमार को मात दे दी। उपेंद्र कुशवाहा को 8 जबकि सिद्धार्थ कुमार को 4 सदस्यों का ही मत मिला। इस प्रकार उपेंद्र कुशवाहा को अध्यक्ष चुना गया। वहीं कंचन देवी उपाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुनी गई। इसके साथ ही सरस्वती वाहिनी माता समिति की रीता देवी संयोजिका चुनी गई। इनके अलावा समिति में सोनी कुमारी, कविता देवी, शीतल देवी, रानी देवी, सिद्धार्थ कुमार, आनंद कुमार मेहता, जितेंद्र कुमार, अजय कुमार कुशवाहा, मो. जेनरल (सदस्य), रिजवान शाहिद, कांति रमन सिंह, रामनाथ राम (शिक्षक प्रतिनिधि) और समीक्षा कुमारी (छात्र प्रतिनिधि) शामिल किए गए हैं। बैठक में बतौर पदेन सचिव स्कूल के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह, पर्यवेक्षक अरविंद कुमार सिंह, कुंदन कुमार मेहता (सीआरपी) के अलावा युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता अन्य कई शिक्षक व अभिभावक शामिल थे।

### कृषि संबंधी विचार गोष्ठी और प्रशिक्षण का आयोजन

**मोहम्मदगंज।** झारखंड नवीनीकरण ऊर्जा विकास एजेंसी (जेरेडा) की ओर से कृषि क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण और अन्य संबंधित हितकारकों को लेकर विचार गोष्ठी और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को पंसा पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अधौरा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, मुखिया विकास सिंह और बीएओ नौशाद आलम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कायकर्म में किसान, कृषि मित्र और महिला समूह की दीदीयां शामिल थे। इनमें मुख्य रूप से प्रियका कुमारी, सुलेखा, कुमारी दीपक मेहता, राजनाथ सिंह, रामप्रवेश सिंह, सन्तोषी देवी, संतोष मेहता और अन्य कई के नाम शामिल हैं। बीएओ नौशाद आलम ने ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, ड्रीप एरिगेशन और स्प्रिंकेल सिस्टम बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। युवा समाज सेवी अश्विनी कुमार सिंह ने विषय से अलग हटकर पीएम किसान समृद्धि योजना के फार्म भरने में फजीर्वाड़ा के संकेत देते हुए इसे रोकने की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले सामने आए हैं। उन्होंने मौके पर किसानों को इस संबंध में संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से परामर्श व जानकारी के बाद फार्म भरवाने की सलाह दी।

# नीलगायों से फसलों के नुकसान का एक माह बाद भी नहीं मिला मुआवजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** नीलगायों से फसलों के नुकसान की समस्या को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पिछले दिनों पलामू दौरा क्रम में गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को किसानों को इसकी क्षतिपूर्ति की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। बावजूद इसके इस दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है। 12 दिसंबर को स्थानीय वनों के क्षेत्र कार्यालय में पहुंच कर हैदरनगर के गोल्हना निवासी युवा किसान अंकू सिंह राणा ने नीलगायों से उनकी फसलों के नुकसान को लेकर मुआवजा दिलाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद आवेदन किया था। मगर इसके एक माह बाद भी सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है। उन्होंने बताया कि उस समय उन्हें कहा गया था कि दो दिन बाद स्थलीय जांच की जाएगी। तत्पश्चात मुआवजा दिलाने की दिशा में कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी। लेकिन दो दिन बीते काफी समय हो गया। आज तक कोई नहीं आया। इससे मामले को लेकर किसानों को नीलगायों से फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाने में उदासीनता बात सामने आई है।



### गंभीर रूप धारण कर चुका है नीलगायों का आतंक

नीलगायों से नुकसान को लेकर मुआवजा दिलाने में संबंधित अधिकारियों की उदासीनता, तो दूसरी ओर नीलगायों के रोज आतंक ने किसानों की चिंता को बढ़ा दिया है। रात तो रात दिन में भी नीलगायों का झुंड उनकी लहलहाती फसलों पर धावा बोल देता है। इससे उनकी परेशानी का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। उनकी रातों की नींद और दिन का चैन छिन गया है, क्योंकि उनकी बड़ी पूंजी निवेश और मेहनत से उगाई गई फसल नीलगाय के कारण नष्ट हो रही है। नीलगायों के आतंक और उनसे फसलों की नुकसान से पीड़ित रामजन्म राम, कृष्णा यादव, कमलेश मेहता, रामाधार यादव व अन्य कई किसानों ने कहा कि समस्या बड़ी चुनौती बन गई है। एक तो मुआवजा दिलाने के प्रति उदासीनता है। वहीं, दूसरी नीलगायों के हमले से फसलों का बचाव बड़ी चुनौती है। उन्होंने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाधान की दिशा में ठोस और कारगर उपाय करने की जरूरत पर बताया है। उन्होंने किसान संगठनों और संबंधित अधिकारियों को नीलगायों के आतंक से मुक्ति और उनसे फसलों के नुकसान को लेकर मुआवजा दिलाने के मामले में योजनाबद्ध तरीके से अभियान चलाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो यह मुद्दा और गंभीर हो सकता है। किसानों का जीवन संकट में पड़ सकता है। किसानों की यह स्थिति और नीलगायों से फसलों की सुरक्षा एक बड़ी समस्या बन चुकी है।

# देवी प्राण प्रतिष्ठा सह शतचंडी महायज्ञ को लेकर ध्वज स्थापित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पोल्डीह जगदीशपुर गांव में देवी प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ को लेकर सोमवार को ध्वज स्थापित किया गया। इसके पूर्व यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय ने नव निर्मित देवी मंदिर स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत ध्वज पूजन किया। इसके बाद ध्वज के साथ यज्ञाचार्य के नेतृत्व में ढोल-बाजे के साथ ग्रामीणों ने गांव भ्रमण किया। इस क्रम में भ्रमण में शामिल लोगों ने जय माता दी, मातारानी की जयकारे के साथ गांव स्थित शिव मंदिर व हनुमान मंदिर पहुंचे। पूजन के बाद पुनः लोग देवी पहुंचे। वहां यज्ञाचार्य द्वारा विधिवत ध्वज स्थापित किया गया। समिति के लोगों ने बताया कि महायज्ञ को लेकर आगामी 16 फरवरी को भव्य जलयात्रा,17 को अग्नि प्रवेश,18 को अधिवास,19 को नगर भ्रमण,20 को प्राण प्रतिष्ठा,21 को हवन व महाभंडारा के साथ महायज्ञ की पूणार्हुति होगी। इस दौरान 16 फरवरी से अपराह्न 3:00 बजे से 6:00 बजे तक प्रयागराज के पंडित मनोज कृष्ण महाराज जी द्वारा संगीतमय प्रवचन दी जाएगी। महायज्ञ समिति के लोगों ने सभी धमानुर्रागियों से महायज्ञ में शामिल होकर तन मन धन से सहयोग कर पुण्य का भागी बनने की अपील की है। नगर भ्रमण के दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



## एक नजर

### किसान मेला में 35 किसानों ने भाग लिया



**उंटारी रोड।** कृषि विभाग के तत्वावधान में सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी कार्यक्रम में प्रखंड के किसानों ने भाग लिया। किसान मेला में पलामू जिला में हो रहे खेती का प्रदर्शनी में लगाए गए फसलों को बारीकी से देखा और अपने खेतों में लगाने का महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त किया।

## आयोजन

## एनीमिया के 11 बच्चे चिह्नित, 47 का बना आयुष्मान और आभा कार्ड

# स्वास्थ्य मेला में 610 मरीजों का निःशुल्क इलाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद\मोहम्मदगंज।** सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अधौरा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला में 610 मरिजो का निःशुल्क इलाज किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी हुसैनाबाद गौरांग महतो , सिविल सर्जन पलामू डॉ. अनिल सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशिभूषण , युवा प्रतिनिधि आरोग्य समिति नितिश सिंह , मुखिया विकास सिंह , आश्विनी सिंह के द्वारा किया गया। इसमे टीबी, मलेरिया, कुष्ठ, हड्डी, आंख, गर्भवती, कैंसर नियंत्रण, आयुष्मान कार्ड, ओरल कैंसर, आयोडिन, सामान्य चिकित्सा, दंत चिकित्सा व अन्य विभागों का कैंप लगाया गया था। स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में सभी विभागों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर , सीएचओ , एएनएम उपस्थित थे। स्वास्थ्य मेला में 47 लोगों का आयुष्मान कार्ड और आभा कार्ड बना, 4 लोगों का टेली कंसल्टेशन हुआ, 20 लोगों का मोतियाबिंद के लिए स्क्रीनिंग हुआ, एक गर्भवती महिला का पंजीकरण हुआ। पांच महिलाओं का थर्ड एएनसी हुआ और आयरण कैल्सियम की गोली बंटी। 151 बच्चों का एनीमिया जांच हुआ, जिसमें 11 बच्चे एनीमिक पाए गए, इसके साथ ही परिवार नियोजन, मलेरिया, कुष्ठ, टीबी का जांच कराया गया। 137 लोगों का बीपी और शुगर जांच किया गया, मौके पर डॉ. शशि भूषण, डॉ. अजय, डॉ. मंजूर आलम, डॉ. प्रसिद्ध नारायण सिंह, डॉ. सरोज के साथ प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रेममणि सुधांशु, प्रखंड डाटा प्रबंधक रणजीत कुमार मेहता सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का जांच कर दी गई दवा

नौडीहा बाजार। प्रखंड के राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन अनुमंडलीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश अग्रवाल, जिला परिषद सदस्य सुदामा प्रसाद, प्रखंड प्रमुख रेशम कुमारी, प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी रामनारायण खलको, मुखिया निर्मला देवी ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। मौके पर डॉक्टरों की टीम ने मोतियाबिंद, हार्निया, बीपी सहित कई अन्य रोगियों की जांच किया। साथ दवा भी दिया गया। जिला परिषद सदस्य सुदामा पासवान ने कहा कि अगर प्रखंड में हर माह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाए तो इस क्षेत्र के गरीबों का इलाज अच्छी ढंग से यहीं पर हो सकता है, मगर केवल सरकार द्वारा शिविर के नाम पर खानापूर्ति नहीं होना चाहिए। जिला परिषद सदस्य ने मांग की कि प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य केंद्र है, मगर डॉक्टर के अभाव में कोई इलाज सही ढंग से नहीं हो पता है, जिसके चलते झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराना मजबूरी हो जाता है। चिकित्सा पदाधिकारी राजेश अग्रवाल ने कहा कि प्रखंड में स्वास्थ्य केंद्र में सप्ताह में दो डॉक्टर बैठेंगे और उनका इलाज भी यही होगा। मौके पर अमित मिश्रा, आलोक यादव, रोशन सिंह, विजय सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### शिवाजी मैदान में जिला स्तरीय किसान मेला का झारखंड के वित्त मंत्री ने किया उद्घाटन

# कृषि मेरा पसंदीदा विभाग, किसानों की हर संभव मदद सरकार का लक्ष्य : राधा कृष्ण किशोर

**कृषि और पशुपालन पर खास जोर**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के शिवाजी मैदान में पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, उप विकास आयुक्त सबिर अहमद और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।





**16 से अधिक विभागों ने लगाए स्टॉल :** मेले में सैनिक चिकित्सा विभाग, जिला सहकारिता विभाग, जिला पशुपालन विभाग, जिला उद्यान विभाग और जिला संरक्षण विभाग समेत 16 से अधिक विभागों ने अपने स्टॉल लगाए। इन स्टॉल्स में किसानों के लिए नई तकनीकों और योजनाओं की जानकारी दी गई। मेले का मुख्य आकर्षण टपक सिंचाई प्रणाली रही।

जिला कृषि अभियंता ने संजीत कुमार और प्रकाश खाल को बताया कि इस प्रणाली से पानी की बबार्दी पूरी तरह से रुक जाती है। पाइप के माध्यम से पौधों की जड़ों तक पानी पहुंचाया जाता है। सब्जी और आलू की खेती में यह प्रणाली बेहद फायदेमंद साबित हो रही है। इसके उपयोग से आलू एक समान आकार में उगते हैं और खाद व पानी एक साथ दिया जा सकता है।

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने मेले में लगाए गए स्टॉल्स का दौरा किया और उनकी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कृषि मेरा शुरू से पसंदीदा विभाग रहा है। मैं कृषि पदाधिकारी का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया।

उन्होंने पलामू जिले की कृषि क्षमता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिले में 1.94 लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है, जबकि 6,500 हेक्टेयर बंजर भूमि को उपयोगी बनाना एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अच्छी बारिश हुई है, जिससे किसानों को लाभ हुआ। मंत्री ने हरियाणा, पंजाब और महाराष्ट्र जैसे राज्यों का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां कम वर्षा (600-700 मिमी) के बावजूद बेहतर फसल उत्पादन होता है, जबकि हमारे क्षेत्र में 650-700 मिमी बारिश के बावजूद फसल उत्पादन कमजोर रहता है। उन्होंने इस दिशा में सुधार के लिए किसानों और कृषि अधिकारियों को मिलकर काम करने की सलाह दी।

**मछली और दूध उत्पादन पर जोर :** मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने मत्स्य पदाधिकारी से जिले में मछली उत्पादन की जानकारी ली और इसे बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मछली उत्पादन इतना बढ़ाया जाए कि पलामू से अन्य जिलों में मछली की आपूर्ति की जा सके।

उन्होंने पशुपालन विभाग को दुधारू गायों के वितरण में ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता देने और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया।

वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि से जुड़ी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार का प्राथमिक उद्देश्य है। उन्होंने सभी विभागों से आपसी समन्वय बनाकर अधिकतम किसानों को लाभ पहुंचाने की अपील की।

# महिला प्रसूति व स्त्री रोग ओपीडी में भारी भीड़, अव्यवस्थाओं से मरीज परेशान

**● जगह की कमी और लाइन की व्यवस्था न होने से महिलाओं को इलाज में हो रही परेशानी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ठंड कम होते ही महिला प्रसूति एवं स्त्री रोग (महिला) ओपीडी में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में महिलाओं के पहुंचने से स्थिति इतनी बिगड़ गई कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन को बीच में हस्तक्षेप करना पड़ा।



**भीड़ और व्यवस्था का अभाव**

जगह की कमी और ओपीडी में लाइन की कोई व्यवस्था न होने के कारण रजिस्ट्रेशन में काफी देरी हो रही थी। भीड़ इतनी अधिक थी कि महिलाओं को इलाज कराने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। ओपीडी के रजिस्टर में नाम लिखने में भी अव्यवस्था देखी गई।

**बिजली कटौती ने बढ़ाई परेशानी**

दोपहर करीब 1:04 बजे अस्पताल में अचानक बिजली चली गई, जिससे करीब 10 मिनट तक पूरा परिसर अंधेरे में डूबा रहा। इस दौरान नर्सों और मरीजों के परिजनों को मोबाइल टॉर्च का इस्तेमाल करते हुए काम करना पड़ा। नर्सों को मोबाइल की रोशनी में रजिस्टर में नाम लिखना पड़ा, जिससे अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर सवाल खड़े हो गए।

**मरीजों की मांग: अव्यवस्थाओं को करें दूर**

भीड़ और अव्यवस्थाओं से परेशान मरीजों और उनके परिजनों ने मांग की है कि ओपीडी में जगह बढ़ाई जाए, लाइन की उचित व्यवस्था की जाए और बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि इलाज में किसी तरह की बाधा न हो।


अस्पताल प्रशासन को जल्द से जल्द इन समस्याओं का समाधान करना होगा, अन्यथा मरीजों की परेशानियां बढ़ती रहेंगी।

### विद्यालय में चोरी : 1 क्विंटल चावल, दाल और गैस सिलेंडर गायब, प्रधानाध्यापक ने दर्ज करवाई शिकायत

**पांकी।** प्रखंड के डंडार कला स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खाड़पर में रविवार देर रात चोरी की घटना हुई। सोमवार सुबह शिक्षक ने विद्यालय पहुंचकर देखा कि रसोई घर और कार्यालय का ताला टूटा हुआ है और गेट खुला हुआ है। जांच करने पर कार्यालय का सामान सुरक्षित मिला, लेकिन रसोई घर से लगभग 1 क्विंटल 60 किलो चावल, 20 किलो दाल, गैस चूल्हा और दो गैस भरे सिलेंडर गायब थे।

प्रधानाध्यापक राजेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी पांकी थाने और शिक्षा विभाग को दे दी गई है। उन्होंने कहा कि विद्यालय एकांत में स्थित है, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। शिकायत के साथ कार्रवाई की मांग की गई है। ग्रामीणों और विद्यालय प्रबंधन समिति को भी घटना की सूचना दी गई है।

# संत मरियम आवासीय विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक संवाद कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत मरियम आवासीय विद्यालय ने टाउन हॉल में अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने और अभिभावकों व शिक्षकों के बीच मजबूत साझेदारी स्थापित करने के उद्देश्य से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, मेंटर्स एडुसर्व के रीजनल डायरेक्टर राहुल राजा, उपप्राचार्य एस.बी. शाहा और प्रवीण दुबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने अभिवादन गीत और तिलक लगाकर उपस्थित अभिभावकों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने छात्रावास में बच्चों की दिनचर्या, भोजन, स्वास्थ्य, सुरक्षा और शैक्षणिक व्यवस्थाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने अभिभावकों के सुझावों को भी महत्व दिया। प्रवीण दुबे ने इंटीग्रेटेड स्कूल विद कोचिंग प्रोग्राम के तहत उच्च स्तरीय परीक्षाओं की तैयारी के लिए श्रेष्ठ शिक्षकों की उपलब्धता की जानकारी दी। चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि अभिभावकों की भागीदारी बच्चों के भविष्य निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अभिभावक-शिक्षक संवाद का उद्देश्य बच्चों के शैक्षणिक प्रगति और समग्र विकास के लिए सकारात्मक संबंध स्थापित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मंच दो-तरफा संवाद को प्रोत्साहित करता है, जिससे अभिभावक और शिक्षक बच्चों की आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने संगीत, नृत्य और नाटक की शानदार प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान संगीत प्रशिक्षक श्याम किशोर पांडे, नृत्य प्रशिक्षक पूजा चंद्रवंशी और संतन कुमार का विशेष योगदान रहा।

उपप्राचार्य एस.बी. शाहा और रूपम कोसनम ने किया। समन्वयक रिजवाना प्रवीण, रोशन राज, विकास विश्वकर्मा सहित अन्य शिक्षक भी सक्रिय भूमिका में रहे।

### एमएमसीएच में छापेमारी के दौरान सरकारी काम में बाधा डालने वाले छात्रों पर होगी कार्रवाई

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में शनिवार शाम को हुई छापेमारी के दौरान सरकारी काम में बाधा डालने और टीम के साथ दुर्व्यवहार करने वाले मेडिकल छात्रों पर कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम सुलोचना मीणा के नेतृत्व में हुई इस छापेमारी में बॉयज हॉस्टल के करीब 15 कमरों से शराब की बोतल, गांजा, सिगरेट और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई थी। इसके बाद छात्रों ने छापेमारी का विरोध किया, मुख्य दरवाजे पर ताला लगाकर टीम को बंधक बनाने की कोशिश की और मोबाइल तस्वीरें डिलीट करवा दीं। छात्र कॉलेज प्राचार्य पर बेवजह परेशान करने का आरोप लगाते हुए तीन घंटे तक हंगामा करते रहे। एसडीएम सुलोचना मीणा ने कहा कि वीडियो फुटेज और तस्वीरों के आधार पर हंगामा करने वाले छात्रों की पहचान की जा रही है, और उन पर जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### निगम टीम ने बाजार क्षेत्र में अभियान चलाया, दुकानदारों को मासिक किराया भुगतान और तिरपाल हटाने का निर्देश

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की राजस्व शाखा ने मुख्य बाजार क्षेत्र में अभियान चलाकर दुकानदारों को कई निर्देश दिए। दुकानदारों को सभी दुकानों के सामने से तिरपाल हटाने और निगम द्वारा आवंटित दुकानों में ही व्यवसाय चलाने का आदेश दिया गया। नगर निगम ने पहले ही अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया था, लेकिन दुकानदारों द्वारा सामान बाहर रखे जाने पर उन्हें चेतावनी दी गई कि ऐसा करने पर निगम सामान उठा लेगा और जुमार्ना भी वसूला जाएगा। साथ ही, दुकानदारों को मासिक किराया समय पर जमा करने का निर्देश दिया गया, और यह चेतावनी दी गई कि इसे अनदेखा करना भारी पड़ सकता है। सिटी मैनेजर शमिता भगत ने बताया कि एलआईसी बिल्डिंग रोड पर सफेद लाइनिंग की गई है, लेकिन फुटपाथ विक्रेताओं द्वारा उसे पार कर दुकान चलाने पर भी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में सिटी मैनेजर दिलीप कुमार, टैक्स दारोगा प्रदीप मेहता और कनीय अभियंता भी शामिल थे।

### वाहन चेकिंग के दौरान लूट की मोटरसाइकिल बरामद, एक गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पुलिस कप्तान द्वारा जिले के सभी थानों को वाहन चेकिंग अभियान चलाने का आदेश दिया गया था। इसी क्रम में रविवार को तरहसी थाना पुलिस ने सरैया मंझगावां अमानत पुल के पास चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल को देख पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन मोटरसाइकिल सवार ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने तत्परता से उसे पकड़ लिया। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपनी पहचान पवन सिंह (उम्र 19 वर्ष, पिता अजय कुमार सिंह, ग्राम पतिला, थाना तरहसी) के रूप में दी। जब पुलिस ने वाहन के कागजात मांगे, तो उसने कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। जांच में पता चला कि मोटरसाइकिल का इंजन नंबर और चेसिस नंबर अलग-अलग थे और उस पर लगा नंबर प्लेट किसी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल का था।पूछताछ में पवन सिंह ने स्वीकार किया कि उसने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सितंबर माह में लातेहार जिले के बरवाडीह से एक व्यक्ति को चाकू मारकर घायल कर मोटरसाइकिल लूट ली थी। लूट के बाद उसने मोटरसाइकिल का असली नंबर हटा दिया और फर्जी नंबर लगा दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। इस छापेमारी में तरहसी थाना पुलिस और सशस्त्र बल के कर्मी शामिल थे।

### पाइप बिछाने से सड़कों पर बढ़ी फिसलन, लोगों को हो रही परेशानी

**मेदिनीनगर।** निगम क्षेत्र में जलापूर्ति योजना के फेज टू के तहत सड़कों को पाइप बिछाने के लिए खोदने के बाद उसे मिट्टी से भरने के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों में हो रही फिसलन से मोहल्ले के लोग खासकर स्कूली बच्चे और दोपहिया वाहन चालक परेशान हैं। शहर के हमीदगंज वार्ड संख्या 11 में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। यहाँ पर पहले से जलापूर्ति के पाइप कई जगहों से फटे हुए हैं, जिससे पानी सड़कों पर फैल जाता है। इसके बाद खोदी गई सड़कों पर मिट्टी फैलने से स्थिति और भी बदतर हो गई है। निगम द्वारा 165 करोड़ रुपए की लागत से जलापूर्ति के फेज टू का कार्य चल रहा है। हालांकि, सड़कों के पुनर्निर्माण की जरूरत महसूस की जा रही है, ताकि आम लोगों को आवागमन में कोई कठिनाई न हो।

### सीएसी सेंटर का उद्घाटन, छात्रों के भविष्य निर्माण का नया प्रयास

**मेदिनीनगर।** आबादगंज स्थित मिशन स्कूल रोड पर सीएसी (कॉलेज एप्लीकेशन सेंटर) का उद्घाटन झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सेंटर के प्रोपराइटर अमरदीप तिवारी ने कहा कि यह केंद्र छात्रों के उज्जवल भविष्य को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है। सेंटर में विशेषज्ञ काउंसलर्स बाहर से आकर छात्रों की काउंसलिंग करेंगे। साथ ही, सेमिनार के माध्यम से छात्रों को सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। अमरदीप तिवारी ने कहा कि यह सेंटर उन छात्रों के लिए मददगार साबित होगा जो उचित संस्थान का चयन कर अपने करियर को बेहतर बनाना चाहते हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीनानाथ तिवारी, कामेश्वर तिवारी, रामाशीष पांडे, राजू रंजन सिंह, अरविंद सिंह, प्रभात तिवारी, अभिषेक कुमार, आलोक सिंह, अमित सिंह और शशि शुक्ला सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ठेमा गांव में अंडरपास की मांग को लेकर सड़क पर प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** सोमवार को ठेमा गांव के ग्रामीणों ने निमार्णाधीन एनएच 39 पर अंडरपास की मांग को लेकर सड़क पर बैठकर करीब 4 घंटे तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान सड़क को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया, जिससे निर्माण कार्य ठप हो गया। धरने में भाग लेने वाले प्रमुख व्यक्तियों में मुखिया प्रतिनिधि शंभू उरांव, अरविंद कुमार सिंह, दीपक कुमार, नंददेव सिंह, यमुना सिंह, गणेश्वर सिंह, अनिल सिंह, मनोज सिंह, पंपू सिंह समेत अन्य सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।



अंचलाधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और मामला सुलझाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में कंपनी के प्रशासनिक अधिकारी सुजीत कुमार और राजेश कुमार पांडे ने भी हस्तक्षेप किया और सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए।

सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि यह सड़क पलामू जिले को किव नेशनल पार्क से जोड़ने का महत्वपूर्ण हिस्सा है, और अंडरपास की आवश्यकता है ताकि सड़क से होकर गुजरने वाली जनता को कोई हादसा न हो। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि प्रशासन इस मामले में जल्द निर्णय नहीं लेता है, तो वे उपायुक्त से मिलने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल भेजेंगे ताकि अंडरपास के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू किया जा सके।

यह सड़क लातेहार के उदयपुरा तक बनाई जा रही है, और इसके निर्माण के बाद क्षेत्रीय यातायात में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

### डयूटी टाइम में अस्पताल में रहना अनिवार्य, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : एसडीएम

**मेदिनीनगर।** मेदिनीरा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के गोलघर में एसडीएम सुलोचना मीणा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें अस्पताल अधीक्षक डॉ. डी. कुमार, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, विभिन्न विभागों के एचओडी, एसआर, जेआर और अस्पताल मैनेजर सुमित श्रीवास्तव उपस्थित थे। बैठक में एसडीओ सुलोचना मीणा ने डॉक्टरों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित समय पर अस्पताल पहुंचें और अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से निभाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल में उपलब्ध दवाइयों को ही मरीजों को लिखें। अगर कोई दवा स्टॉक में उपलब्ध नहीं है, तो उसकी सूचना प्रबंधन को दी जाए।

**निजी प्रैक्टिस पर चेतावनी :** मीणा ने कहा कि डॉक्टरों के प्राइवेट हॉस्पिटल में बैठने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन ड्यूटी के समय में अस्पताल में उनकी उपस्थिति अनिवार्य है। यदि कोई डॉक्टर ड्यूटी के दौरान अपने विभाग में अनुपस्थित पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह बैठक अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने और डॉक्टरों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

### एएसआई अजय कंडूलना का निधन पुलिस विभाग में शोक की लहर

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस लाइन में तैनात एएसआई अजय कंडूलना (उम्र 45 वर्ष) का रविवार रात इलाज के दौरान निधन हो गया। जानकारी के अनुसार, अजय कंडूलना मेदिनीनगर शहर थाना के सरकारी क्वार्टर में रहते थे और पुलिस लाइन में अपनी ड्यूटी निभाते थे। कुछ दिन पहले वह छुट्टी लेकर धनबाद अपनी पत्नी से मिलने गए थे। वहां अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। परिजनों ने उन्हें धनबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अजय कंडूलना के निधन से उनके परिजन शोक में हैं और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना से पुलिस महकमे में भी शोक की लहर फैल गई है। पलामू पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष बबलू कुमार, उपाध्यक्ष सुनील कुमार और अन्य पदाधिकारियों ने अजय कंडूलना को विनम्र श्रद्धांजलि दी। बबलू कुमार ने कहा कि दुख की इस घड़ी में पलामू पुलिस परिवार मृतक के परिवार के साथ खड़ा है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि अजय कंडूलना के निधन से विभाग में गम का माहौल है। उनकी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा को सभी याद कर रहे हैं। पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील सिन्हा ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि विभाग ने एक कर्तव्यनिष्ठ और व्यवहार कुशल अधिकारी को खो दिया है।

### गजल संग्रह 'बोलता दर्पण' का भव्य लोकार्पण

# संग्रह साहित्य जगत में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करेगा : केएन त्रिपाठी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गजलकार उमेश कुमार पाठक 'रेणु' के गजल संग्रह 'बोलता दर्पण' का भव्य लोकार्पण उनके गाँव लोहड़ी में आयोजित एक शानदार समारोह में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक और ज्योतिषी विजयानंद पाठक सरस्वती ने की, जबकि संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी, अखिल भारतीय पंचायत परिषद के झारखंड अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ तिवारी, कवि की मां शकलावती पाठक, युवा नेता अमित तिवारी, वरिष्ठ कवि श्रीधर द्विवेदी, साहित्यकार डॉ विजय प्रसाद शुक्ल, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक हरिवंश प्रभात, कलाकार रविशंकर पाण्डेय, कवयित्री ममता झा, और अन्य प्रतिष्ठित साहित्यकारों ने भाग लिया।



संगीतमंच पर प्रसिद्ध शास्त्रीय कलाकारों रमेश पाठक, सच्चिदानंद तिवारी, भूपेश शर्मा, पवन शर्मा, सुमन मिश्रा और राजेंद्र स्वर्णकार ने रेणु की गजलों को संगीतबद्ध कर दिया। इस उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए अध्यक्ष विजयानंद सरस्वती ने 500 रुपये का इनाम दिया।

कार्यक्रम की सफलता में बीइइओ अमरेन्द्र पाठक, प्रेम प्रकाश दूबे, मृत्युंजय पाठक, दिनेश पाठक, त्रिपुरारी पाठक, अंकेश पाठक, नागेन्दु पाठक और सिंधु कुमारी का योगदान सराहनीय रहा।

मुख्य अतिथि के.एन. त्रिपाठी ने 'बोलता दर्पण' की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह गजल संग्रह साहित्य जगत में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करेगा। विशिष्ट अतिथि रवीन्द्रनाथ तिवारी ने इसे साहित्य की एक उत्कृष्ट कृति माना। साहित्य मर्मज्ञ श्रीधर द्विवेदी ने गजल लेखन के इतिहास को वर्तमान से जोड़ते हुए इसे समकालीन श्रेष्ठ गजल संग्रह बताया।

डॉ विजय प्रसाद शुक्ल ने 'बोलता दर्पण' को साहित्य की कसौटी पर खरा और बेजोड़ बताया, जबकि कवि रविशंकर पाण्डेय ने हिंदी-उर्दू शब्दों के कलात्मक प्रयोग की तारीफ की। इस मौके पर सभी उपस्थित साहित्यकारों ने रेणु की गजलों को विभिन्न अंदाज में प्रस्तुत किया।

समारोह में उपस्थित साहित्य प्रेमियों और ग्रामीणों ने कवि की रचनाओं की सराहना की। कवि उमेश कुमार पाठक 'रेणु' ने अपने ग्रामीण परिवेश और रचनात्मक प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

### खास महाल लीज सरलीकरण पर जल्द हो सकता है समाधान : आनंद शंकर



**मेदिनीनगर।** पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आनंद शंकर ने बताया कि खास महाल लीज के सरलीकरण को लेकर सरकार गंभीर है और इसका समाधान जल्द हो सकता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में पलामू चेंबर के नेतृत्व में झारखंड चैंबर की एक कार्यकारी बैठक डाल्टनगंज में आयोजित की गई थी। इसमें टाउन लीज नवीनीकरण के सरलीकरण और लीज दरों को पूर्व की भांति न्यूनतम करने के लिए सरकार से वार्ता करने पर सहमति बनी थी। झारखंड चैंबर की एक समिति ने रांची लौटने पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मुलाकात की और उन्हें खास महाल लीज की जटिलताओं से अवगत कराया। इस पर मंत्री ने कहा कि मैं डाल्टनगंज का रहने वाला हूं और इस समस्या को गहराई से समझता हूं। इसका समाधान जड़ से किया जाएगा। मंत्री ने यह भी बताया कि वह पलामू चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर और सांसद बीडी राम के साथ इस विषय में मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से कई बार मुलाकात कर चुके हैं। हालांकि, अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है, लेकिन अब इसे प्राथमिकता में रखा गया है और जल्द ही इसका निवारण होगा।

**चेंबर अध्यक्ष का भरोसा :** आनंद शंकर ने कहा कि मंत्री राधाकृष्ण किशोर खास महाल लीज से जुड़े हर पहलू को गहराई से समझते हैं। उनके प्रयासों से अब यह तय है कि इस समस्या का समाधान जल्द होगा। उन्होंने आशा जताई कि सरकार के इस कदम से व्यापारियों और आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

## एक नजर

### सीओ ने सहायक को हटाया

**भवनाथपुर।** कैलान के ग्रामीणों ने सीओ शंभू राम से अंचल कार्यालय के सहायक द्वारा चेक स्लिप पर सीओ से हस्ताक्षर करने के एवज में बतौर रिश्वत मांगने आरोप लगाया। ग्रामीण ने सीओ से कहा कि हम लोग एक सप्ताह से चेक स्लिप लेकर अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। सहायक चेक पर साइन नहीं कर रहे हैं। सीओ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सहायक को उक्त कार्य से हटाते हुए कार्यालय के ही योगेंद्र राम को चेक स्लिप निर्गत से संबंधी कार्य सौंपा। आरोप लगाने वाले ग्रामीणों में कैलान पंचायत रघुवंश यादव, सुर्यदेव यादव, उमेश यादव, प्रसेनजीत यादव, गुड्डू यादव, चन्दन यादव, दल्लू यादव, नागेन्द्र प्रसाद साह, पप्पू सिंह खरवार, राजेन्द्र साह, बिरबल यादव, आंनद दुबे का नाम शामिल है।

### डीजे संचालकों के साथ थाना प्रभारी की बैठक आज

**रमना।** थाना प्रभारी आकाश कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के सभी डीजे संचालकों की बैठक मंगलवार को बुलाई है। उन्होंने जारी आदेश में कहा कि डीजे ध्वनि विस्तारक यंत्र के लिए कोई भी बुक नहीं करायें। बैठक के माध्यम से यह अंतिम निर्देश होगा कि किसी भी पर्व त्यौहार या शादी-विवाह और पूजा-पाठ में डीजे नहीं बजाये। ध्वनि विस्तारक यन्त्र डीजे पर झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा पूर्णतः प्रतिबंध होने के बावजूद भी लोग पूजा-पाठ,शादी-विवाह के मौके के लिए डीजे बुक करा लेते हैं।

### बहियार ने परती को 92 रनों से हराया

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित शहीद नीलांबर-पीतांबर कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में बहियार की टीम ने परती टीम को 92 रन से हराकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बहियार की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 219 रन बनाये। बहियार की ओर से सोनू ने 50 और विवेक ने 68 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी परती की टीम 127 रन पर ऑल आउट हो गई। बहियार की टीम 92 रन से मुकाबला जीत लिया। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विवेक को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पूर्व मुखिया अनिल पासवान ने दिया। मौके पर अध्यक्ष संजय वर्मा, देवकुमार ठाकुर, लव वर्मा,कुश वर्मा, रमेश रजक, संजय,कमलेश कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

**सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत फुटबॉल मैच का आयोजन**

# हिट एंड रन और गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 की दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत सोमवार को एक दिवसीय फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। खेल की शुरूआत जिला खेल पदाधिकारी गढ़वा एवं जिला जन संपर्क पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से प्रारम्भ किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 में तहत फुटबॉल मैच के माध्यम से सड़क सुरक्षा से संबधित जानकारी दी गयी। सबको हिट एंड रन और गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के बारे में जानकारी दी जा रही है। समाज के बीच के दायरे को कम करने के उद्देश्य से इस प्रकार का आयोजन बहुत जरूरी है। गोल्डन आवर में किसी भी दुर्घटना पीड़ित को बचाने में




सोचें नहीं, पुलिस कभी भी आपको किसी की मदद करने के लिए परेशान नहीं कर सकती है। ऐसा गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 द्वारा आपको हक मिलता है, जिससे पुलिस और अस्पताल आपसे अनावश्यक पूछताछ नहीं कर सकती है। किसी भी प्रकार के कानूनी प्रक्रियाओं से आप मुक्त रहेंगे। गुड समेरिटन पॉलिसी 2020 के तहत किसी भी दुर्घटना पीड़ित की मदद करने पर रुपए 2000 से रुपए 5000 तक से आपको सम्मानित किया जाता है। साथ ही प्रशस्ति पत्र भी दिया जाता है। हेलमेट हमेशा पहन कर चलेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे तो ही आने वाली दुर्घटना को आप टाल सकते हैं। दुर्घटना में सिर ही वैसा अंग है जिसका इलाज संभव नहीं है, इसलिए अपने सिर को बचाने के लिए जब भी गाड़ी को चलाने या गाड़ी में बैठने का मौका मिले हेलमेट का उपयोग में बहाना ना बनाये। ज्ञात हो सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा 2025 के तहत विभिन्न प्रकार के आयोजनों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम मे सडक सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा आदि मौजूद थें।

### प्रखंड कार्यालय में ध्वजारोहण का समय निर्धारित

**रमना।** गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाने को लेकर प्रखंड सभागार में सोमवार को आयोजित बैठक में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के लिए समय निर्धारित किया गया। यह जानकारी अंचलधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास पांडेय दी। क्षेत्र के सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थानों के लिए राष्ट्रीय ध्वजा रोहन का समय निर्धारित कर दिया गया है। प्रखंड कार्यालय परिसर में सुबह 9:05 बजे,थाना परिसर में 9:25, बिआरसी 9:30,मध्य विद्यालय सिलिदाग एक 9:35,बालिका उच्च विद्यालय 9:40,कस्तूरबा आवासीय विद्यालय 9:50,उच्च विद्यालय प्लस टू 10:00,वन परिसर 10:20एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10:30बजे ध्वजा रोहन किया जायेगा।

## न्यूज बॉक्स

### राजद जिला अध्यक्ष ने सांसद को मांग पत्र सौंपा

**भवनाथपुर।** राजद जिला अध्यक्ष सूरज सिंह ने सेल द्वारा संचालित भवनाथपुर खदान समूह के क्रशर प्लांट के निलामी पर रोक लगाते हुए तुलीसदामर डोलोमाइट खदान के मजदूरों एवं विस्थापितों के समस्याओं के समाधान के लिए सांसद सह सेल सीसीएल सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह से दिल्ली आवास पर मिल कर पत्र दिया। पत्र में उल्लेख किया है कि विस्थापित संघर्ष समिति के तत्वावधान में मांगों के समर्थन में 23 दिसंबर 2024से भवनाथपुर सेल के प्रशासनिक भवन के पास अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है। धरना स्थल पर पहुंच कर मजदूरों व विस्थापितों के समस्याओं से अवगत हुआ। बता दें कि विस्थापित संघर्ष समिति भवनाथपुर ने मांग पत्र को संलग्न करते हुए आग्रह करना है कि मांग पत्र वर्णित मांगों को पूर्ण करने की आवश्यकता है।

### विधायक ने भाजपा नेता से मिल शोक व्यक्त किया

**मेराल।** डालटनगंज विधानसभा के भाजपा विधायक आलोक कुमार चौरसिया व वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने सोमवार को मेराल प्रखंड के हासनदाग गांव में पहुंच भाजपा नेता विनय कुमार चौबे से मिलकर सांत्वना व्यक्त किया। गौरतलब हो कि 6 दिन पूर्व भाजपा नेता विनय कुमार चौबे के 25 वर्षीय बड़े पुत्र एलएलबी का छात्र पीयूष कुमार चौबे का असमय निधन हो गया था। जानकारी पर विधायक आलोक चौरसिया ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विनय चौबे के घर पहुंच दुःख में शामिल होने पहुंचे थे। उनके साथ ओम प्रकाश पाठक डॉ, दिलीप चौबे, बृजेश मिश्रा, आशीष पांडेय, चंदन कश्यप, धर्मेंद्र सिंह, विनय पांडेय, संवेदक मिथिलेश तिवारी, अनिल कुमार पांडेय, अमलेश दुबे, सुदर्शन चौबे सहित अन्य मौजूद थे।

### मुसहर परिवारों के बीच कंबल का वितरण

**गढ़वा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार नरेंद्र नारायण ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बीरबंधा पंचायत के नवादोहरी टोला में मुसहर परिवारों के बीच ठंड से राहत के लिए सोमवार को कंबल का वितरण किया। इससे मुसहर परिवारों के बीच खुशी का माहौल देखी गई। साथ ही वहां के संबंधित डीलर को मुसहर परिवारों के बीच खाद्यान देने का भी निर्देश दिया गया। इस दौरान अंचला पंचायत के भुइयां टोली में भी कंबल का वितरण किया गया। वितरण के दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार, अंचला पंचायत का मुखिया मुखराम भारती, बीरबंधा पंचायत का मुखिया प्रतिनिधि अजय ठाकुर, पंचायत सचिव रूपा कुमारी, रोजगार सेवक धर्मेंद्र पाठक, बीपीओ रंजीत कुमार, कनीय अभियंता अरुणदेव सिंह तथा ग्रामीण मौजूद थें। इसके पूर्व प्रखंड सभागार में भी समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी प्रखंड कर्मियों के साथ प्रधानमंत्री आवास और अबुआ आवास से संबंधित बैठक रखी गई। साथ ही 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की आवश्यक तैयारियों से संबंधितों अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया गया। बैठक में सभी प्रखंड कर्मी एवं मुखिया उपस्थित थें।

### विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष बने मुकेश, संयोजिका बनी सुनैना

**मेराल।** प्रखंड के मध्य विद्यालय हासनदाग में प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदीप चौबे ने की। बैठक में उपस्थित लोगों को चुनाव का पर्यवेक्षक राम भारत ने प्रबंधन समिति के नियमावली को पढ़कर सुनाया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद के लिए तीन उमीदवार विनय चौधरी नागेंद्र चौधरी एवं मुकेश ठाकुर के बीच वोटिंग कराया गया, जिसमें विनय चौधरी को 1, नागेंद्र चौधरी को 5 तथा मुकेश कुमार ठाकुर को 6 मत प्राप्त हुए। सबसे अधिक 6 मत प्राप्त करने वाले उमीदवार मुकेश कुमार ठाकुर को अध्यक्ष पद के लिए चयन किया गया। जबकि सर्वसम्मति से संयोजिका पद के लिए सुनैना देवी तथा उपाध्यक्ष के लिए उषा कुमारी का चयन किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक राम भरत ने बताया कि प्रबंधन समिति का चुनाव शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक पंकज द्विवेदी, शिक्षक समुद्वार, अजय सिंह अर्ध शिक्षक सत्य प्रकाश चौबे प्रमोद चौबे अखिलेश चौबे शिवकुमार चौधरी, दीपक चौबे चीनता देवी चंदा देवी रीना देवी पंकज चौबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

## खराब चापानल को वार्ड सदस्य ने निजी खर्च से ठीक कराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड अंतर्गत मझिगावां गांव मे डीहवार बाबा के पास एक साल से खराब पड़े चापानल को वार्ड नंबर 4 के वार्ड सदस्य बालेश्वर यादव ने ग्रामीणों के सहयोग से ठीक करा दियाय। इस कार्य में पुरन सिंह, उमा सिंह, महाबीर ठाकुर, मनोज तिवारी, अरविंद चंद्रवंशी, रेखा देवी, उषा देवी, उर्मिला देवी और अंबिका सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले चापानल की खराबी को लेकर किसी भी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया था। राष्ट्रीय नवीन मेल ने इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद वार्ड सदस्य बालेश्वर यादव ने अपने निजी खर्च से चापानल की मरम्मत कराई। इस प्रयास से ग्रामीणों को राहत मिली है।

## स्वास्थ्य मेला में मरीजों को दी गई निःशुल्क दवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** सोमवार को खरौंधी पुराने स्वास्थ्य केंद्र पर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ बीडीओ रवींद्र कुमार, मुखिया चंदनी रामगहन मेहता, डॉ. रंजन दास, प्रमुख प्रतिनिधि राजेश कुमार रजक और झामुमो नेता हिफाजत अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। स्वास्थ्य मेले में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं के तहत सामान्य चिकित्सा, परिवार नियोजन, आंखों की जांच, मलेरिया, टीवी, लेप्रोसी, अंधापन नियंत्रण, ओरल कैंसर स्क्रीनिंग, अस्थमा, दांतों की समस्याओं और आयुर्वेदिक उपचार के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। डॉक्टरों



ने मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवाएं प्रदान की। डॉ. रंजन दास ने बताया कि यह मेला स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर आयोजित किया गया था, जिसमें प्रखंड के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक दवा दी गई। बीडीओ रवींद्र कुमार ने मेला के सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाया। इस अवसर पर डॉ. नीतीश भारती, डॉ. अभिनीत विश्वास, डॉ. पंकज पाठक, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, डॉ. इंद्र किशोर विश्वकर्मा, सीएचओ रेणु बैजन्ती खलखो, अविनाश कुमार सुधांशु, अनुज कुमार गुप्ता, देवानंद कुमार, विशाल दवे, शोभित कुमार सहित कई कर्मचारी, सीएचओ, बीटीटी और सहिया उपस्थित थे।

## मुखिया संघ ने बीडीओ पर मनमाने तरीके से काम करने का लगाया आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** पंचायत प्रतिनिधियों को दरकिनार कर मनमाने ढंग से कार्य किया जा रहा है। किसी कार्य से संबंधित बीडीओ द्वारा कोई जानकारी नहीं दिए जाने को लेकर प्रखंड क्षेत्र के मुखिया नाराज हैं। इस मामले को लेकर सोमवार को मुखिया संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूरी जानकारी दी गई। बीडीओ सतीश भगत द्वारा मुखिया के साथ बैठक नहीं करने पर प्रतिनिधियों से तालमेल में कमी और मनमानी तरीके से कार्य किए जाने की आरोप लगाया गया। वर्तमान बीडीओ द्वारा किसी भी प्रकार का पेंशन की स्वीकृति नहीं दी गई है, मंईयां सम्मान योजना में सुधार के लिए लाभुक दर-दर भटक रहे हैं, अबुआ आवास में भी भुगतान नहीं किया जा रहा है, 15 वें वित्त के योजना भी बाधित है। इसके अलावा 15 वें वित्त एवं मनरेगा में मापी पुस्तिका के नाम पर परेशान किया जा रहा है। पंचायतो में मनरेगा सहित सभी प्रकार का कार्य बाधित रखने का आरोप लगाया गया है। प्रेस विज्ञप्ति में मुखिया संघ के अध्यक्ष रामसागर महतो, अनिल चौधरी, संजय राम, प्रतिमा देवी, मनदीप सिंह, आशीष बीयार, जसीमा बीबी, गौरी देवी, बेबी देवी, फूलमंती देवी, मनीषा देवी, उर्मिला देवी, जितनी देवी, अजीज अंसारी, सुरेश राम का नाम शामिल है। मुखिया संघ द्वारा लगाए गए आरोप पर प्रभारी बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी सतीश भगत ने कहा कि मेरा कार्य मॉनिटरिंग का है। सारा कार्य पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा ही किया जाता है। कोई समस्या है तो बैठक कर समस्या का निदान किया जाएगा।

## वन विभाग ने सखुआ का कीमती लकड़ी किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** वन विभाग ने गुप्ता सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चिनियां थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगहों से सखुआ का कीमती लकड़ी जब्त किया है। पहली घटना चिनियां थाना क्षेत्र के चपकली गुरु सिंधु मुख्य



सड़क ढेंगुरा नदी के पास से सोमवार को 5:00 बजे सखुवा का 45 पीस कीमती लकड़ी को जब्त किया। दूसरी घटना चिनियां थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाका दूधवल गांव में सोमवार को 11 बजे डोभा में छिपा कर रखा गया। सखुआ का 50 पीस लकड़ी को जब्त किया गया है। चिनियां प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि चिनियां थाना क्षेत्र में लकड़ी तस्करी का मामला लगातार उजागर हो रहा है। वैसे लोगों को कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। अवैध लकड़ी कारोबार में संलिप्त किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। छापेमारी अभियान में वनकर्मी प्रेमचंद दास, राधेश्याम कुमार, हेमंत तिर्की, विपिन मेहता सहित अन्य मौजूद थे।

## तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव (गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में चल रहे तीन दिवसीय पंचायत स्तरीय सहजकर्ता दल का प्रशिक्षण मंगलवार को समाप्त हो गया है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कनक और प्रशिक्षण दल ने चयनित सदस्यों को निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि सहजकर्ता दल ग्राम सभा के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025 से 26 के लिए योजना का चयन करेगा। उन्होंने पंचायत के लिए अलग-अलग थीम के चयन और प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं को तय करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। सरकार ने योजना के चयन को सुगम बनाने के लिए सहजकर्ता दल का गठन किया है। मौके पर तलसबरिया पंचायत के मुखिया शहर मास्टर ट्रेनर महताब आलम, अरुण कुमार पांडेय, प्रखंड सामान्य के (पंचायती राज )कार्तिक कुमार सहित कई प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## मईयां सम्मान योजना की राशि में धोखाधड़ी का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी। (गढ़वा)।** प्रखंड के खुटिया पंचायत अंतर्गत भुमफोर गांव निवासी अनिता देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर मंईयां सम्मान योजना के राशी में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। आवेदन ने कहा है कि खुटिया के एक प्रज्ञा केंद्र संचालक ने योजना की राशि अपने व अपने रिश्तेदारों के खातों में स्थानांतरित कर दी है, जिससे उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल सका। अनिता देवी, फुलमतिया देवी ने बताया कि जब से उन्होंने मंईयां सम्मान योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया, तब से लेकर अब तक उन्हें इस योजना का कोई लाभ नहीं मिला। वह बार-बार बैंक का चक्कर काट चुकी हैं, लेकिन उनके खाते में धनराशि जमा नहीं हुई। इसके बजाय पिंटू गुप्ता ने अपने खाते में राशि स्थानांतरित कर दी। उन्होंने बताया कि योजना की पांच किस्तों की राशि भी उनके खाते में नहीं आई और सारी राशि प्रज्ञा केंद्र संचालक के खाते में चली गई। अनिता देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से आग्रह किया कि उनके खाते में राशि का सुधार करते हुए उन्हें मंईयां सम्मान योजना का लाभ प्रदान किया जाए और पिंटू कुमार गुप्ता पर कानूनी कार्रवाई की जाए। प्रखंड उप प्रमुख धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि हमें आवेदन प्राप्त हुआ है, और इसमें जो भी दोषी पाए जाएंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं खुटिया पंचायत के पूर्व मुखिया लक्ष्मण प्रसाद यादव ने कहा कि प्रज्ञा केंद्र संचालकके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

**गणतंत्र दिवस**

### गणतंत्र दिवस समारोह के लिए प्रतिभागियों का किया गया चयन

# चयनित बच्चों को किया जायेगा पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को राष्ट्रगान, वंदेमातरम,देशभक्ति गीत, प्रगति गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चयनित प्रतिभागी अपना कार्यक्रम अनुमंडल मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में प्रस्तुत करेंगे। राष्ट्रगान के लिये सरस्वती विद्या मंदिर की नैन्सी शुक्ला, सौम्या कुमारी, आयुषी पांडेय, अंशिका कुमारी व श्वेता कुमारी का चयन किया गया। वंदेमातरम के लिये आरके पब्लिक स्कूल अधौरा की कुमारी अनन्या,प्रीति कुमार देव तथा शालू गुप्ता का चयन किया गया। देश भक्ति व



प्रगति गीत प्रतियोगिता में शंकर प्रताप देव इंटर महाविद्यालय की शिवांगी शेखर व पलक पांडेय ने प्रथम,प्लस टू उच्च विद्यालय नगर उंटारी की इंहाज प्रवीण ने द्वितीय तथा माँ नगीना शाही महिला महाविद्यालय की प्रियंका कुमारी, पायल कुमारी, पूजा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।गुरुकुल पब्लिक स्कूल के अनुपम कश्यप द्वारा नन्हा मुन्ना राही हूं गीत प्रस्तुत किया जायेगा। सभी विजेता प्रतिभागियों को गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में पुरस्कृत किया जायेगा उक्त सभी प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अधिवक्ता दिनेश कुमार शुक्ल, शंकर प्रताप देव इंटर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या विद्या सिंह, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) तहमीना प्रवीण तथा शिक्षक अखिलेश प्रसाद शामिल थे। मौके पर राम कुमार वैद्य, प्रमोद कुमार झा, जया कुमारी, जयंती कुमारी,अंजन प्रसाद, प्रतीक कुमार पांडेय, प्रीति देव, राहुल दास, इंद्र शेखर पांडेय सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कमलेश पांडेय तथा देव शंकर प्रसाद ने किया।


## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा

जिला पशुपालन कार्यालय, चतरा अन्तर्ग पशुचिकित्सालयों में पदस्थापित/प्रतिनियुक्त पशुचिकित्सको एवं कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ताओं का नाम एवं मोबाईल नम्बर की सूची :–

| क्र0 | प्रखण्ड | पशुचिकित्सालय | नजदीकी पशुचिकित्सालय | पशु चिकित्सक का नाम | मोबाईल नं0 | कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चतरा | पशुचिकित्सालय, चतरा | X | डॉ0 अंजु कुजुर | 7909037415 | बरूण राम | 8102897625 |
| | | | | | | सुनिल कुमार शर्मा | 8340304998 |
| | | | | | | त्रिवेनी कुमार | 9798776832 |
| | | | | | | विकाश कुमार राण | 7870017878 |
| | | | | | | रामकृष्णा यादव | 9006871712 |
| | | | | | | उमेश कुमार दाँगी | 8789260961 |
| | | | | | | घनश्याम कुमार दाँगी | 8084179264 |
| 2 | गिद्धौर | X | पशुचिकित्सालय, लक्षणपुर | डॉ0 इन्द्रजीत कुमार | 6207579508 | उपेन्द्र कुमार सिह | 9771201799 |
| | | | | | | प्रेमजीत पाण्डे | 9534228220 |
| | | | | | | मनोज कुमार रजक | 6299491598 |
| 3 | हंटरगंज | पशुचिकित्सालय, हंटरगंज | X | डॉ0 मो0 रेहान अहमद रजा | 9031148298 | नरेश कुमार | 9934081904 |
| | | | | | | संतन कुमार दास | 8809046306 |
| | | | | | | कमलेश कुमार दास | 8102622456 |
| | | | | | | सौरभ कुमार | 9006777880 |
| | | | | | | सौदागर यादव | 9955192618 |
| | | | | | | अंजनी कुमार सिंह | 6201448763 |
| | | | पशुचिकित्सालय, दंतार | डॉ0 मो0 रेहान अहमद रजा | 9031148298 | विनय रविदास | 9006565511 |
| | | | | | | अमरदिप साव | 7209758640 |
| | | | पशुचिकित्सालय, जोरी | डॉ0 अलोना संगम | 8409820297 | मनोज कुमार | 8294013801 |
| 4 | प्रतापपुर | पशुचिकित्सालय, प्रतापपुर | X | डॉ0 कुमार सौरभ | 9451344488 | ऋषिकांत पाण्डे | 9162452715 |
| | | | | | | नरेश यादव | 9973141060 |
| | | | | | | उमाशंकर प्रसाद | 7543085472 |
| | | | | | | कमलेश कुमार | 9507060321 |
| | | | | | | बिनोद कुमार यादव | 9973821806 |
| 5 | कुन्दा | X | पशुचिकित्सालय, प्रतापपुर | डॉ0 कुमार सौरभ | 9451344488 | गुलाबचन्द यादव | 6207514667 |
| | | | | | | रवि कुमार | 9771529654 |
| 6 | ईटखोरी | पशुचिकित्सालय, ईटखोरी | X | डॉ0 नकूल कुमार मेहता | 9241245583 | विनोद कुमार वर्मा | 9852903257 |
| | | | | | | सुमंत कुमार तिवारी | 6203523126 |
| | | | | | | हरिचरण महतो | 7549047445 |
| | | | | | | रामान्नद कुमार | 8757605586 |
| | | | | | | बचनदेव कुमार मेहता | 9931723326 |
| 7 | मयूरहण्ड | X | पशुचिकित्सालय, ईटखोरी | डॉ0 नकूल कुमार मेहता | 9241245583 | राजेश कुमार दाँगी | 8002779401 |
| | | | | | | बिनोद कुमार सिंह | 8521376473 |
| | | | | | | मनोरंजन राम | 9110939672 |
| 8 | कान्हाचट्टी | पशुचिकित्सालय, कान्हाचट्टी | X | डॉ0 इन्द्रजीत कुमार | 6207579508 | अरविन्द कुमार रॉय | 9939332120 |
| | | | | | | बसंत कुमार यादव | 7631107136 |
| | | | | | | सुनिल कुमार राम | 7677807917 |
| | | | | | | बैजनाथ ठाकुर | 9110069864 |
| | | | | | | सम्भु कुमार | 7250269684 |
| 9 | पथलगडा | X | पशुचिकित्सालय, शिला | डाॅ सरोज कुमार | 9835350800 | बालेश्वर राम | 7274927821 |
| | | | | | | धीरज कुमार | 9570147772 |
| 10 | सिमरिया | पशुचिकित्सालय, सिमरिया | X | डॉ0 अलोना संगम | 8409820297 | अशोक कुमार पंडित | 8210139126 |
| | | | | | | मनिष कुमार | 8789716516 |
| | | | | | | संत्रनजय कुमार | 6203114365 |
| | | | | | | खुशियाल प्रसाद | 6203402602 |
| | | | | | | रूपेश कुमार | 9097303865 |
| | | | | | | संतोष कुमार | 6203052348 |
| | | | | | | दुसियंत कुमार राज | 7061295765 |
| 11 | लावालौंग | X | पशुचिकित्सालय, सिमरिया | डॉ0 अलोना संगम | 8409820297 | मनोहर महतो | 9110961039 |
| | | | | | | इन्द्रदेव कुमार यादव | 7667634976 |
| 12 | टंडवा | पशुचिकित्सालय, टंडवा | X | डॉ0 पिंकी तिग्गा | 9102259362 | चन्द्रशेखर प्रसाद यादव | 9798570833 |
| | | | | | | नरायण रजक | 7544045094 |
| | | | | | | नितिन मुकेश | 6204822388 |
| | | | | | | रोहित कुमार साव | 8002925466 |
| | | | | | | अमरलाल मेहता | 7484923830 |
| | | | | | | विक्रांत कुमार | 7739636796 |

MOBILE VETERINANY CLINIC HELP NO-1962
PR 344679 (Animal Husbandry)24-25*D
जिला पशुपालन पदाधिकारी,चतरा

## गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर बैठक झंडोत्तोलन का समय निर्धारित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सोमवार को झंडोत्तोलन का समय सारणी निर्धारित करने को लेकर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान, अंचलाधिकारी नंद कुमार राम की देख रेख में सभी राजनीतीक दल, प्रखंड व पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा कई विभाग के कर्मी उपस्थित थे। बैठक में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी झंडोत्तोलन करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद समय सारणी पर चर्चा की। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रखंड सह अंचल कार्यलय परिसर बारियातू मे 08:30, पशुपालन विभाग 8:40,संकुल संगठन कार्यालय 0845,झारखड मुक्ति मोर्चा कार्यालय 8:50, मेसर्स प्रिंस भारत गैस,में 8:55 रा.मध्य वि, बारियातू 9:00, झारखंड राज्य आवासीय बालिका विद्यालय 9:05, बीआरसी 9:10,स्वास्थ उपकेन्द 9:15,राजद कार्यालय, बारियातू 9:20, पंचायत सचिवालय 9:25, भारतीय जनता पार्टी कार्यालय 9:30,आजसू पर्टी कार्यालय 9:35, सरस्वती शिशु मंदिर 9:40,सांसद प्रतिनिधि कार्यालय 9:45,वनांचल ग्रामीण बैंक 9:50,कांग्रेस पर्टी कार्यालय 9:55, लैंपस कार्यालय बारियातू 10:00, परियोजना उवि 10:05 सभी प्राइवेट वि, बारियातू 10:10, थाना, बारियातू 10:35 बजे समय निर्धारित की गई। मौके प्रखंड उप प्रमुख निशा सहादेव, जिप सदस्य रमेश राम, 20 सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, पंचायत सचिव प्रकाश कुमार, प्रिंस भारत गैस संचालक मुंसी साव, विनोद बैठा सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति व प्रखंड सह अंचल कर्मी सहित कई गन्यमान्य लोग मौजूद थे।

### उपायुक्त ने समाज कल्याण व बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा की

# लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को लाभ देने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग, बाल संरक्षण इकाई के कार्यों की समीक्षा समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर उपायुक्त ने निर्देश दिया। समर अभियान के तहत कुपोषण व एनीमिया से ग्रसित बच्चों, युवतियों, गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उपचार को लेकर एमटीसी भेजने और आंकड़ों को सही तरीके से एप में प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही समर अभियान अंतर्गत चिन्हित सस्पेक्टेड केस वाले लाभुकों को लाभ प्रदान कराने के निमित्त नया कार्यप्रणाली तैयार करने का निर्देश दिया गया। पोषण माह अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों पर की जाने वाली गतिविधियों का शत प्रतिशत डैशबोर्ड पर इंट्री करने का निर्देश दिया गया। एएनसी बढ़ोतरी के लिए सभी महिला पर्यवेक्षिका को क्षेत्र




भ्रमण कर एएनसी शत प्रतिशत करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री सुकन्या योजना, मातृ वंदना योजना का लाभ लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को देने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया। बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। तेजस्वनी परियोजना की समीक्षा कर निर्देश दिया गया। समाज कल्याण महिला व बाल विकास परियोजना में पदस्थापित पदाधिकारी, कर्मी, सेविका, सहायिका के रिक्त पदों, आंगनबाड़ी केन्द्रों में बुनियादी सुविधा, भवनहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की संख्या, आंगनबाड़ी केन्द्रों में चापानल/शौचालय की संख्या, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री सुकन्या योजना, पुरक पोषाहार कार्यक्रम आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे।

## कांग्रेस ने रैली निकाली, केंद्रीय गृह मंत्री से इस्तीफा की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत कांग्रेस प्रखंड कार्यालय से पदयात्रा जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष गुजर उरांव, महासचिव सुरेन्द्र भारती, मनिका प्रखंड अध्यक्ष दरोगी प्रसाद यादव, महुआडांड़ प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान सहित अन्य वक्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। विरोध मार्च का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष अभय मिंज, युवा प्रखंड अध्यक्ष आमिर सुहैल कर रहे थे। रैली कांग्रेस प्रखंड कार्यालय से शुरू होकर शास्त्री चौक, डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक पहुंच कर सभा में तब्दील हो गई। रैली में शामिल कांग्रेस गृह मंत्री से इस्तीफा की मांग कर रहे थे। जिला अध्यक्ष गुंजर उरांव ने कहा कि जय बापू, जय भीम, जय संविधान का उद्देश्य महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा देश के लिए दिए गए बलिदान को याद कराना है। मंच का संचालन करते हुए युवा नेता सह पंचायती राज जोनल कोऑर्डिनेटर अजीत पाल कुजूर ने कहा कि वर्तमान समय में संविधान पर हमला हो रहा है, यह भारत के लिए चिंता की बात है। जिला अध्यक्ष गुंजर उरांव ने कहा कि देश के गृह मंत्री द्वारा विश्व के सबसे बड़े संविधान के निमार्ता के प्रति दिए गए बयान के लिए जब तक देश के गृह मंत्री माफी नहीं मांगते हैं, तब तक कांग्रेस का विरोध जारी रहेगा। प्रखंड कांग्रेस प्रभारी विश्वनाथ पासवान ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार संविधान के साथ छेड़छाड़ करते हुए संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर को अपमानित कर रही हैं। गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए। मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि मो. इफ्तेखार अहमद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अभय मिंज, महुआडांड़ प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, महुआडांड़ प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष आमिर सुहैल, कांग्रेस वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, रानू खान, नूरूल अंसारी, नसीम अंसारी, रिंकू खान, गुड्डू खान, युवा कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष शकील अहमद, युवा कांग्रेस प्रखंड उपाध्यक्ष सुबोध खलखो सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।




## आंबेडकर ने अपना जीवन वंचित समुदायों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित कर दिया : नवीन जायसवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व आह्वान पर संविधान गौरव अभियान के तहत अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पिंटू कुमार रजक की अध्यक्षता में ग्राम मोंगर के हरिजन टोला में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हटिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक नवीन जायसवाल ने भीमराव आंबेडकर के तस्वीर के समक्ष पुष्पांजलि कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने भारतीय संविधान के निमार्ता के रूप में जाने जाते हैं। एक दूरदर्शी नेता समाज सुधारक और विद्वान थे। उनके योगदान ने आधुनिक भारत को आकार दिया। संविधान सभा के ड्राफ्टिंग समिति के अध्यक्ष के रूप में बाबा साहब ने न्याय,स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व पर आधारित लोकतांत्रिक ढांचे की नींव रखी। सामाजिक न्याय के समर्थक, भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने अपना जीवन जाति आधारित भेदभाव को समाप्त करने और वंचित समुदायों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि समावेशी विकास सशक्तिकरण और प्रगति बाबा साहब की विरासत है। बाबा साहब के सपने को साकार करने के लिए भाजपा आरक्षण, छात्रवृत्ति और अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय फेलोशिप जैसी पहलू के माध्यम से हासिए पर पड़े समुदायों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रही है। बाबा साहब के आदर्शों पर चलते हुए भाजपा सरकार ने 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम पारित कर वंचित समुदायों के संरक्षण एवं न्याय के लिए आजीवन संघर्षरत बाबा साहब डा॑ भीमराव आंबेडकर के सपनों को पूरा किया। मौके पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह द्वारा क्षेत्र के लिए उपलब्ध कराए गए कंबल का वितरण मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह , महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सह लातेहार जिला कार्यक्रम प्रभारी रूपा सिंह , कार्यक्रम की जिला संयोजक उषा देवी, सह संयोजक राजीव रंजन पांडे जिला महामंत्री अमलेश सिंह , प्रदेश कार्य समिति सदस्य कल्याणी पांडे , अधिवक्ता धीरेन्द्र शुक्ला, राजबली भुइयां मंडल अध्यक्ष एससी मोर्चा, भूतपूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद ,ग्राम प्रधान नंदू बैठा ,जिला कोषाध्यक्ष विष्णु देव प्रसाद , सुकन्या देवी आनंदी सिंह , अर्पणा सिंह, उषा पांडेय,सुनीता देवी, अर्पणा सिंह सुकन्या देवी, अजय कुमार प्रसाद वार्ड सदस्य ,नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी,उत्तम कुमार, प्रभा देवी आलोक कुमार अकेला, आकाश कुमार सावन,शैलेश कुमार, जगनारायण कुमार अकेला उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के सलिमपुर मोड के समीप सोमवार को बाइक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक सदर थाना के लोवागड़ा गांव के प्रवीण कुमार दांगी(35)बताया जा रहा है। बताया जाता है कि युवक लोवागड़ा से पत्थलगड़ा जा रहा था। इसी क्रम में सलिमपुर मोड़ के समीप बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे युवा गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घायल युवक का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए चतरा रेफर कर दिया गया।

## वर्तमान देश की हालात के लिए भाजपा जिम्मेवार : मो. आमिर

**▸▸ कांग्रेस ने जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम किया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को बालूमाथ के बालू ग्राम में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान मार्च कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. आमिर हयात के नेतृत्व में किया। मो. आमिर हयात ने कहा कि वर्तमान में देश की जो हालात है उसका जिम्मेदार भारतीय जनता पार्टी और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। वह देश को जिस दिशा की ओर ले जाना चाहते हैं, वह दिशा संविधान से हटकर है। इस कारण लगातार संविधान पर हमला किया जा रहा है। हम सभी को हक और अधिकार संविधान ने दिया है। संविधान में जो हक और अधिकार देने का डॉ. भीमराव आंबेडकर के प्रयास से हुआ है। इसे खत्म करने के लिए देश के गृह मंत्री अमित शाह डॉ.आंबेडकर का भी अपमान करने से नहीं चुके हैं, और उनके बचाव में खुद प्रधानमंत्री लगे हुए है। कांग्रेस पश्चिम मंडल अध्यक्ष कर्मदेव भगत ने कहा कि इस अभियान मार्च के माध्यम से देश के गृहमंत्री अमित शाह को संविधान निमार्ता डॉ.भीमराव आंबेडकर के अपमान का बदला पूरे देशवासी जरूर लेंगे। देश संविधान से चल सकता है। देश में संविधान और डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंगलदेव उरांव, जमशेद खान, परदीप उरांव, रविंद्र उरांव, अफजल अंसारी, रहमुल अंसारी, करमदेव उरांव, साबिर इत्यादि मौजूद थे।




## स्वास्थ्य मेले में 348 मरीजों की जांच, निःशुल्क दवाओं का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्धारित कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथि जिप सदस्य प्रियंका देवी, जिला असमा पदाधिकारी डॉ. शोभनो टोपनो, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाइक, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार ,डॉक्टर अलीशा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। मेला में विभिन्न विभागों का स्वास्थ्य जांच के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे। इसमें कुल 348 मरीज ने अपने स्वास्थ्य जांच कराया। उनमें 47 कुष्ठ, मलेरिया 36, मोतियाबिंद 15, दंत रोग 43,एनसी 10, आयुष्मान कार्ड 25 लोगों का बनाया गया। जांच के बाद सभी मरीजों को मुफ्त चिकित्सीय सलाह के साथ दवा भी निःशुल्क दिया गया। जिप सदस्य प्रियंका देवी ने कहा कि यह सरकार द्वारा चलाई जा रही बहुत ही अच्छी कार्यक्रम है। शिविर से लोगों को लाभ मिलेगा। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर प्रकाश बड़ाईक ने कहा कि जिला के उपायुक्त के निर्देश पर बालूमाथ एकिकृत प्रखंड बारियातू और हेरहंज में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आगामी 22 जनवरी को बारियातू बाजार टांड में और 24 जनवरी को प्रखंड कार्यालय परिसर में मुफ्त स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा।



### शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने को लेकर अभियान की शुरूआत

# छात्रों को तंबाकू उत्पादों के सेवन से बचाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार द्वारा शोसियो इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलॉपमेंट सोसाईटी (सीड्स) के तकनीकी सहयोग से डाइट लातेहार के सभागार में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार ने कार्यशाला में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, को कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि तंबाकू सेवन की आदत स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी समस्या के रुप में वैश्विक स्तर पर उभर रहा है। तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम के प्रति अवयस्क और युवा वर्ग में जागरूकता फैलाना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि अपने आने वाले भविष्य की चिंता करते हुए युवाओं और अवयस्कों को तंबाकू की लत से दूर रखा जाये। उन्होंने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के मार्गदर्शन में सोशिओ इकोनॉमिक एण्ड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) झारखड द्वारा तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान के दिशा-निर्देशो के अनुरूप क्रियान्वयन हेतु साकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीड्स के माध्यम से सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित कराने के लिए आज लातेहार जिला में इस कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। क्रमवार इस कार्यशाला का आयोजन राज्य के सभी जिलों में किया जाएगा। सीडस के कार्यक्रम समन्वयक रिम्पल झा ने तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की आवश्यकता के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि तंबाकू उत्पाद से बच्चे, अवस्क एवं युवा वर्ग के लोगों को बचाये जाने की आवश्यकता है। ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे (2019) द्वारा सम्पूर्ण विश्व में युवाओं द्वारा तंबाकू सेवन से संबंधित जो आंकड़ें संकलित किये गये हैं वह यह दशार्ता है कि भारत में 13-15 वर्ष के 8.5 प्रतिशत छात्र किसी न किसी प्रकार के तंबाकू का उपयोग कर रहे हैं। झारखंड मे यह 5.1 प्रतिशत है जो चिन्ता का विषय है। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, चयनित विद्यालय के प्राचार्य, नोडल शिक्षक, सीड्स झारखंड के क्षेत्रीय समन्वयक भोला पांडेय व कर्मी उपस्थित थे।



### सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सार्वजनिक नवयुवक विकास संघ में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। विद्या की देवी मां सरस्वती पूजा को लेकर सार्वजनिक नव युवक विकास संघ में रविवार की देर शाम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष कपिल कुमार व संचालन सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में सरस्वती पूजा समिति की अध्यक्ष का चुनाव किया गया। संतोष कुमार निराला को अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही साथ जल्द कमेटी विस्तार करते हुए सरस्वती पूजा की तैयारी प्रारंभ करने की सलाह दी गई। बैठक में निर्देशक जितेंद्र कुमार जीतू,पोखन राम, कमलेश कुमार,बबलू कुमार साव, सुनील कुमार राणा,अमीर दांगी,बिनोद दांगी मुकेश कुमार शंकर कुमार कार्तिक राणा पप्पू कुमार नीतीश कुमार गेंदालाल कुमार यदुनंदन पांडेय सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक आज

**चंदवा।** गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक मंगलवार को बैठक आहूत की गई है। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों,राजनीतिक दलों, विभागों के अधिकारियों,बैंक अधिकारियों,सरकारी व निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक समेत बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने दी है।

### एमवीआई ने तीन ट्रक पर फाइन लगाया

**बालूमाथ।** मगध माइंस परिसर के आरा के 9 नंबर चेक पोस्ट के पास लातेहार जिला अधिकारी एमवीआई श्रवण कुमार ने वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान कई ट्रक, हाइवा वाहनों का कागजात की जांच की। तीन गाड़ियों का पेपर फेल पाया गया। उन सभी पर फाइन करते हुए लाख रुपए की राजस्व का वसूली की गई। एमवीआई ने पेपर अपडेट रखने का निर्देश ट्रक ऑनर को दिया। साथ ही सड़क सुरक्षा नियम का पालन करने की बात कही। इस दौरान फुलबासिया पुलिस पिकेट के जवान शामिल रहे।

### एनडीपीएस का आरोपी गिरफ्तार

**बारियातू।** पुलिस ने सोमवार को एनडीपीएस एक्ट के नामजद आरोपी मनोज यादव पिता उगदेव यादव ग्राम जावाबार थाना बारियातू जिला लातेहार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि एनडीपीएस कांडों के अभियुक्तों के विरुद्ध लगातार कारवाई व गिरफ्तारी जारी रहेगी। थाना प्रभारी ने कहा कि पोस्ता की खेती करने वाले पोस्ता के फसल को अविलंब स्वयं ही नष्ट करें।

### पोषण सखी व सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को बाल विकास परियोजना के तत्वावधान में पोषण सखी व सेविकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में कुपोषित बच्चों को चिन्हित करने की कई तरकीब बताई गई। चिन्हित बच्चों को पोषण ट्रैकर व समर अभियान में सूचीबद्ध करने का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही अति कुपोषित बच्चों को चतरा में स्थित एमटीसी में भर्ती कराने की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को प्रशिक्षक पर्यवेक्षिका मंजू कुमारी, शंभू कुमार द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी के पोषण सखी एवं सेविका उपस्थित थे।

### जिप सदस्य व मुखिया ने किया कंबल वितरण



**बारियातू।** प्रखंड के साल्वे पंचायत स्थित गांव, टोला, मुहल्लों में ठंड को देखते हुए जिप सदस्य रमेश राम व मुखिया राजू भगत ने असहाय, जरूरतमंदो के बीच कंबल वितरण किया। जिप सदस्य रमेश राम कहा कि असहाय, विधवा, विकलांग और गरीब तबके के लोगों को ठंड से राहत देने के उद्देश्य से कंबल वितरित किया गया। सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों की मदद करना कर्तव्य है। समाज के हर व्यक्ति को ऐसे कार्यों में सहयोग देना चाहिए। इसके अलावा बालूभांग पंचायत अंतर्गत मुखिया केदार गंझू व वार्ड सदस्य मनोज राम ने ठंड से बचने के लिए लोगों के बीच कंबल वितरण किया। मौके पर ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा जिला सचिव के निर्देश पर 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत प्रखंड के लोटवा गांव में विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया। जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को लोक अदालत,मध्यस्थता कार्यक्रम, महिला उत्पीड़न, बाल अधिनियम समेत अन्य विधिक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि अधिकार मित्र व नालसा द्वारा जारी निःशुल्क नम्बर 15100 पर कॉल कर विधिक से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जागरूकता कार्यक्रम में अधिकार मित्र संजय कुमार चौधरी, मुन्ना दास,अजीत कुमार समेत कई अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय

**महुआडांड़।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे व जिला परिषद सदस्य एस्टेला नगेशिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आवासीय विद्यालय खेल स्टेडियम में बच्चों के लिए खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई गई। अनुमंडल पदाधिकारी विपिन कुमार दुबे ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों में समय पर झंडा फहराया जाएगा। शाम को झंडे को सही तरीके से उतारकर सुरक्षित स्थान पर रखा जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। प्रमुख कंचन कुजूर ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय जरूरी है। पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, राजनीतिक दल के प्रतिनिधि, विद्यालय शिक्षक भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी भूमिका निभाएंगे। मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष संजय जायसवाल, इंस्पेक्टर पुअनि अरविंद होरेग, नेजाम अहमद, अनील मनोहर, रानू खान, मुखिया, पंचायत सेवक सहित प्रखंड के अन्य लोग मौजूद थे।

### 'राष्ट्रीय नवीन मेल' में छपी खबर पर पहल शुरू



**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत रांची चतरा मुख्य मार्ग के मकईया टांड़ कुसमाही साइडिंग के पास सड़क पर जमे कोयला व धूलकण को हटाने की शुरूआत हो गई है सोमवार को स्थानीय मजदूरों द्वारा सड़क पर कुदाल से सड़क पर जमे धूलकण को हटाया जा रहा है। बता दें कि बीते कुछ दिन पहले राष्ट्रीय नवीन मेल हिंदी दैनिक अखबार पर इस जमे कोयला धूलकण पर प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया गया था। इस जमे कोयला धूलकण से खास कर मोटरसाइकिल चालकों को काफी परेशानियां होती हैं, और चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा लोहरदगा की हुई बैठक

# नियुक्ति प्रक्रिया की जांच कराकर रद्द करें : अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा लोहरदगा की बैठक शमसुल अंसारी की अगुवाई में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से 5 सूत्री प्रस्ताव पारित कर लोहरदगा उपायुक्त से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई। पांच सूत्री मांगों में जनहित और राज्यहित में लोहरदगा जिला में चौकीदारी व्यवस्था बचाने, ए सीपी/ एमएसीपी का लाभ देना, माह के प्रथम सप्ताह में वेतन भुगतान करने हेतु सभी अंचल पदाधिकारियों को सख्त निर्देश देना, थाना में 24 घंटा रख कर बैठ बेगारी, बैंक ड्यूटी, कैदी स्कॉट, डाक ड्यूटी, रोड गश्ती और पोस्टमार्टम ड्यूटी कराने वाले थाना प्रभारियों पर विभागीय कार्रवाई शुरू करना और वर्दी भत्ता देना शामिल है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण



दयाल सिंह ने कहा कि झारखंड में सेवा विमुक्त, एवजी और अनुकंपा के आधार (आवेदन देने की अवधि 5 वर्ष समाप्त नहीं हुई है) पर चौकीदार दफादारों के रिक्त पदों पर की गई अवैध नियुक्ति तत्काल रद्द किया जाय। श्री सिंह ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि झारखंड में चौकीदारी व्यवस्था बचाने के लिए झारखंड के जिन जिन जिलों में चौकीदारों के रिक्त पदों पर विज्ञापन निकालकर अवैध नियुक्ति की गई है उसको तत्काल रद्द करे और इसकी जाँच झारखंड विधानसभा की समिति से कराए। जिलाध्यक्ष शमशुल अंसारी ने कहा कि लोहरदगा जिले के चौकीदारों को वर्ष 2023- 24 का वर्दी भत्ता का भुगतान नहीं किया गया है, उसका अविलंब भुगतान किया जाए। चौकीदार दफादारों का पद सार्वजनिक नहीं है, यह पद परंपरागत है । सार्वजनिक पद हेतु नया बीट सृजित करना होगा । बैठक में सचिव मिथिलेश यादव, बाबूलाल लोहार, रवि लोहार, अनोख लकड़ा, बर्तु उरांव, बरसा उरांव, अनिल कुजूर सहित अन्य शामिल थे।

# पंचायत स्तर पर सभी संचालित योजनाओं को पूर्ण करें : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में विकास योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बीडीओ संग्राम मुर्मू द्वारा पंचायत वार विकास योजना की समीक्षा किया गया। मनरेगा योजना के माध्यम से आम बागवानी, सिंचाई कूप निर्माण, 15 वें वित्त से नाली निर्माण सहित अन्य कार्यो का समीक्षा करते हुए अधूरा योजनाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी रोजगार सेवक पंचायत सेवक को निर्देश देते हुए कहा कि योजना को गति प्रदान कर सभी पुरानी योजनाओं को पूर्ण करा कर पंचायत स्तर पर कार्य करने के लिये नई योजनाओं का चयन करें। सभी पंचायत सचिव और जनसेवक योजनाओं का निरीक्षण करें। योजना को फाइल पर न रख योजनाओं को धरातल पर पूर्ण रूप से करायें तथा मनरेगा योजना में अधिक से अधिक मजदुरों को काम दें। मौके पर बीपीओ रघुनाथ मुंडा, सहायक अभियंता राजीव कुमार, कनीय अभियंता शिव शंकर भगत, डॉली तिर्की, आरती चेरकामो, गुहा उरांव सहित अन्य सभी पंचायत सचिव और जनसेवक उपस्थित थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार पीड़ित शोषित वंचित महिला को त्वरित व सुलभ न्याय देने को तत्पर

# महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के बैनर तले जिला के कुरु प्रखंड स्थित जीमा ग्राम में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार के विषय में बताया गया जिसमें रिसोर्स के रूप में उपस्थित अधिवक्ता प्रवीण कुमार भारती ने




कहा कि महिलाओं को उनके कानून में प्रदत्त अधिकारों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हिदू सक्सेसन एक्ट के तहत महिलाओं को पैतृक संपत्ति में पुरुषों के समान अधिकार है। विगत वर्ष जुलाई से लागू भारतीय न्याय संहिता सहित अन्य महत्वपूर्ण बदलाव आने से अब जल्द न्याय सुलभ हो पाएगा। अब महिला अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी हो रही हैं। जो अच्छा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार जिला के किसी भी पीड़ित शोषित वंचित महिला को त्वरित एवं सुलभ न्याय देने को तत्पर है।

## न्यूज बॉक्स

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, खनन अधिनियम के तहत की जाएगी कारवाई

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा अंचल क्षेत्र से अवैध बालू उठाव एवं परिवहन पर राज्य सरकार के आदेशानुसार रोक लगया गया है। उसके बावजूद अंचल क्षेत्र में अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन होने की सूचना आये दिन प्रशासन को मिल रहा है। वही सेन्हा थाना प्रभारी अजित कुमार को अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामले की गुप्त सूचना मिलते ही थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए छपेमारी अभियान चलाया गया। जिसके तहत बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के एक ट्रैक्टर को जोगना मेढो पथ से जब्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखते हुए अग्रतर कारवाई हेतु अंचलाधिकारी के द्वारा खनन विभाग को अवगत कराया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा कि सूचना सत्यापन के पश्चात ट्रैक्टर को जब्त कर संबंधित विभाग को अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा विभागीय निर्देश के बाद अग्रतर कारवाई किया जायेगा।

### भाजपा के हर कार्यकर्ता का एक सोच लोगों की सेवा करना : सचिन कुमार

**लोहरदगा।** भाजपा के द्वारा आज एक कार्यकर्ता ने नंदकिशोर तिवारी को एक युनिट ब्लड ऋतिक मेहता ने दिया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने जरूरतमंदों व्यक्ति को हर समय हर संभव प्रयास करने की कोशिश और पहल करते आ रहे हैं। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता हर समय लोगों की सेवा की है। आए दिन सफाई अभियान, ब्लड डोनेशन, और विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य में जुड़े हुए रहते हैं। ऋतिक मेहता ने कहा कि आज मुझे बहुत अच्छा लग रहा है कि मैं किसी को मदद किया और आने वाले समय में मैं हमेशा लोगों की मदद करूंगा। मौके पर उपस्थित शशि प्रकाश तिवारी, अजय तिवारी, मिथिलेश कुमार दुबे, नीलकमल तिवारी लोग उपस्थित थे।

### गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर समय निर्धारित किया गया

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मु की अध्यक्षता 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाने को सोमवार बैठक को संपन्न हुआ। आयोजित बैठक में गणतंत्र दिवस प्रखंड क्षेत्र में सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन करने के लिये समय निर्धारित किया गया। वही बीडीओ संग्राम मुर्मू ने सभी विभाग के कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस पहले सभी संस्थानों का साफ सफाई करने और धूमधाम से राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाने और विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम करने का निर्दश दिया गया। वही राजकीय उत्क्रमित बुनियादी उच्च विद्यालय सेन्हा में 8 बजकर 30 मिनट में राजकीय कृत कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 8 बजकर 40 मिनट में, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में 8 बजकर 50 मिनट में, प्रखंड संसाधन केंद्र में 9 बजे, प्रखंड कार्यालय में 9 बजकर 10 मिनट में, थाना परिसर सेन्हा में 9 बजकर 30 मिनट पर और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा में 10 बजे झंडोतोलन का समय तय किया गया है। झंडोतोलन अवसर पर प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। मौके पर प्रमुख फुलझरी देवी, सीओ मो मुदस्सर नजर मंसूरी, बीपीओ प्रकाश रंजन, एसआई साहेब कुंवर, प्रधानाचार्य रेनू मिश्रा, बीपीओ रघुनाथ मुंडा, त्रिवेणी भगत, नागमनी उरांव, अजय कुमार वर्मा सहित उपस्थित थे।

### जिला के प्रवासियों को दिया जाएगा एसआईएस में रोजगार

**लोहरदगा।** सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया एवं टीवी सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा लोहरदगा में दिनांक 27 जनवरी 2025 से 10 फरवरी 2025 तक एसआईएस भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती शिविर में 750 सुरक्षा जवान 250 सुरक्षा सुपरवाइजर एवं 200 कैश कस्टडियन का चयन किया जाएगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा में 1 माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमें पीटी ड्रिल औद्योगिक सुरक्षा वीआईपी सुरक्षा प्राथमिक उपचार फायर फाइटिंग कंप्यूटर बैंक सिक्योरिटी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करके सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड में 5000 कार्य स्थलों पर नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी।

### सरस्वती विद्या मंदिर की शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में आंतरिक एक दिवसीय शैक्षणिक गतिविधि का निरीक्षण हुआ। विद्या भारती के निर्देश पर निरीक्षण के लिए सुंदरी देवी शिशु मंदिर लोहरदगा के प्रधानाचार्या सुरेश चंद्र पांडे, शिशु /विद्या मंदिर बड़की चांपी के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने संयुक्त रूप से वंदना सभा में दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पार्चन किया। विद्यालय की गतिविधियों का अवलोकन किया और शिक्षण को प्रभावी बनाने के सुझाव दिए। विद्यालय गतिविधि में प्रातः शारीरिक योग, शून्य कालांश, वदंना सभा, प्रथम कालांश से अंतिम सप्तम कालांश तक की गतिविधि देखी गई। विद्या मंदिर लोहरदगा में आंतरिक एक दिवसीय शैक्षिक निरीक्षण हुआ। विद्या भारती योजना अनुसार अंतर विद्यालय निरीक्षक से विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होता है। इस प्रकार के अंतर निरीक्षण से दोनों विद्यालयों को लाभ मिलता है। वंदना सभा में आगत अतिथियों का परिचय मधुमिता शर्मा ने कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, आचार्या मधुमिता शर्मा, राजीव सिंह, एवं सुरेश्वर कुजूर उपस्थिति थे विद्यालय के सभी आचार्य जी -दीदी जी एवं कर्मचारी आदि मौजूद रहे।


## झारखण्ड सरकार
## उद्योग विभाग
### हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प, निदेशालय

**हस्तकरघा बुनकर समितियों/समूहों हेतु महत्त्वपूर्ण सूचना**

राज्य के हस्तकरघा बुनकरों समितियों/समूहों को सुदृढ़ करने हेतु कार्यशील पूँजी उपलब्ध कराने हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। इसके तहत बुनकर समितियों/समूहों को क्षमता, कार्यरत बुनकरों की संख्या एवं औसत उत्पादन के आधार पर निदेशालय स्तर पर गठित समिति द्वारा चयनित बुनकर समितियों/समूहों को कार्यशील पूँजी से माल (धागा एवं रंग–रसायन) तथा बुनाई शुल्क के रूप में सहायता प्रदान की जायेगी। आवेदक समर्पित आवेदन एवं सभी अनुलग्नकों की प्रति निदेशालय को भौतिक रुप में भी समर्पित करेंगे। राज्य में कार्यरत बुनकर समितियों/समूहों को निम्न विहित प्रपत्र में कार्यशील पूँजी हेतु आवेदन निदेशक, हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प, उद्योग भवन,रातू रोड,राँची–834001 के Website-https://jharsericulture.jharkhand.gov.in पर दिनांक– 10.02.2025 तक समर्पित किया जायेगा।

निदेशक
हस्तकरघा, रेशम एवं हस्तशिल्प
झारखण्ड, राँची

PR 344645 Directorate of Handloom Sericulture and Handicraft (24-25)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या– 18/RI/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 20.01.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

हमारे चुनावी लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडम्बना यही है कि बुनियादी मुद्दों की चुनावों में कोई चर्चा ही नहीं होती। मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, मुफ्त शिक्षा, मुफ्त चिकित्सा, महिलाओं के खातों में नगद सहायता पहुंचाने से लेकर कितनी तरह से मतदाता को लुभाने एवं लूटने के प्रयास होते हैं। न हवा शुद्ध, न पानी शुद्ध, सड़कों पर गड्ढे- इनके कारणों की कोई चर्चा नहीं। आप सरकार के दावों के बावजूद दिल्ली की शिक्षा एवं चिकित्सा की हालत जर्जर है। डिस्पेंसरियों, अस्पतालों और सफाई संस्थानों में जो धांधलियां हैं, उसके जिम्मेदार कौन है? क्या कोई उन्हें सुधारने की समयबद्ध योजना की बात करता है? आजादी का अमृत महोत्सव मना चुकी दिल्ली की इन दुर्दशाओं के कारण क्या है? क्या चुनाव में इन मुद्दों पर चर्चा होती है? क्या कोई बाबुओं और नौकरों की फौज पैदा करने वाली बेकार शिक्षा प्रणाली को सुधारने, निजी कारोबारों और रोजगार देने वाले उद्यमों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने की बात करता है? कभी सोचा है, क्यों नहीं? क्योंकि चुनाव राष्ट्र को सशक्त बनाने का नहीं बल्कि अपनी जेबें भरने का जरिया बन गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**ललित गर्ग**

## कश्मीर से पंडितों के पलायन के चार दशक

कश्मीर के सर्वाधिक नए जन सांख्यिकीय आंकड़ों पर नजर डाले तो स्वतंत्रता के समय वहां घाटी में 15% कश्मीरी पंडितों की आबादी थी जो आज 1% से नीचे होकर 0% की ओर बढ़ गई है। हाल ही के इतिहास में कश्मीर के ज.स. सांख्यिकी में यदि परिवर्तन का सबसे बड़ा कारक खोजें तो वह एक दिन, यानि 19 जनवरी 1990 के नाम से जाना जाता है। कश्मीरी पंडितों को उनकी मातृभूमि से खदेड़ देनें की इस घटना की यह भीषण और वीभत्स कथा 1989 में आकार लेनें लगी थी। पाकिस्तान प्रेरित और प्रायोजित आतंकवादी और अलगाववादी यहाँ अपनी जड़ें बैठा चुके थे। भारत सरकार आतंकवाद की समाप्ति में लगी हुई थी तब के दौर में वहां रह रहे ये कश्मीरी पंडित भारत सरकार के मित्र और इन आतंकियों और अलगाववादियों के दुश्मन और खबरी सिद्ध हो रहे थे। इस दौर में कश्मीर में अलगाववादी समाज और आतंकवादियों ने इस शांतिप्रिय हिन्दू पंडित समाज के विरुद्ध चल रहे अपनें धीमे और छदम संघर्ष को घोषित संघर्ष में बदल दिया। इस भयानक नरसंहार पर फारुक अब्दुल्ला की रहस्यमयी चुप्पी और कश्मीरी पंडित विरोधी मानसिकता केवल इस घटना के समय ही सामने नहीं आई थी। तब के दौर में तत्कालीन मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला अपने पिता शेख अब्दुल्ला के क़दमों पर चलते हुए अपना कश्मीरी पंडित विरोधी आचरण कई बार सार्वजनिक कर चुके थे। 19 जनवरी 1990 के मध्ययुगीन, भीषण और पाशविक दिन के पूर्व जमात-ए-इस्लामी द्वारा कश्मीर में अलगाववाद को समर्थन करने और कश्मीर को हिन्दू विहीन करनें के उद्देश्य से हिज्बुल मुजाहिदीन की स्थापना हो गई थी। इस हिजबुल मुजाहिदीन नें 4 जनवरी 1990 को कश्मीर के स्थानीय समाचार पत्र में एक एक विज्ञप्ति प्रकाशित कराई जिसमें स्पष्टत: सभी कश्मीरी पंडितों को कश्मीर छोड़ने की धमकी दी गई थी। इस क्रम में उधर पाकिस्तानी प्रधानमन्त्री बेनजीर नें भी टीवी पर कश्मीरियों को भारत से मुक्ति पानें का एक भड़काऊ भाषण दे दिया। घाटी में खुले आम भारत विरोधी नारे लगनें लगे। घाटी की मस्जिदों में अजान के स्थान पर हिन्दुओं के लिए धमकियां और हिन्दुओं को खदेड़ने या मार-काट देने के जहरीले आव्हान बजनें लगे। एक अन्य स्थानीय समाचार पत्र अल-सफा ने भी इस विज्ञप्ति का प्रकाशन किया था। इस भड़काऊ, नफरत, धमकी, हिंसा और भय से भरे शब्दों और आशय वाली इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के बाद कश्मीरी पंडितों में गहरें तक भय, डर घबराहट का संचार हो गया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रवीण गुगनानी**

## सबसे चर्चित अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह



दुनिया के देशों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह चर्चाओं में है। अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज 20 जनवरी सोमवार को राष्ट्रपति पद की शपथ ले रहे हैं। इस शपथ ग्रहण समारोह के लिए जो चंदा एकत्रित किया गया उसका अपना एक अलग रिकॉर्ड बन गया है। सबसे ज्यादा चंदा पाने वाले डोनाल्ड ट्रंप पहले राष्ट्रपति बने हैं, जिन्हें कारपोरेट कंपनियां ने दिल खोलकर चंदा दिया है। चंदा देने वाली कंपनियों में टेक्नोलॉजी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्रिप्टोकरंसी और कई बड़ी-बड़ी कंपनियां शामिल हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि आयोजन के लिए 200 मिलियन डॉलर का चंदा शपथ ग्रहण समारोह के लिए डोनाल्ड ट्रंप एकत्रित कर सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह के लिए अमेरिका के इतिहास में अभी तक का यह सबसे बड़ा चंदा है। अमेरिका में राष्ट्रपति को चंदा देने की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति को मिले हुए दान का खुलासा करना पड़ता है। शपथ ग्रहण समारोह में जो खर्च हो रहा है उससे ज्यादा चंदा एकत्रित हो जाने से अमेरिका में इस बात की चर्चा होने लगी है कि भविष्य में इस चंदे का उपयोग किस काम के लिए होगा। शनिवार की देर रात चीनी कंपनी टिकटॉक की सेवाएं बंद कर दी गईं थीं। अमेरिका में टिकटॉक प्लेटफार्म से करोणों लोग जुड़े हुए हैं। अमेरिकी नागरिकों की कमाई का एक बड़ा जरिया टिकटॉक कंपनी थी। रविवार की देर रात इसको पुनः शुरू कर दिया गया। ट्रंप शपथ ग्रहण करने के बाद राष्ट्रपति टिकटॉक कंपनी को 90 दिन तक शुरू करने का आदेश देने वाले हैं। उनके मौखिक आदेश पर टिकटॉक की सेवाएं शुरू कर दी गईं हैं। माना जा रहा है कि इस कंपनी को एलन मस्क की कंपनी खरीद सकती है, क्योंकि अमेरिका के रोजगार से जुड़ा हुआ यह मामला है। अतः माना जा रहा है कि टिकटॉक जल्द ही नए नाम से अमेरिका में व्यवसाय शुरू कर देगी।

ट्रंप का शपथ ग्रहण समारोह इसलिए भी चर्चाओं में है क्योंकि अमेरिका से जिन राष्ट्रों के साथ अच्छे संबंध नहीं हैं उन्हें भी शपथ ग्रहण समारोह का न्योता भेजा गया। यूरोपीय संघ और मित्र राष्ट्रों को उन्होंने चुन-चुन कर शपथ ग्रहण का न्योता भेजा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने पिछले चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप का चुनाव प्रचार किया था अबकी बार ट्रम्प सरकार का नारा लगाया था उन्हें शपथ ग्रहण में नहीं बुलाया गया। यह अलग बात है कि भारत के विदेश मंत्री को अमेरिका का न्यौता आया और वह शपथ ग्रहण में भाग लेने के लिए गए हैं। मुकेश अंबानी और नीता अंबानी को शपथ ग्रहण समारोह का न्योता भेजा गया जिसको लेकर भारत में बड़ी चर्चा हो रही है। सारी दुनिया में शपथ ग्रहण समारोह की चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि एक तरफ शपथ ग्रहण समारोह के लिए सबसे ज्यादा चंदा इकट्ठा किया गया तो वहीं पुरानी सारी परंपराओं को तोड़कर शपथ ग्रहण समारोह के लिए अतिथियों को बुलाया गया। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद दुनिया के सभी देशों में इसकी क्रिया और प्रतिक्रिया हो रही है। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति शपथ लेने के बाद 100 ऐसे आदेश जारी करने जा रहे हैं जिसका असर दुनिया के सभी देशों में पड़ सकता है। इसलिए शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही दुनिया के देशों में आशंकाएं भी बढ़ गई हैं। डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद क्या करेंगे यह अलग बात है, लेकिन जिस तरह के भाषण राष्ट्रपति बनने के पहले वो दे रहे थे, वही नीतियां यदि लागू की गईं तो बड़े पैमाने पर पूरी दुनिया में अफरा-तफरी मच सकती है। अमेरिका में घुसपैठ करके अवैध प्रवासी रह रहे हैं, उनमें सबसे ज्यादा चिंता है। कच्चे तेल के दाम, मैक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने और रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम एवं विस्तारवाद को लेकर उन्होंने जो बयान दिए थे उसको लेकर दुनिया भर के देशों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**सनत जैन**

### फेसबुक वॉल से





### एक्स से





### आज का दोहा

चंदा को जाड़ा चढा, सोया कंबल ओढ।
सूरज अलसाता रहा, जग की चिंता छोड़।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## कांग्रेस का कार्यालय तो नया पर पार्टी की समस्याएं पुरानी

भारतीय राजनीति में पांच दशक तक केन्द्र और राज्य की राजनीति में एकतरफा हुकुमत करने वाली कांग्रेस पार्टी 2014 के बाद लगातार राजनीतिक संक्रमण काल से गुजर रही है। जिससे बाहर निकलने के वह प्रयास अवश्य करती है परन्तु सफलता उस तरह की नहीं मिल पाती। लोकसभा चुनाव 2014 में उसके 44 सांसद, 2019 में 52 सांसद थे परन्तु राहुल गांधी की पदयात्रा का प्रभाव था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अपने 100 सांसद तक पहुंच गई है। इसके बाद भी उसकी जो समस्यायें है कम होने का नाम नहीं ले रही है। उम्मीद थी कि लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा एवं महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कुछ अच्छा करेगी परन्तु ऐसा कुछ नहीं हुआ और दोनों जगह उसे निराशा का सामना करना पड़ा।

कांग्रेस की संगठनात्मक कमजोरियां अपनी जगह यथावत है। इसमें सुधार की केवल बातें की जाती है। धरातल में इसके कोई सुधार होते दिखते नहीं। निरंतर पराजय से कार्यकर्ता से निराशा में डूबा हुआ है। जिला राज्य और केन्द्र तीनों जगह कांग्रेस संगठन कमजोर है। जिसके कारण कांग्रेस को हम कदम में एक नये संकट का सामना करना पड़ता है। ऐसे प्रतिकूल परिस्थितियों में कांग्रेस पार्टी ने अपने नये कार्यालय का उद्घाटन गत दिवस किया है यह अच्छी बात है। परन्तु पार्टी की जो समस्यायें है वह पुरानी है जब तक वह बाहर नहीं निकलेगी और सरकारें नहीं बनेगी तो वह एक मजबूत स्वरूप ग्रहण नहीं कर पायेगी। कांग्रेस की दिक्कत यह है कि वह चुनाव परिणाम के पश्चात अपने प्रदर्शन में ईमानदारी के साथ आत्ममंथन नहीं करती। उससे दूर भागती है जिसके कारण बेसिक समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता।

कांग्रेस पार्टी का नया मुख्यालय जो इंदिरा भवन 9ए कोटला रोड नई दिल्ली है। इसके निर्माण में 252 रूपये का व्यय आया है। जिसकी आधारशिला 2009 में तत्कालिन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रखी थी। आर्थिक परेशानियों के कारण इस कार्यालय को बनने में पूरे 15 वर्ष लग गये। 46 साल बाद कांग्रेस का मुख्यालय बदला है। पुराना ऑफिस 24 अकबर रोड था। इस ऑफिस के डिजाइनर हफीज कान्ट्रेक्टर, निर्माण एंजेसी लार्सन एंड टूब्रो है। जब आधारशिला रखी गई तब इसकी लागत 172 करोड़ आंकी गई थी लेकिन देरी होने से इस लागत में 80 करोड का अधिक खर्चा आया। नये ऑफिस का क्षेत्रफल 1.82 एकड़ है। यह ऑफिस सभी तरह की अति आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है। जिसमें आजादी के पहले व आजादी के बाद की सभी यादगार पलों को सजोया गया है।

भारत की महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नाम पर इसे रखा गया है। आईसीसी मुख्यालय कांग्रेस पार्टी के अपने दिग्गजों के दृष्टिकोण को बनाये रखने के निरंतर मिशन का प्रतीक है। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटले जैसे दिग्गजों के नेतृत्व में भारत के स्वतंत्र आंदोलन का नेतृत्व करने वाली पार्टी के रूप में कांग्रेस आधुनिक लोकतांत्रिक और समतामूलन भारत के निर्माण के लिये अपने समपर्ण में दृढ रही है। नये मुख्यालय को पार्टी एवं उसके नेताओं की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिये डिजाइन किया गया है। जिसमें प्रशासनिक संगठनात्मक और रणनीतिक गतिविधियों का समर्थन करने के लिये आधुनिक सुविधायें है। यह भवन कांग्रेस पार्टी की दूरदृष्टिकोण को दर्शाता है। साथ ही इसके असाधारण अतीत को श्रद्धांजली देता है। जिसने भारत के राजनीतिक व सामाजिक तानेबाने का आकार दिया है। 24 अकबर रोड कार्यालय में कांग्रेस को चार प्रधानमंत्री दिये थे। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पी.व्ही. नरसिम्हा राव एवं मनमोहन सिंह। बहरहाल कांग्रेस का मुख्यालय नये भवन में शिफ्ट हो गया है। वर्तमान समय कांग्रेस कठिन राजनीतिक संघर्ष के दौर से गुजर रही है। जिसमें सुधार के लिये उसे गहन आत्ममंथन, गंभीर होमवर्क और योजनाबद्ध रोडमैप की आवश्यकता है। गठबंधन के दौर की राजनीति में उलझी कांग्रेस जब तक खुद को मजबूत नहीं करती और वह राज्यों में अपनी ताकत नहीं बढ़ाती तब तक उसके लिये कठिन समय समाप्त नहीं होगा। पार्टी कोशिश जरूर करती है परन्तु सफलतायें उसे आशा के अनुरूप नहीं मिल पाती।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**रहीम खान**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

धामी मंत्रिमंडल की बैठक में यूसीसी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

# उत्तराखंड में जल्द लागू होगी समान नागरिक संहिता

**सीएम ने कहा,** हमने जनता से किया गया वादा पूरा किया

**देहरादून (हि.स.)।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए धामी मंत्रिमंडल ने सोमवार को इसकी नियमावली को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह फैसला वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। सोमवार को सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में यूसीसी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। हालांकि, निकाय चुनावों के चलते मंत्रिमंडल की ब्रीफिंग आयोजित नहीं हो सकी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, हमारी सरकार ने जनता से जो भी वादा किया, उसे पूरा किया है। हमने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व वादा किया था कि हम प्रदेश में समान नागरिक संहिता लेकर आएंगे। आज ही मंत्रिमंडल की बैठक में हमने सर्वसम्मति से यूसीसी को पारित कर दिया है, जिसे शीघ्र ही प्रदेश में लागू किया जाएगा। हमने जनता की मांग के अनुरूप ही प्रदेश में धर्मांतरण, लैंड जिहाद और थूक जिहाद, दंगा और नकल रोकने के लिए सख्त कानून बनाए हैं। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का वेबपोर्टल 21 जनवरी को पहली बार प्रदेशभर में एक साथ उपयोग में आएगा। फिलहाल यह कवायद सरकार के अभ्यास (मॉक ड्रिल) का हिस्सा होगी। इसके बाद यूसीसी को लागू किया जा सकता है। मॉक ड्रिल से सरकार, विशेष समिति और प्रशिक्षण टीम अपनी-अपनी तैयारियों को परख सकेंगी। यूसीसी लागू होने पर सभी धर्म-समुदायों में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक ही कानून होगा। 26 मार्च 2010 के बाद से हर दंपती के लिए तलाक व शादी का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। हलाला और इद्दत जैसी प्रथा खत्म होगी। महिला का दोबारा विवाह करने की किसी भी तरह की शर्तों पर रोक होगी।



### ऐसे लागू हुआ यूसीसी

विधानसभा चुनाव में 12 फरवरी 2022 के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी की घोषणा की थी। धामी मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यूसीसी लाने के लिए फैसला लिया गया। मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में विशेषज्ञ समिति बनी। समिति ने 20 लाख सुझाव ऑफलाइन और ऑनलाइन प्राप्त किए। 2.50 लाख लोगों से समिति ने सीधा संवाद किया। 02 फरवरी 2024 को विशेषज्ञ समिति ने ड्राफ्ट रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी। सात फरवरी को विधेयक विधानसभा से पारित हुआ। राजभवन ने विधेयक को मंजूरी के लिए राष्ट्रपति को भेजा। राष्ट्रपति ने 11 मार्च यूसीसी विधेयक को अपनी मंजूरी दी। यूसीसी कानून के नियम बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया।



सुपौल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान

## संभल हिंसा में 10 और पत्थरबाज आरोपित गिरफ्तार, अब तक 72 दबोचे

**संभल(हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में विवादित जामा मस्जिद में 24 नवम्बर 2024 को सर्वे के दौरान तीन स्थानों पर हुई हिंसा में फरार चल रहे 10 और आरोपितों को संभल कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक 72 उपद्रवी पकड़े जा चुके हैं। इन उपद्रवियों ने पत्थरबाजी के अलावा आगजनी और तोड़फोड़ करने के साथ पुलिस पर भी जानलेवा हमला किया था। हिंसा के दौरान पुलिस ने जो फोटो लिए थे, उसके आधार पर इन आरोपितों की पहचान की गई है। संभल पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में कोतवाली क्षेत्र के देहली दरवाजा निवासी मुल्ला अफरोज, तहजीब, अजहर अली, असद, कागजी सराय निवासी दानिश, शुऐब, आलम, मोहल्ला जगत निवासी दानिश, आलम सराय निवासी शानेआलम और कोटगर्वी निवासी बाकिर शामिल हैं। सभी आरोपितों को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## हम श्री राम को मानते हैं लेकिन उनके बताए रास्तों पर नहीं चलते : रामनाथ कोविंद

**महाकुम्भ नगर (हि.स)।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने महाकुम्भ परिसर में संत मोरारी बापू की मानस कथा में कहा कि आप सभी संत मेरा परिवार हैं। मेरे मन में एक ही बात है कि बापू की श्रीराम कथा श्रृंखला की 950वीं कथा है। यह एक सुखद संयोग है और हम एक हजार श्रीराम कथाओं तक पहुंचने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने देखा है कि हम श्रीराम को मानते हैं, उनके चरित्र को मानते हैं, उनके चरित्र को अपने जीवन में अपनाने का प्रयास करते हैं, उनकी शिक्षाओं को जानने का प्रयास करते हैं, लेकिन राम की नहीं मानते हैं। उनके बताए रास्ते पर नहीं चलते। इस दौरान संत मोरारी बापू ने रामनाथ कोविंद के साथ अपनी पुरानी स्मृतियों का स्मरण करते हुए कहा कि आपके सान्निध्य में बिताए दृश्य अद्भुत और अलौकिक हैं। आज भी मुझे याद है, जब आप गुरूकुल आए थे। उस समय सभी व्यवस्थाएं एक ओर थीं, पर आपकी आस्था एक ओर थी। आपने हमारे पूरे गांव से कहा था कि यदि कभी दिल्ली आओ तो कहीं और मत रुकना, राष्ट्रपति भवन में रुकना। इस प्रकार आपने राष्ट्रपति भवन को राष्ट्र भवन के रूप में सभी को दर्शन कराए। साधु संग पूर्व राष्ट्रपति के लिए सदैव प्रथम रहा है। उन्होंने कहा कि यह बात और है कि वह खामोश खड़े होते हैं, लेकिन जो बड़े होते हैं, वह बड़े ही होते हैं।



# सुप्रीम कोर्ट के 13 वकीलों ने सीजेआई को लिखा पत्र

ब्यूरो



**जस्टिस शेखर यादव** पर कार्रवाई करने के लिए लिखी गई है चिट्ठी

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव के विवादास्पद बयानों को लेकर अब 13 वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना को पत्र लिखा है। पत्र में वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने कहा कि सीबीआई को जस्टिस शेखर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दें। यह पत्र जस्टिस शेखर की पिछले दिनों विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक कार्यक्रम में उनके विवादास्पद भाषण को लेकर लिखा गया है।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के महासचिव के माध्यम से सीजेआई को संबोधित पत्र की प्रतिलिपि शीर्ष न्यायालय के अन्य वरिष्ठ न्यायाधीशों - न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एएस ओका को भी भेजी गई है। पत्र में कहा गया है कि उपयुक्त भाषण का स्वतः संज्ञान लेते हुए और मामले की गंभीरता को देखते हुए, सीबीआई को जस्टिस शेखर कुमार यादव के खिलाफ के. वीरास्वामी मामले में निर्धारित कानून के अनुसार प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। पत्र पर वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह, एसपी चिनॉय, नवरोज सीरवी, आनंद ग्रोवर, चंदर उदय सिंह, जयदीप गुप्ता, मोहन वी कटारकी, शोएब आलम, आर वैगई, मिहिर देसाई और जयंत भूषण ने हस्ताक्षर किए हैं।

जस्टिस यादव ने 8 दिसंबर को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कानूनी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भाषण देकर विवाद खड़ा कर दिया था। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर अपने व्याख्यान के दौरान न्यायमूर्ति यादव ने विवादास्पद टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत बहुसंख्यक आबादी की इच्छा के अनुसार काम करेगा।

जस्टिस शेखर ने अपने भाषण के दौरान कई अन्य विवादास्पद टिप्पणियां कीं, जिनमें मुसलमानों के खिलाफ अपमानजनक शब्द 'कठमुल्ला' का प्रयोग भी शामिल था। पत्र में कहा गया है कि जस्टिस यादव समान नागरिक संहिता पर टिप्पणी कर रहे थे, लेकिन पूरा भाषण सार्वजनिक मंच पर घृणा फैलाने के लिए एक आवरण की तरह लग रहा था। भाषण की सामग्री में कुछ भी शैक्षणिक, कानूनी या न्यायिक नहीं था। इसके अलावा, जस्टिस यादव ने शासन पर बहुसंख्यक दृष्टिकोण पर जोर दिया और कहा कि भारत 'बहुसंख्यक' (बहुमत) द्वारा शासित है, जिसका अधिकार प्रबल होना चाहिए। वरिष्ठ वकीलों ने इस रुख की आलोचना करते हुए तर्क दिया कि यह सभी के लिए समानता और न्याय के संवैधानिक सिद्धांतों को कमजोर करता है, चाहे वह किसी भी धर्म का हो, तथा अल्पसंख्यकों के अधिकारों की अवहेलना करता है।

न्यायमूर्ति यादव ने 'हम' और 'आप' के बीच एक स्पष्ट और भड़काऊ अंतर खींचा, 'हमारी गीता' और 'आपकी कुरान' की बात की, जिसे पत्र में उजागर किया गया। इसमें कहा गया है कि यह स्पष्ट रूप से विभाजनकारी बयानबाजी न्यायिक निष्पक्षता की अवहेलना करती है, जिसमें न्यायाधीश खुले तौर पर खुद को एक धार्मिक समुदाय के साथ जोड़ते हैं, जबकि दूसरे को बेहद अपमानजनक रोशनी में पेश करते हैं। मुसलमानों के एक वर्ग को संदर्भित करने के लिए उनके द्वारा अपमानजनक 'कठमुल्ला' शब्द का इस्तेमाल बेहद परेशान करने वाला है। वरिष्ठ वकीलों ने कहा कि न्यायाधीश के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196 और 302 के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि उनके भाषण से मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है और धार्मिक समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने की भावना पैदा हुई है। इसमें कहा गया कि उच्च न्यायालय के एक कार्यरत न्यायाधीश द्वारा सार्वजनिक समारोह में इस प्रकार के सांप्रदायिक रूप से भड़काऊ बयान देने से न केवल धार्मिक सद्भाव को नुकसान पहुंचता है, बल्कि न्यायपालिका की अखंडता और निष्पक्षता में जनता का विश्वास भी खत्म होता है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने के वीरास्वामी मामले में 1991 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि सीजेआई से पूर्व परामर्श के बिना किसी हाईकोर्ट के जज, हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस या सुप्रीम कोर्ट के जज के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। फैसले में इस बात पर जोर दिया गया कि सरकार को सीजेआई की राय पर उचित विचार करना चाहिए। इसे देखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने मुख्य न्यायाधीश से न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## सरकार ने मामला सीबीआई बनाम सीआईडी बना दिया : अधीर

**कोलकाता (आईएएनएस)।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुई दरिंदगी के मामले में सियालदह कोर्ट ने आरोपी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने मीडिया से कहा कि वह इस सजा से संतुष्ट नहीं हैं। अधीर रंजन चौधरी ने कहा, "मैं इस सजा से बिल्कुल संतुष्ट नहीं हूं। मैं न्यायाधीश के खिलाफ कुछ नहीं कह सकता। न्यायाधीश भी क्या करें? जिस तरीके से तफ्तीश की गई थी और सबूत पेश किए गए थे, उसी हिसाब से सजा मिलनी चाहिए थी। जांच में जो खामियां थीं, उन्हें पहले ही हम सबने उठाया था। इन खामियों के कारण आज अपराधी को उम्रकैद की बजाय जमानत मिल सकती थी क्योंकि राज्य सरकार ने यह मुद्दा 'सीबीआई बनाम सीआईडी' में बदल दिया था।

## महाकुंभ में आग लगने की घटना पर राजनीति न हो : केशव प्रसाद

**वाराणसी(आईएएनएस)।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रयागराज में चल रहा 'दिव्य और भव्य' महाकुंभ बहुत सुव्यवस्थित ढंग से जारी है। श्रद्धालु वाराणसी भी आ रहे हैं। इसके साथ ही अयोध्या और मां के धाम विंध्याचल भी जा रहे हैं। उन्होंने महाकुंभ में आग लगने की घटना पर कहा कि यह प्राकृतिक दुर्घटना होती है। इस पर राजनीति न हो। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत में महाकुंभ में आग लगने की घटना को प्राकृतिक बताते हुए कहा कि जो कर्मी रहे होंगे, उनकी लापरवाही रही होगी। लेकिन, आग पर त्वरित काबू पा लिया गया था, तुरंत एक्शन हुआ है। मेला सकुशल चल रहा है। इसमें किसी प्रकार की राजनीति न हो। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह एक राष्ट्रीय बीमारी है। उसका जनता इलाज कर रही है। केशव मौर्य ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा जीत रही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी कमल खिलने जा रहा है।

बता दें कि महाकुंभ के मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में रविवार को करपात्र धाम वाराणसी और गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में आग लग गई।

# जूना अखाड़े में 900 से ज्यादा साधुओं का हुआ नागा संस्कार

नवीन मेल संवाददाता

### आंतरिक सुरक्षा के लिए नागा साधुओं की अपनी कोतवाली होती है



**नागा अखाड़े के कोतवाल इस तरह की देते हैं सजा**

- कोतवाल की मौजूदगी में गंगा में 108 डुबकी।
- अखाड़े में सबके पास जाकर उनको दातुन देना।
- छावनी के भीतर एक सप्ताह तक सफाई करना।
- अपने गुरु भाई के यहां बर्तन साफ करना।

**प्रयागराज।** नागा साधु कैसे बनाए जाते हैं, नागा अखाड़ों की सुरक्षा कैसे होती है, उसके क्या नियम कानून हैं? इसके लिए प्रयागराज महाकुंभ में जुटे शैव अखाड़ों के नागा साधुओं से बात करने पर उन्होंने बताया कि सभी दशनामी शैव अखाड़ों की अपनी अलग कोतवाली है। इनमें कोतवाल तैनात रहते हैं। इनके जिम्मे छावनी की आंतरिक सुरक्षा होती है। अखाड़े के नागा समेत अन्य साधुओं को नियंत्रित करने का काम यही कोतवाल करते हैं।

उन्होंने बताया कि अखाड़ों के अपने कानून भी हैं। यदि कोई नियम तोड़ता है तो उसे सजा दी जाती है। गंभीर अपराध पर अखाड़े से निष्कासन तक का विधान है। अखाड़ों में अपना आंतरिक विवाद कोर्ट कचहरी लेकर जाने का रिवाज नहीं है। विवाद मिल बैठकर सुलझाए जाते हैं। धर्म ध्वजा के नीचे इष्ट देव की कुटिया स्थापित होने के साथ ही छावनी में भी कोतवाली बन जाती है। छावनी की सुरक्षा के लिए अलग-अलग कोतवालों की तैनाती होती है।

निरंजनी अखाड़े के महंत महेंद्रानंद के मुताबिक नागा संन्यासी ही कोतवाल बन सकते हैं। खास तौर से उनको चांदी से मढ़ा दंड दिया जाता है। इसके पास रहते कोतवाल किसी को दंड दे सकते हैं। छावनी में गड़बड़ी करने वाले इनके पास लाए जाते हैं। मामूली गलती पर छोटा दंड दिया जाता है, लेकिन आरोप गंभीर हैं, तब उसकी पेशी चेहरा मोहरा में होती है। यहां उसे अपनी सफाई पेश करनी पड़ती है। पंच ही उसके बारे में फैसला करते हैं। यदि किसी पर विवाह करने, दुष्कर्म करने, आर्थिक अपराध जैसे आरोपों की पुष्टि होती है, तब उसे अखाड़े से बाहर निकाल दिया जाता है। अखाड़े का अनुशासन तोड़ने पर सजा इस तरह की दी जाती है, जिससे उसे अपनी भूल का अहसास हो सके।

ज्यादातर सजा आर्थिक न होकर धार्मिक होती है। महानिर्वाणी अखाड़े के कोतवाल दिगंबर गणेश पुरी एवं अवधेश गिरि का कहना है कि समय-समय पर कोतवालों को भी बदला जाता है। प्रयागराज में जूना अखाड़े में बीते शनिवार से नागा संस्कार आरंभ हुए। दोपहर को 900 से ज्यादा साधुओं ने गंगा स्नान के बाद कठिन साधना आरंभ की। वस्त्र त्याग करके केवल अधोवस्त्र में छावनी लौटे। धर्म ध्वजा के नीचे अग्नि के समक्ष बैठकर तपस्या आरंभ की। आधी रात के बाद पंच गुरु की मौजदूगी में उनके पंच संस्कार पूरे कराए गये। 48 घंटे लंबी क्रियाओं के बाद यह सभी जूना अखाड़े के नागा परिवार में शामिल हो जाएंगे।

जूना अखाड़ा छावनी में बीते शनिवार दोपहर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संस्कार आरंभ हुए। भगवान दत्तात्रेय एवं हर-हर महादेव के जयकारे लगाते हुए सभी साधुओं को गंगा किनारे ले जाया गया। इनमें हर आयु वर्ग के साधु शामिल हुए। सबसे पहले गंगा में 108 डुबकी लगाई। इसके बाद सभी का क्षौर कर्म के साथ जनेऊ संस्कार हुआ। यहां से सभी वापस छावनी आए। गुरु कुटिया के समक्ष धर्म ध्वजा के नीचे बने घेरे के बीच जल रही अग्नि के समक्ष उनकी तपस्या आरंभ हुई।

इस तपस्या के माध्यम से इंद्रियों को वश में करने के साथ अपनी दुर्बलताओं को अग्नि में अर्पित करना होता है। बिना अन्न-जल ग्रहण किए रात भर यह कठिन साधना करनी पड़ी। तड़के दोबारा सभी को गंगा तट ले जाकर अन्य संस्कार पूरे कराए गए। यहां पांच गुरु मौजूद रहे। उनको कंडी, भगवा वस्त्र, लंगोटी, भभूत देने के साथ ही शिखा मुंडित किया गया। आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि की मौजूदगी में यह संस्कार हुए।

श्रीमहंत मोहन गिरि के मुताबिक विजया हवन के लंगोटी खोलकर नागा बनाया जाएगा। हिंदू धर्म में मृत्यु के बाद ही पिंडदान का विधान है, लेकिन संन्यास दीक्षा लेने की प्रक्रिया में उनको पहले खुद का पिंडदान करना होता है। पिंडदान करने के साथ ही पितृ ऋण से मुक्त होने के लिए भी वह पिंडदान करेंगे। इसके साथ ही उनके सारे सामाजिक दायित्व भी खत्म हो जाएंगे। इसके बाद वह सामाजिक जीवन की ओर नहीं लौट सकेंगे।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

70वीं औपबंधिक सूची जिला–लोहरदगा (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी जलेश्वर उराँव एवं एतवा उराँव द्वारा आयोग के मा0 सदस्य भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–276/24<br>2. आवेदक–मनोहर उराँव , पिता–स्व0 धुचा उराँव<br>3. ग्राम–जमगाई , पोस्ट–जमगाई, थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–277/24<br>2. आवेदक–गंदिरा उराँव , पिता–बन्दे उराँव<br>3. ग्राम–तेतरपोका , पोस्ट–भण्डरा, थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–278/24<br>2. आवेदक–चमरा उराँव , पिता–स्व0 मदागुंडी उराँव<br>3. ग्राम–कुन्दो , पोस्ट–झिकोचट्टी, थाना–भण्डरा , प्रखण्ड–भण्डरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अभय कुजूर, जलेश्वर उराँव, एनामुल अंसारी एवं कृष्णा महतो द्वारा आयोग के मा0 सदस्य नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान के आधार पर। | |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–269/24<br>2. आवेदक–अरूण कुमार अग्रवाल , पिता–जयप्रकाश लाल<br>3. ग्राम–लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पंजे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–270/24<br>2. आवेदक–उदय कुमार गुप्ता , पिता–राम किशोर प्रसाद गुप्ता<br>3. ग्राम–बड़की चापी , पोस्ट–कुडू , थाना–कुडू , प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–271/24<br>2. आवेदक–सुनील कुमार अग्रवाल , पिता–हिरालाल अग्रवाल<br>3. ग्राम–कोयरी मोहल्ला वार्ड नं0 20 , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां घुटना में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–272/24<br>2. आवेदक–आनंद कुमार केशरी , पिता–ज्वाला प्रसाद केशरी<br>3. ग्राम–बसारबारी , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–279/24<br>2. आवेदक–सुनील कुमार , पिता–अमरनाथ साहदेव<br>3. ग्राम–होन्दगा , पोस्ट–किस्को , थाना–किस्को , प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–280/24<br>2. आवेदक–दिपक कुमार पोद्दार , पिता–विनय कुमार पोद्दार<br>3. ग्राम–लोहरदगा , पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–281/24<br>2. आवेदक–रोहन श्याम , पिता–श्याम सुंदर प्रसाद केशरी<br>3. ग्राम–थाना चौक, मेन रोड पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–282/24<br>2. आवेदक–संजय कुमार केशरी , पिता–कृष्ण मोहन प्रसाद केशरी<br>3. ग्राम–छत्तार बगीचा, पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–283/24<br>2. आवेदक–सुधीर कुमार , पिता–अमर साहदेव<br>3. ग्राम–होन्दगा , पोस्ट–किस्को , थाना–किस्को , प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–284/24<br>2. आवेदक–अफरोज आलम , पिता–आजम कुरैशी<br>3. ग्राम–वार्ड नं0 1, बगडु रोड, कुरैशी मुहल्ला, पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–285/24<br>2. आवेदक–लक्ष्मण भगत , पिता–कोल्हा भगत<br>3. ग्राम–धोबाली , पोस्ट–भंडरा, थाना–भंडरा, प्रखण्ड–भंडरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–141<br>2. आवेदक–शम्मी खलीफा , पिता–सुभान खलीफा<br>3. ग्राम–वार्ड नं0 16, थाना रोड, मुदीन गली, पोस्ट–लोहरदगा , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड–लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सधनु भगत एवं अश्विनी कुजूर द्वारा आयोग के मा0 सदस्य भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान के आधार पर। | |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–273/24<br>2. आवेदक–कुंवर लोहरा , पिता–स्व0 धर्मदेव लोहरा<br>3. ग्राम–परहेपाट , पोस्ट–किस्को , थाना–किस्को , प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना भाग में लहसन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–286/24<br>2. आवेदक–कुदरत अंसारी , पिता–वहाब अंसारी<br>3. ग्राम–किस्को , पोस्ट–किस्को , थाना–किस्को , प्रखण्ड–किस्को<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी आयता उरांव एवं छेदी अंसारी द्वारा आयोग के मा0 सदस्य भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान के आधार पर। | |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–274/24<br>2. आवेदक–चामू भगत , पिता–लालू भगत<br>3. ग्राम–ननतीलो , पोस्ट–लावागार्ड, थाना–कुडू, प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के सामने तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–265/24<br>2. आवेदक–दिलदार खान , पिता–एसाउद्दीन खान<br>3. ग्राम–टाकू , पोस्ट–कुडू, थाना–कुडू, प्रखण्ड–कुडू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चैतु मुण्डा एवं बिनोद भगत द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–287/24<br>2. आवेदक–सुका उराँव , पिता–स्व0 सोमरा उराँव<br>3. ग्राम–डान्डु , पोस्ट– डान्डु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड– सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–288/24<br>2. आवेदक–प्रकाश उराँव , पिता–स्व0 बिरसा उराँव<br>3. ग्राम–डान्डु , पोस्ट– डान्डु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड– सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–289/24<br>2. आवेदक–बान्दो भगत , पति–स्व0 भीम भगत<br>3. ग्राम–डान्डु , पोस्ट– डान्डु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड– सेन्हा<br>4. लिंग–महिला , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–290/24<br>2. आवेदक–संतोष उराँव , पिता–स्व0 सोहराई उराँव<br>3. ग्राम–चितरी , पोस्ट– डान्डु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड– सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–291/24<br>2. आवेदक–लालजीत उराँव , पिता–एतवा उराँव<br>3. ग्राम–हेसाग , पोस्ट–दुन्दरू , थाना–पेसरार , प्रखण्ड– पेसरार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–292/24<br>2. आवेदक–फगुवा उराँव , पिता – स्व0 रामदयाल उराँव<br>3. ग्राम–चितरी , पोस्ट– डान्डु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड– सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आँख में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–293/24<br>2. आवेदक–इन्द्रजीत उराँव , पिता–स्व0 देवलाल उराँव<br>3. ग्राम–मान्हों , पोस्ट– हिरही , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड– लोहरदगा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आँख में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–294/24<br>2. आवेदक–भैया राम उराँव , पिता–अमृत उराँव<br>3. ग्राम–एकागुडी , पोस्ट–डांडु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड– सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां नाक के बगल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–295/24<br>2. आवेदक–जग्रनाथ उराँव , पिता–स्व0 देवधारी उराँव<br>3. ग्राम– डांडु , पोस्ट–डांडु , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड– सेन्हा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–296/24<br>2. आवेदक–भूपेश उराँव , पिता–स्व0 लगना उराँव<br>3. ग्राम–पुगु करम डिप्पा , पोस्ट–अरमई , थाना–गुमला , प्रखण्ड– गुमला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुडी में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–297/24<br>2. आवेदक–तारामनी उराँव, पति –मनीजर उराँव<br>3. ग्राम–मुर्की , पोस्ट–अरेया , थाना–सेन्हा , प्रखण्ड– सेन्हा<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में खोदा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–298/24<br>2. आवेदक–जगमनी उराँव, पति–स्व0 अशोक उराँव<br>3. ग्राम–जुरिया सोबर टोली , पोस्ट– जुरिया , थाना–लोहरदगा , प्रखण्ड– लोहरदगा<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में खोदा का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — PR 344705 (Home)24-25*D — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष




# चैंपियंस ट्रॉफी को वानखेड़े में लाना चाहता हूं : रोहित

**एजेंसी । मुंबई**

भारत के टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि पिछली जुलाई में वानखेड़े स्टेडियम में उनके और उनके साथियों के स्वागत के लिए नीले समुद्र की तरह उमड़े प्रशंसकों के हुजूम को देखने के बाद ही उन्हें टी20 विश्व कप की व्यापकता का एहसास हुआ था। अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुके भारतीय कप्तान 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में आयोजित होने वाली चैम्पियंस ट्रॉफी को जीत कर एक बार फिर से प्रशंसकों को ऐसा एहसास देना चाहते है। भारत इससे पहले 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुका है। वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने पर मुंबई क्रिकेट संघ के भव्य समारोह में रोहित ने कहा कि उनकी इच्छा टी20 विश्व कप जीत की तरह एक और जीत की खुशी यहां के प्रशंसकों के साथ साझा करने की है। रोहित से पूछा गया कि किस समय उन्हें वास्तव में एहसास हुआ कि भारत ने विश्व कप जीत लिया है, तो उन्होंने कहा, 'जब मैं यहां जश्न मनाने के बाद अगले दिन उठा, तब हमें एहसास हुआ। उन्होंने कहा, 'उस जश्न के बाद अगले दिन जब मैच सो कर उठा था तब मुझे एहसास हुआ था कि हमने जो किया वह बहुत, बहुत खास था। विश्व कप जीतना एक बात है और अपने लोगों के साथ उसका जश्न मनाना अलग बात है। आप जीत का जश्न टीम के साथी खिलाड़ियों के साथ मनाते ही है लेकिन लोगों के साथ इस जश्न के साझा करने के एहसास बारे में मुझे मुंबई आने के बाद पता चला। भारतीय कप्तान ने कहा कि टीम जल्द ही चैंपियंस ट्रॉफी अभियान शुरू करेगी और यहां के प्रतिष्ठित स्टेडियम में एक और ट्रॉफी लाने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा, 'हम एक और टूर्नामेंट शुरू करेंगे। मुझे यकीन है कि जब हम दुबई पहुंचेंगे तो 140 करोड़ लोगों की शुभकामनाएं हमारे पीछे होंगी।



## पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने बनाया कप्तान

आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2025 सीजन से पहले ऋषभ पंत को अपना कप्तान नियुक्त किया है, टीम के प्रमुख मालिक संजीव गोयनका ने सोमवार को यह जानकारी दी। शनिवार को जानकारी सामने आई थी कि आईपीएल 2025 से पहले पंत को LSG का नया कप्तान नियुक्त किए जाने की संभावना है। पंत पिछले साल जेद्दा में आईपीएल मेगा नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे, जब उन्हें एलएसजी ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा था। वह अब केएल राहुल, निकोलस पूरन और क्रुणाल पांड्या के बाद आईपीएल में खेलने के अपने इतिहास में एलएसजी के चौथे कप्तान होंगे। आईपीएल 2022 और 2023 सीजन में प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद एलएसजी 2024 में पहली बार प्लेऑफ से चूक गई, क्योंकि वे खराब नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर रहे।

## बुमराह ने खुद को जिस तरह से तराशा आपको उन्हें श्रेय देना होगा : पारस

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा कि 2013 के आईपीएल से शुरुआत करने के बाद जिस तरह उन्होंने खुद को एक खिलाड़ी के रूप में निखारा है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि दुनिया में बहुत कम गेंदबाज हैं जो तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे, टी20) में इतना बड़ा प्रभाव डाल सके हैं। 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद बुमराह ने खुद को भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में स्थापित किया। 2024 में बारबाडोस में हुए पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में बुमराह ने 15 विकेट लेकर "प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट" का खिताब जीता और भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। 2024/25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 5 मैचों में 32 विकेट लेकर उन्हें "प्लेयर ऑफ द सीरीज" चुना गया था। हालांकि सिडनी टेस्ट की दूसरी पारी में पीठ दर्द के कारण वह गेंदबाजी नहीं कर सके थे। म्हाम्ब्रे ने कहा, "बुमराह ने जिस तरह से खुद को निखारा है, उसके लिए उन्हें पूरा श्रेय दिया जाना चाहिए। वह बेहद फोकस्ड हैं और अपने खेल को लेकर हमेशा जागरूक रहते हैं। उनकी सबसे खास बात यह है कि वह हमेशा बेहतर बनने की कोशिश करते हैं। यही कारण है कि वह तीनों फॉर्मेट में दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज हैं। खिलाड़ियों को उनके खेले गए मैचों की संख्या से नहीं, बल्कि तीनों फॉर्मेट में उनके प्रभाव से आंका जाना चाहिए।" उन्होंने आगे कहा, "बहुत कम गेंदबाज तीनों फॉर्मेट में ऐसा प्रभाव डाल पाते हैं। टी20, वनडे और टेस्ट में उनके आंकड़े उनकी मेहनत और लगन को दर्शाते हैं। बुमराह उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जिन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलना बेहद पसंद है। वह मैदान पर कभी हार नहीं मानते।" म्हाम्ब्रे ने यह भी खुशी जताई कि बुमराह ने कप्तानी की जिम्मेदारी को भी बखूबी निभाया है। म्हाम्ब्रे ने कहा, "कप्तानी को लेकर बुमराह ने अच्छी रुचि दिखाई है, जो बहुत खुशी की बात है। वह सिर्फ अपने खेल पर नहीं, बल्कि पूरी टीम पर ध्यान देते हैं। वह नए खिलाड़ियों को तैयार करने और उनकी मदद करने में भी आगे रहते हैं। बुमराह सिर्फ मैच जीतने के बारे में नहीं सोचते, बल्कि टीम पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ने पर भी जोर देते हैं।"

म्हाम्ब्रे इस समय यूएई में एमआई एमिरेट्स के गेंदबाजी कोच हैं और आईपीएल 2025 में भी यही भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा, "अगर आप पीछे देखें तो उनकी यात्रा बेहद शानदार रही है। जब वह आईपीएल में चुने गए थे, तब उन्हें कोई नहीं जानता था। मुंबई इंडियंस के सपोर्ट स्टाफ और स्काउट्स ने उन्हें खोजा। जॉन राइट ने उन्हें देखा और टीम प्रबंधन को उनका नाम सुझाया। यह टीम की बेहतरीन नजर और बुमराह के कौशल का नतीजा है।

## अमेरिकी खिलाड़ी मैडिसन कीज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

**मेलबर्न (आईएएनएस)**



नंबर 19 सीड अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी मैडिसन कीज ने सोमवार को नंबर 6 सीड कजाखस्तान की एलिना रिबाकिना को हराकर चौथी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। कीज ने 2023 की ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनलिस्ट रिबाकिना को 6-3, 1-6, 6-3 से हराने में 1 घंटा 49 मिनट का समय लिया। अब कीज सिर्फ एक जीत दूर हैं, जिससे वह मेलबर्न पार्क में तीसरी बार सेमीफाइनल में पहुंच सकती हैं। इससे पहले वह 2015 और 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंची थीं। कीज ने पिछले हफ्ते एडिलेड में डब्ल्यूटीए 500 का खिताब जीता था और अब वह लगातार 9 मैच जीत चुकी हैं। इस साल वह सबसे ज्यादा मैच जीतने वाली खिलाड़ी बन गई हैं, उनका कुल रिकॉर्ड 10-1 का है। 29 वर्षीय कीज का अगला मुकाबला नंबर 28 सीड एलिना स्वितोलिना से होगा, जिन्होंने पहले सेट में डबल-ब्रेक के बाद वापसी करते हुए वेरोनिका कुदेरमेटोवा को 6-4, 6-1 से हराया। कीज का स्वितोलिना के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 3-2 का है। इन दोनों का आखिरी मुकाबला लगभग तीन साल पहले एडिलेड में हुआ था, जहां कीज ने स्वितोलिना को पहले राउंड में मात दी थी और बाद में उन्होंने खिताब भी जीता था। स्वितोलिना 2018 और 2019 में लगातार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल तक पहुंची थीं।

## ईस्ट बंगाल ने नीता एफए को 4-1 से हराकर बरकरार रखा टॉप पर अपना स्थान

**भुवनेश्वर ।** पूर्वी बंगाल एफसी का शानदार प्रदर्शन जारी है। सोमवार को कैपिटल फुटबॉल एरेना में इंडियन विमेन्स लीग 2024-25 के मुकाबले में इस टीम ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए नीता एफए को 4-1 से हराया। ईस्ट बंगाल के लिए अंजू तमांग, सौम्या गुगुलोथ, रेस्टी नांजीरी और संध्या रंगनाथन ने गोल किए, जबकि मेजबान टीम की तरफ से घाना की स्ट्राइकर गिफ्टी आचेअम्पोंग ने एकमात्र गोल किया। पहले हाफ में पूर्वी बंगाल ने 1-0 की बढ़त बना ली थी। लीग लीडर ईस्ट बंगाल और हाल ही में प्रमोट हुई नीता एफए के बीच इस मुकाबले में रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने अपनी ताकत और खिताब जीतने के इरादे साफ कर दिए। इस जीत से ईस्ट बंगाल ने तालिका में अपनी टॉप पोजिशन और मजबूत कर ली। उन्होंने अब तक तीनों मैच जीते हैं और नौ अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। दूसरी ओर, नीता एफए तीन मैचों में चार अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। मैच की शुरुआत से ही एंथनी एंड्रूज के कोचिंग वाली ईस्ट बंगाल ने खेल पर पूरी पकड़ बना ली। उनके मजबूत डिफेंस, सक्रिय मिडफील्ड और तेज अटैक ने नीता एफए को संभलने का मौका ही नहीं दिया। ईस्ट बंगाल का पहला गोल 30वें मिनट में हुआ, जब कॉर्नर किक के बाद अंजू तमांग ने मौके का फायदा उठाकर गेंद को गोल में पहुंचा दिया।

**अंडर-19 विश्व कप**

## नाइजीरिया, यूएसए की ऐतिहासिक जीत ऑस्ट्रेलिया ने भी बांग्लादेश को हराया



**कुआलालंपुर (आईएएनएस)**

आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप के तीसरे दिन का खेल नाइजीरिया और यूएसए के लिए ऐतिहासिक रहा, जिन्होंने टूर्नामेंट के इतिहास में अपनी पहली जीत दर्ज की। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को रोमांचक मुकाबले में हराकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत हासिल की। नाइजीरिया ने न्यूजीलैंड को दो रन से हराकर अपने पहले ही वैश्विक टूर्नामेंट में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह मुकाबला 13 ओवर का था, जिसमें नाइजीरिया की कप्तान लकी पायटी ने टीम के लिए पहला छक्का लगाकर बढ़त बनाई। हालांकि, न्यूजीलैंड ने पावरप्ले के बाद नाइजीरिया के तीन विकेट 28 रन पर गिरा दिए। लिलियन उडे ने 19 रन बनाकर सबसे ज्यादा योगदान दिया। ओमोसिघो एगुआकुन ने अंतिम गेंद पर चौका लगाकर न्यूजीलैंड के सामने 66 रनों का लक्ष्य रखा। गेंदबाजी में नाइजीरिया ने शानदार शुरुआत की, पहली ही गेंद पर केट इरविन को रन आउट किया। आखिरी ओवर में लिलियन ने सिर्फ 6 रन दिए और एक रन आउट कर नाइजीरिया को यह ऐतिहासिक जीत दिलाई।

वहीं, जोहोर में अमेरिका ने आयरलैंड को नौ विकेट से हराया। इस जीत में इसानी वाघेला ने 3 विकेट लिए, जबकि दिशा ढींगरा ने 46 रनों की अहम पारी खेली। आयरलैंड की शुरुआत खराब रही, और वे 74 रन पर ऑलआउट हो गए। अमेरिका ने 75 रनों का लक्ष्य सिर्फ 10 ओवर में हासिल कर लिया।

## भारत-इंग्लैंड सीरीज : शमी ने पट्टी बांधकर प्रैक्टिस की


**एजेंसी । नई दिल्ली**

मोहम्मद शमी ने कोलकाता में अपने बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर प्रैक्टिस के लिए उतरे। शमी इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज में टीम इंडिया में शामिल हैं। उनकी 14 महीने के लंबे अंतराल के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी हुई है। उन्होंने 2023 में भारत में हुए वनडे वर्ल्ड कप में 19 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मुकाबला खेला था। उसके बाद से वह चोट की वजह से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज का पहला मुकाबला 22 जनवरी को कोलकाता में खेला जाएगा। शमी ने एक घंटे से ज्यादा समय तक की गेंदबाजी इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती मैच से पहले भारतीय टीम ने रविवार को कोलकाता में तीन घंटे प्रैक्टिस की। शमी ने एक घंटे से अधिक समय तक पूरी लय में गेंदबाजी की। उन्होंने अपने बाएं घुटने पर पट्टी बांधकर गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की निगरानी में शुरुआत में छोटे रन अप के साथ धीमी गेंदबाजी की और फिर पूरे रन अप के साथ गेंदबाजी की और गति को बढ़ाया। उन्होंने लगभग एक घंटे तक गेंदबाजी करने के बाद फील्डिंग प्रैक्टिस में भी हिस्सा लिया। उन्होंने अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा जैसे युवा बल्लेबाजों को अपनी गति और सटीक लाइन लेंथ से परेशान किया।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले भारतीय शेयर बाजार में तेजी

## सेंसेक्स 454 अंक बढ़ा



**निफ्टी 141 बढ़कर 23,344 पर बंद हुआ**

**मुंबई (आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में तेजी देखी गई। सेंसेक्स 454 अंक या 0.59 प्रतिशत बढ़कर 77,073 और निफ्टी 141 अंक या 0.61 प्रतिशत बढ़कर 23,344 पर बंद हुआ। सोमवार को भारतीय समय के अनुसार, रात करीब 10:00 बजे ट्रंप 47वें अमेरिकी राष्ट्रपति रूप में शपथ लेंगे। इससे पहले, शेयर बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में खरीदारी देखी गई है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 498 अंक या 0.91 प्रतिशत की तेजी के साथ 55,106 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 192 अंक या 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,864 पर बंद हुआ। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,503 शेयर हरे निशान में और 1,557 शेयर लाल निशान में और 168 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं।

सेंसेक्स में कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, एसबीआई, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, टाइटन और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे। जोमैटो, अदाणी पोर्ट्स, टीसीएस, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, आईटीसी, सनफार्मा, एचयूएल और नेस्ले टॉप लूजर्स थे। आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इंफ्रा इंडेक्स हरे निशान में और केवल ऑटो और एफएमसीजी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुआ है। च्वॉइस ब्रोकिंग के अनुसार, निफ्टी के लिए 23,100, 23,000 और 22,800 एक मजबूत सपोर्ट लेवल है। वहीं, तेजी की स्थिति में 23,300, 23,400 और 23,500 एक रुकावट का स्तर है।

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 17 जनवरी को 3,318.06 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने उसी दिन 2,572 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी थी। सोमवार को शेयर बाजार की शुरुआत तेजी के साथ हुई थी। दिन में 10:00 बजे, सेंसेक्स 133 अंक या 0.17 प्रतिशत बढ़कर 76,738 और निफ्टी 10 अंक या 0.05 प्रतिशत बढ़कर 23,213 पर था।

## पेटीएम की आय तीसरी तिमाही में 10% बढ़कर 1,828 करोड़ रही

**नई दिल्ली ।** देश की बड़ी वित्तीय सर्विसेज कंपनी पेटीएम ने सोमवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी की परिचालन से आय तिमाही आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 1,828 करोड़ रुपये हो गई है। कंपनी के मजबूत प्रदर्शन की वजह ग्रॉस मर्चेंडाइज वैल्यू (जीएमवी) बढ़ना, सब्सक्रिप्शन आय में मजबूत वृद्धि और फाइनेंसियल सर्विसेज के वितरण से अधिक आय होना है। वित्त वर्ष 25 की अक्टूबर-दिसंबर अवधि में कंपनी का घाटा सालाना आधार पर 222 करोड़ रुपये से कम होकर 208 करोड़ रुपये रह गया है।

## सेंट्रल बैंक को दिसंबर तिमाही में 959 करोड़ रुपये का मुनाफा, बैंक के लाभ में 33 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (हि.स.)**



सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सीबीआई) ने वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में बैंक का मुनाफा 33 फीसदी बढ़कर 959 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 718 करोड़ रुपये रहा था। सेंट्रल बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि तीसरी तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 9,739 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 9,139 करोड़ रुपये थी। इस दौरान बैंक की ब्याज आय भी बढ़कर 8,509 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 7,809 करोड़ रुपये थी। बैंक का परिचालन लाभ बढ़कर 1,963 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 1,931 करोड़ रुपये था। इसके अलावा, परिसंपत्ति की गुणवत्ता के मामले में बैंक की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) पिछले वित्त वर्ष के 4.50 फीसदी से घटकर 31 दिसंबर, 2024 के अंत में कुल कर्ज का 3.86 फीसदी रह गईं। वहीं, शुद्ध एनपीए भी पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के अंत में 1.27 फीसदी से घटकर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 0.59 फीसदी हो गए हैं। बैंक ने कहा कि उसे फ्यूचर जनरल इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एफजीआईआईसीएल) में फ्यूचर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एफईएल) की 24.91 फीसदी हिस्सेदारी और फ्यूचर जनरली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एफजीआईएलआईसीएल) में एफईएल की 25.18 फीसदी हिस्सेदारी के प्रस्तावित अधिग्रहण के लिए 15 अक्टूबर, 2024 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मंजूरी मिल गई है।

## श्वेत वस्तुओं के लिए पीएलआई योजना के तहत 24 कंपनियों का हुआ चयन

**नई दिल्ली (हि.स.)**





**3,516 करोड़ रुपये है कुल निवेश प्रतिबद्धता**

केंद्र सरकार ने व्हाइट गुड्स (श्वेत वस्तुओं) उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तीसरे दौर में 24 कंपनियों का चयन किया है, जिसमें कुल निवेश प्रतिबद्धता 3,516 करोड़ रुपये है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीटीआईआई) ने व्हाइट गुड्स के लिए पीएलआई योजना के तीसरे दौर में 24 कंपनियों का चयन किया है, जिनकी कुल निवेश प्रतिबद्धता 3,516 करोड़ रुपये है। इसमें 18 नए आवेदकों के लिए 2,299 करोड़ रुपये और छह मौजूदा लाभार्थियों के लिए अतिरिक्त 1,217 करोड़ शामिल रुपये हैं। पीएलआई योजना के ऑनलाइन आवेदन विंडो के तीसरे दौर में कुल 38 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों की समीक्षा के बाद सरकार ने 18 नई कंपनियों का अनंतिम रूप से चयन किया है। इन कंपनियों में एयर कंडीशनर के कलपुर्जों के 10 निर्माता और एलईडी लाइट के 8 निर्माता शामिल हैं, जिन्होंने 2,299 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

## देश की पहली सीएआर टी-सेल थेरेपी लांच

### बेंगलुरु की इम्यूनील थेरेप्यूटिक्स ने किया है शुरू

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



● बी-सेल नॉन-हॉजकिन लिंफोमा रक्त कैंसर का एक प्रकार है

बेंगलुरु स्थित सेल और जीन थेरेपी स्टार्टअप इम्यूनील थेरेप्यूटिक्स ने सोमवार को देश की पहली व्यक्तिगत और सटीक सीएआर टी-सेल थेरेपी लांच की है, जिसे 'क्वाटेर्मी' नाम दिया गया है। यह थेरेपी वयस्कों में बी-सेल नॉन-हॉजकिन लिंफोमा (बी-एनएचएल) के लिए है। बी-सेल नॉन-हॉजकिन लिंफोमा रक्त कैंसर का एक प्रकार है, जो शरीर की लसीका प्रणाली में बी-सेल्स को प्रभावित करता है। भारत में नॉन-हॉजकिन लिंफोमा के लगभग 80-85% मामले इसी प्रकार के होते हैं। 'क्वाटेर्मी' को भारतीय दवा नियामक सीडीएससीओ से मंजूरी मिली है। यह एक ऐसी व्यक्तिगत थेरेपी है, जो उन वयस्क मरीजों के लिए है, जिनका कैंसर बार-बार लौट आता है, या जिन पर अन्य इलाज जैसे कीमोथेरेपी असर नहीं करते। इसे स्पेन के हॉस्पिटल क्लीनिक डी बार्सिलोना (एचसीबी) से भी लाइसेंस प्राप्त हुआ है, जो सेल थेरेपी इनोवेशन में अग्रणी विश्व स्तर पर प्रसिद्ध संस्थान है। यह थेरेपी मरीज की प्रतिरक्षा कोशिकाओं को संशोधित कर उन्हें कैंसर कोशिकाओं को खत्म करने के लिए तैयार करती है।

# नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का संचालन शीघ्र किया जाए : चमरा लिंडा

## स्वरोजगार को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का किया जाए प्रचार-प्रसार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत झारखंड राज्य के सभी जिलों में स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए वृहद स्तर पर प्रचार - प्रसार किया जाए तथा इस योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन किया जाए। वहीं नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का संचालन यथाशीघ्र प्रारंभ कराया जाए। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा सोमवार को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना तथा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय,आश्रम विद्यालय, अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय तथा पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय समेत सारे आवासीय विद्यालयों की समीक्षा बैठक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

कल्याण मंत्री ने सभी जिला कल्याण पदाधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना अंतर्गत ऋण वितरण एवं ऋण वसूली से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया।

चमरा लिंडा ने अधिकारियों को निदेश दिया कि जो लाभुक व्यवसाय करने के लिए बड़े वाहन ले रहे हों उन्हें ही वाहन ऋण उपलब्ध कराया जाए क्यूंकि अक्सर ऐसा देखा जा रहा है बड़ी संख्या में वाहन ऋण योजना के लाभुक बड़े वाहन ले रहे हैं जो व्यवसाय से संबंधित नहीं होते हैं। ऐसी स्थिति पर रोक लगाते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि जो वाहन व्यवसाय से संबंधित हो, वही वाहन उपलब्ध कराया जाय। अगर इससे संबंधित संकल्प में संशोधन की आवश्यकता हो तो यथाशीघ्र संशोधन की प्रक्रिया पूर्ण करें।



### सफल लाभुकों से प्रेरणा लेकर अन्य जरूरतमंदों को भी योजना से जोड़ें

चमरा लिंडा ने विगत वर्षों में वितरित किए गए स्वरोजगार ऋण से संबंधित कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष में इसमें तेज गति से लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने योजना से लाभान्वित लाभुकों की सफलता की कहानी से प्रेरणा लेते हुए अन्य जरूरतमंदों को भी इस योजना से जोड़ने का निदेश दिया। साथ ही जिले द्वारा वितरित ऋण के विरुद्ध ससमय ऋण का वितरण किया जा रहा है या नहीं, इससे संबंधित प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर समर्पित करने का निर्देश दिया।

## राज्य के युवाओं को टेंडरों में प्राथमिकता दे सरकार : विजय शंकर



**रांची।** ओडिशा की तर्ज पर झारखंड में भी अनुसूचित जाति, अनुसूचि जनजाति और पिछड़ा वर्ग के युवाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध किया जाए। राज्य के युवाओं को टेंडरों में प्राथमिकता दी जाए। उक्त बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही। इन्होने इस सबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईमेल के माध्यम से पत्र लिख कर झारखंड के आदिवासी मूलवासी समाज के भावनाओं से अवगत कराया है। टेंडरों में एसटी-एससी व ओबीसी को प्राथमिकता देने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तीन वर्ष पूर्व घोषणा की थी। ढाई करोड़ तक के प्रोजेक्ट पर इसे लागू करने की मंशा का ऐलान किया गया था। यह प्रस्ताव ओडिशा की तर्ज पर झारखंड में लागू करने की घोषणा थी।

## बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें झारखंड सरकार : राफिया नाज

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** महिला अपराध पर भाजपा के प्रवक्ता राफिया नाज ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने कहा, यह अत्यंत दुःखद और चिंता का विषय है कि झारखंड में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की घटनाएं दिन-ब-दिन बढ़ रही हैं। राज्य सरकार के पास महिला सुरक्षा को लेकर कोई ठोस नीति नहीं है और न ही अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो रही है। जब महिलाएं और बेटियां अपने घरों से बाहर निकलती हैं, तो उन्हें अपनी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं मिलती। राफिया नाज ने हाल ही में रांची के रिम्स (राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस) में दवाइयां खरीदने आई चतरा की एक बेटी के साथ हुई दुष्कर्म जैसी शर्मनाक घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, जो राज्य सरकार और अस्पताल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाती है।

भाजपा की प्रवक्ता राफिया नाज ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए राज्य सरकार से बेटियों के सुरक्षा संबंधी त्वरित और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। राफिया ने कहा स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की चुप्पी और रिम्स प्रबंधन और प्रशासन की लापरवाही झारखंड की बेटियों की सुरक्षा के प्रति राज्य सरकार की उदासीनता को दशार्ती है। उन्होंने आगे कहा, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और रिम्स प्रशासन और प्रबंधन को इस मामले की पूरी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। ऐसी घटनाओं से महिलाओं के खिलाफ अपराधों का बढ़ना चिंता का विषय है। भाजपा प्रवक्ता राफिया नाज राज्य सरकार से मांग करती हैं कि वे इस मामले में शीघ्र न्याय सुनिश्चित करें और रिम्स जैसे अन्य संस्थानों की भी सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से मजबूत करें ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### झामुमो ने की सदस्यता अभियान की शुरूआत

## संगठन से जन जन को जोड़ने का है लक्ष्य



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झामुमो रांची जिला ने अल्बर्ट एक्का चौक के समीप सदस्यता अभियान की शुरूआत कर नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ा गया। सदस्यता अभियान कार्यक्रम मे मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य एवं वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सदस्यता अभियान कार्यक्रम झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे चलाया गया। मौके पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जिस प्रकार झारखंड के लोगों के आकांक्षाओं और आवश्यकताओं के साथ हमे ये प्रचंड बहुमत प्राप्त हुआ है, जिसे और भी व्यापक स्वरूप देने के लिए हमलोग प्रतिबद्ध हैं। आज झामुमो रांची जिला के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और काफी संख्या में लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। इसके बाद पार्टी कार्यकताओं के द्वारा महानगर के वार्डों और प्रखंड व पंचायतों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिस प्रकार से लोगों में पार्टी में जुड़ने का उत्साह है हमे लगता है कि रांची जिला अपने 5 लाख नए सदस्य का लक्ष्य और पूरे राज्य में 50 लाख से भी ज्यादा नए सदस्य बनाने के लक्ष्य को हम जरूर पूरा करेंगे। झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि आज हमलोग झामुमो रांची जिला के तत्वावधान में यहां सदस्यता अभियान की शुरूआत कर रहे हैं। पार्टी के अधिवेशन से पहले सदस्य बनाने का एक लक्ष्य रहता है और जल्द ही पार्टी का अधिवेशन होने वाला है। इसी क्रम में रांची जिला का भी नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है। मौके पर केंद्रीय सदस्य समनूर मंसूरी, पवन जेडीया, रांची जिला के संयोजक मंडली के सदस्य अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, नयनतारा उरांव, धर्मेंद्र सिंह, संध्या गुड़िया, जयवंत तिग्गा, झब्बूलाल महतो, सोनू मुंडा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## संविधान गौरव अभियान,भाजपा करेगी सभी जिलों में हुआ गोष्ठी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा 15 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न जिलों में गोष्ठियों का भी आयोजन किया जा रहा। 19 से 24 जनवरी तक विभिन्न जिलों में गोष्ठियां आयोजित की जा रही है। इसमें केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश के नेता संबोधित करेंगे।

19 जनवरी को कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय गिरिडीह में और प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पलामू प्रमंडल के प्रभारी विकास प्रीतम गढ़वा जिला मुख्यालय में गोष्ठी को संबोधित किया। सोमवार को दुमका में केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल हजारीबाग में केंद्रीय मंत्री संजय सेठ लातेहार में, विधायक नवीन जायसवाल रामगढ़ में, पूर्व विधायक अनंत ओझा और जामताड़ा में पूर्व विधायक नारायण दास ने गोष्ठी को संबोधित किया।

21 जनवरी को धनबाद ग्रामीण जिला के निरसा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी और लोहरदगा में पूर्व विधायक किशुन दास और अमरदीप यादव संबोधित करेंगे।

22 जनवरी को रांची ग्रामीण जिला की गोष्ठी नामकुम में होगी जिसमे प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद मुख्यवक्ता होंगे जबकि गुमला जिला की गोष्ठी को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, सिमडेगा में नीलकंठ सिंह मुंडा, चतरा में डॉ नीरा यादव, पूर्वी सिंहभूम घाटशिला में शशांक राज मुख्यवक्ता होंगे।

23 जनवरी को देवघर जिला की गोष्ठी को प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी संबोधित करेंगे जबकि केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान धनबाद महानगर जिला की गोष्ठी को झरिया में, पलामू में विधायक सीपी सिंह, सरायकेला खरसावां में मनोज कुमार सिंह संबोधित करेंगे।

## पृष्ठ एक के शेष

**रिम्स का मास्टर री-डेवलपमेंट...**

 री-डेवलपमेंट मास्टर प्लान में भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए सभी चीजें सुसज्जित तरीके से व्यवस्थित करने की कार्य योजना बनाएं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि देश में रिम्स की अलग पहचान होनी चाहिए। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का आधुनिकीकरण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिम्स के री-डेवलपमेंट मास्टर प्लान में सभी हॉस्टल्स को एक जगह, सभी रेजिडेंशियल कांप्लेक्स को नॉर्थ ब्लॉक में शिफ्ट करने का प्लान बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वर्तमान में रिम्स परिसर के 1600 बेड वाले इनडोर क्षेत्र का रिनोवेशन करें तथा बेसमेंट क्षेत्र को सील करने का कार्य करें, ताकि बार-बार होने वाले वाटर लॉगिंग को रोका जा सके। बैठक में रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ हीरेंद्र बिरुआ भी उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार,**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**

**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

70वीं औपबंधिक सूची
जिला–लातेहार (पार्ट–2)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी बिरेन्द्र ठाकुर , विजय भगत, सत्येन्द्र सिंह एवं विश्वनाथ प्रसाद आयोग के माननीय सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–860/24 2. आवेदक–सिरिल सुरीन, पिता–फ्रांसिस सुरीन<br>3. ग्राम– बढ़नीया, पोस्ट–मोरवाई, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–863/24 2. आवेदक–रामऔतार राम, पिता–स्व0 रामवृक्ष राम<br>3. ग्राम–लंका, पोस्ट–बरवाडीह, थाना–बरवाडीह, प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर के बायें में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–1005/24 2. आवेदक–हसन मियाँ, पिता–स्व0 बरअली मियां<br>3. ग्राम–छुटार, पोस्ट–मायापुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–612/24 2. आवेदक–बिमला मिश्रा, पति–हृदया नन्द मिश्र<br>3. ग्राम–गायत्री मंदिर रोड, सुदना, पोस्ट–सुदना, थाना–डाल्टेनगंज, प्रखण्ड–डाल्टेनगंज<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–1006/24<br>2. आवेदक–मो0 असलम अंसारी, पिता–रेयाजुद्दीन मियां<br>3. ग्राम–शाहपुर , पोस्ट–मायापुर, थाना–चैनपुर, प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के उपर कटे का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–864/24 2. आवेदक–मधु देवी (आश्रीत पत्नी), पति–स्व0 मिथलेश तिवारी<br>3. ग्राम–अम्वाटीकर , पोस्ट–लातेहार थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक एवं कान के बीच व गाल पर तिलका निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–865/24 2. आवेदक–मंगरा उरांव, पिता–स्व0 बुधू उरांव<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में लहसन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–866/24 2. आवेदक–बिनोद उरांव, पिता–बुधराम उरांव<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–आंख के पास दाहिनी ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–867/24<br>2. आवेदक–लखन उरांव, पिता–स्व0 भोला उरांव<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के उपर ललाट पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–868/24 2. आवेदक–झालो देवी पति–विरेन्द्र भगत<br>3. ग्राम–बमन हेरूआ पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आंख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–869/24 2. आवेदक–सुधन देवी पति–राजेन्द्र भगत<br>3. ग्राम–बमन हेरूआ पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिना आंख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–870/24 2. आवेदक–दासु उरांव, पिता–स्व0 बन्धन उरांव<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायी ओर नाक के बगल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–871/24 2. आवेदक–अन्दु उरांव, पिता–सिधराम उरांव<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर बायें ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–872/24 2. आवेदक–रामलाल उरांव, पिता–स्व0 करमा उरांव<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर के जंघा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–873/24 2. आवेदक–मंगलदेव उरांव, पिता–मोदी उरांव<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायें स्तन के बिच मस्सा का निशन। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–874/24 2. आवेदक–संतोष उरांव, पिता–स्व0 बासुदेव उरांव<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में दाहिना ओर मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–875/24 2. आवेदक–लिटू उरांव,उर्फ बिरजु उरांव पिता–मांगा उरांव<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला में दाहिना ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–876/24 2. आवेदक–तेतरी मसोमात (आश्रीत पत्नी), पति–स्व0 चन्द्रदेव उरांव<br>3. ग्राम–कोल्हेरूआ पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हांथ के अंगूठा मे कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–877/24 2. आवेदक–गजेन्द्र उरांव, पिता–स्व0 रामदेव उरांव<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के निचे मस्सा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–878/24 2. आवेदक–फुल कुंवर उरांव, पिता–स्व0 रून्धु उरांव<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–879/24 2. आवेदक–जिलानी देवी, पिता–जयराम उरांव<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट के बिच गोदना का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–880/24 2. आवेदक–जुगेश्वर लोहरा, पिता–स्व0 खैंटा लोहरा<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर के घुटना से उपर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–881/24 2. आवेदक–शकलदिल उरांव, पिता–स्व0 जतरू उरांव<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–अर्ध मूक (गुंगा) | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–882/24 2. आवेदक–राजेश उरांव, पिता–रामलाल उरांव<br>3. ग्राम–आरगुण्डी पोस्ट–टेमकी थाना– लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–883/24 2. आवेदक–सोमरमनि देवी, पति–इन्द्रदेव भगत<br>3. ग्राम–बमन हेरूआ पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओंठ के बायी ओर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–884/24 2. आवेदक–इन्द्रदेव भगत, पिता–स्व0 भिखू भगत<br>3. ग्राम–बमन हेरूआ पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के उपर बड़ा सा तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0–885/24 2. आवेदक–विरेन्द भगत, पिता–धनलाल भगत<br>3. ग्राम–बमन हेरूआ पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आंख के उपर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0–886/24 2. आवेदक–विष्णु उरांव, पिता–स्व0 मालवा उरांव<br>3. ग्राम–कोल्हेरूआ पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला में हसुली के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0–887/24<br>2. आवेदक–सोमरी देवी (मसोमात) आश्रीत पत्नी, पिता–स्व0 देवलाल उरांव<br>3. ग्राम–कुन्दरी पोस्ट–टेमकी थाना–लातेहार, प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0–888/24 2. आवेदक–सुर्यदेव सिंह, पिता–रामदेनी सिंह<br>3. ग्राम–मनिका, पोस्ट–मनिका, थाना–मनिका, प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनों घुटने में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–889/24 2. आवेदक–कमरूदीन मियाँ, पिता–स्व0 रौशन मियाँ<br>3. ग्राम–सरईडीह , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख के पास चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–890/24 2. आवेदक–अलाउद्दीन अंसारी, पिता–स्व0 रहमान मियाँ<br>3. ग्राम–सरईडीह , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0–891/24 2. आवेदक–मो0 सुबहानी , पिता–मो0 जाहिदुल्लाह<br>3. ग्राम–पोखरी कलां , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे में बायें तरफ चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0–892/24 2. आवेदक–एनुल अंसारी , पिता–अब्दुल कुदूस मियाँ<br>3. ग्राम–पोखरी कलां , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने गर्दन में मासा एवं तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0–893/24 2. आवेदक–तबारक हुसैन, पिता–जहिरूदीन<br>3. ग्राम–पोखरी कलां , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह– गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0–894/24 2. आवेदक–कृष्णा प्रसाद , पिता–स्व0 दरगाही साव<br>3. ग्राम–पोखरी कलां , पोस्ट–सरईडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे पर दोनो तरफ तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0–895/24 2. आवेदक–कौनेन अंसारी, पिता–मो0 फारूख अंसारी<br>3. ग्राम–कोपे, पोस्ट–मनिका, थाना–मनिका, प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने घुटने में चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0–896/24 2. आवेदक–नरेश मिस्त्री , पिता–स्व0 सुखदेव मिस्त्री<br>3. ग्राम–लुहुर , पोस्ट–बरवाडीह , थाना–बरवाडीह , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0– 2. आवेदक–अशोक राम , पिता–स्व0 विशुन राम<br>3. ग्राम–हेन्देहास , पोस्ट–गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दाउद केरकेट्टा एवं बालकिशुन उराँव द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान के आधार पर। | | |
| 107. | 1. आवेदन क्र0–897/24 2. आवेदक–किशुन भगत , पिता–शिवबालक भगत<br>3. ग्राम–डड़ेया , पोस्ट–बारी , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाया हाथ के पंजे में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0–898/24 2. आवेदक–रामलाल गंझू , पिता–विनेश्वर गंझू<br>3. ग्राम–चतरा , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें हाथ के मुट्ठी में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0–899/24 2. आवेदक–जमेदार उराँव , पिता–श्री गोन्दो उराँव<br>3. ग्राम–लोधवा टिमकी , पोस्ट–टिमकी , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ में खोदा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 110. | 1. आवेदन क्र0–900/24 2. आवेदक–गोन्दो उराँव , पिता–स्व0 सहदेव उराँव<br>3. ग्राम–लोधवा टिमकी , पोस्ट–टिमकी , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–84 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां अंगुठा में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 111. | 1. आवेदन क्र0–901/24 2. आवेदक–एतवा उराँव , पिता–कइला उराँव<br>3. ग्राम–तरहसी , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने हथेली में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 112. | 1. आवेदन क्र0–902/24 2. आवेदक–नरेन्द्र उराँव , पिता–स्व0 सावना उराँव<br>3. ग्राम–आराहारा , पोस्ट–बालू , थाना–हेरहंज , प्रखण्ड–हेरहंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां कान के पीछे कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 113. | 1. आवेदन क्र0–903/24 2. आवेदक–केवल उराँव , पिता–रिझु उराँव<br>3. ग्राम–रेयी , पोस्ट–बारी , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड–चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हथेली पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 114. | 1. आवेदन क्र0–904/24 2. आवेदक–महादेव उराँव , पिता–श्री कर्मा उराँव<br>3. ग्राम–डीही , पोस्ट–अंकित नहीं , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने कान के निचे जख्म का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 115. | 1. आवेदन क्र0–905/24 2. आवेदक–तारा उराँव , पति –श्री बुधदेव उराँव<br>3. ग्राम–बनियो , पोस्ट–झाबर , थाना–बालूमाथ , प्रखण्ड–बालूमाथ<br>4. लिंग–महिला , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां ठेहुना में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 116. | 1. आवेदन क्र0–906/24 2. आवेदक–बालजी उराँव , पिता–बुधू उराँव<br>3. ग्राम–डेम टोली , पोस्ट– चन्दवा , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 117. | 1. आवेदन क्र0–907/24 2. आवेदक–श्याम सुन्दर उराँव , पिता–रामु उराँव<br>3. ग्राम–चिरो, पोस्ट– चन्दवा , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां आँख के उपर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 118. | 1. आवेदन क्र0–908/24 2. आवेदक–चरकु पाहन , पिता–मदिला पाहन<br>3. ग्राम–चिरो, पोस्ट– चन्दवा , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां आँख के निचे ऐला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0–909/24 2. आवेदक–द्वारिका ठाकुर , पिता–सरयु ठाकुर<br>3. ग्राम–भुसाड़ , पोस्ट– कामता , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां बाह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0–910/24 2. आवेदक–बैजनाथ ठाकुर , पिता–महजु ठाकुर<br>3. ग्राम–भुसाड़ , पोस्ट– कामता , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– सिना में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0–911/24<br>2. आवेदक–जितवाहन भगत , पिता–जयमंगल भगत<br>3. ग्राम–जमीरा पिपराही , पोस्ट– चन्दवा , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर के अंगूठा में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0–912/24 2. आवेदक–विजय उराँव , पिता–रतन उराँव<br>3. ग्राम–बनहरदी , पोस्ट– बारी , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायां हाथ के अंगुली में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0–913/24 2. आवेदक–रामतेवरी उराँव , पिता–जेठलाल उराँव<br>3. ग्राम–बनहरदी , पोस्ट– बारी , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां एड़ी के उपर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0–914/24 2. आवेदक–बिरूवा उराँव , पिता–हुसैनी उराँव<br>3. ग्राम–बनहरदी , पोस्ट– बारी , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां पैर मोटा अंगुली में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 125. | 1. आवेदन क्र0–915/24 2. आवेदक–बिमला देवी , पति –सोनार भगत<br>3. ग्राम– चन्दवा , पोस्ट– चन्दवा , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 126. | 1. आवेदन क्र0–916/24 2. आवेदक–फुदनी देवी , पति –स्व0 जगदेव उराँव<br>3. ग्राम– दामोदर , पोस्ट–दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह– नाक के नीचे जन्म खोदा । | कंडिका–2(ix) |
| 127. | 1. आवेदन क्र0–917/24 2. आवेदक–परशुराम बैठा , पिता–बालेश्वर बैठा<br>3. ग्राम–तिलैयाताड़ , पोस्ट– चन्दवा , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 128. | 1. आवेदन क्र0–918/24 2. आवेदक–जगरनाथ गंझू , पिता–ललीता गंझू<br>3. ग्राम–चतरो , पोस्ट– दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें घुटने के निचे कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0–919/24 2. आवेदक–बिहारी उराँव , पिता–झमन उराँव<br>3. ग्राम–अम्बादोहर , पोस्ट– दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ के कलाई में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0–920/24 2. आवेदक–श्यामसुन्दर गंझू , पिता–डोमन गंझू<br>3. ग्राम–चतरो , पोस्ट– दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–80 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें घुटने के निचे कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 131. | 1. आवेदन क्र0–921/24 2. आवेदक–धूजु गंझू , पिता–ललिता गंझू<br>3. ग्राम–चतरो , पोस्ट– दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह– बायां हाथ के कलाई में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 132. | 1. आवेदन क्र0–922/24 2. आवेदक–रतिलाल गंझू , पिता–भोला गंझू<br>3. ग्राम–चतरो , पोस्ट– दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें घुटने में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 133. | 1. आवेदन क्र0–923/24 2. आवेदक–शनिचर गंझू , पिता–रंथू गंझू<br>3. ग्राम–चतरो , पोस्ट– दामोदर , थाना–चन्दवा , प्रखण्ड– चन्दवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह– दायें घुटने के निचे कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 134. | 1. आवेदन क्र0–924/24 2. आवेदक–प्रेम उराँव , पिता–देवलाल उराँव<br>3. ग्राम–जुगुर , पोस्ट– पल्हेया , थाना–मनिका , प्रखण्ड– मनिका<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– गर्दन में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0–925/24 2. आवेदक–बालमुकुन्द उराँव , पिता–सहबु उराँव<br>3. ग्राम–लेधपा , पोस्ट– लेधपा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड– लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह– माथा में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0–926/24 2. आवेदक–पार्वती देवी , पति –स्व0 नन्दलाल उराँव<br>3. ग्राम–नवादा अम्बाटोली , पोस्ट–हेरहंज , थाना–हेरहंज , प्रखण्ड–हेरहंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| | | |
|---|---|---|
| (भुवनेश्वर महतो)<br>सदस्य | (नरसिंह मुर्मू)<br>सदस्य | (दुर्गा उराँव)<br>अध्यक्ष |

PR 344703 (Home) 24-25 (D)

## नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर दिखेगी 'संविधान के 75 वर्ष' की झलक

# पहली बार 'प्रलय' मिसाइल का होगा प्रदर्शन



### इस वर्ष परेड में 'स्वदेशी' पर दिया जा रहा विशेष जोर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह में 'संविधान के 75 वर्ष' की झलक देखने को मिलेगी। कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम में 'संविधान के 75 वर्ष' थीम पर दो विशेष झांकियां शामिल की गई हैं। समारोह के अंत में छोड़े जाने वाले सैकड़ों गुब्बारों पर भी संविधान से जुड़ी यह थीम लिखी होगी।

इस वर्ष पहली बार 'प्रलय' मिसाइल को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल किया जा रहा है। भारत में बनी 'प्रलय' एक आधुनिक और बेहद घातक मिसाइल है। इस मिसाइल को डीआरडीओ ने विकसित किया है। यह सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। केंद्रीय रक्षा सचिव आरके सिंह के अनुसार, इस वर्ष 26 जनवरी की परेड में 'स्वदेशी' पर विशेष जोर दिया जा रहा है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड की शुरुआत भारतीय वाद्य यंत्रों से होगी। 300 कलाकार विभिन्न प्रकार के भारतीय वाद्य यंत्रों के साथ 26 जनवरी की परेड की शुरुआत करेंगे। ये कलाकार भारत के प्राचीन वाद्य यंत्रों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और संगीत की प्रस्तुति देंगे। 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में इस बार कुल 31 झांकियां होंगी, जिनमें से 16 झांकियां विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की होंगी। झारखंड के कलाकारों द्वारा मुख्य सलामी मंच के सामने राष्ट्रगान गाया जाएगा। संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर इस बार विभिन्न प्रतियोगिताएं व गतिविधियां आयोजित की गई हैं। गणतंत्र दिवस समारोह में भी संविधान के 75 वर्ष पूरे होने से जुड़े आयोजन रखे गए हैं।

### भारतीय वाद्य यंत्रों से होगी गणतंत्र दिवस परेड की शुरुआत

### गणतंत्र दिवस समारोह की मुख्य थीम 'स्वर्णिम भारत

विरासत और विकास' है। गणतंत्र दिवस परेड में अत्याधुनिक हथियार, मिसाइल सिस्टम, टैंक, आधुनिक कम्युनिकेशन संयंत्र व विशेष वाहन शामिल हैं। इनमें नाग मिसाइल सिस्टम, टी-90 भीष्म टैंक, सारथ टैंक, ब्रह्मोस मोबाइल लांचर, चेतक ऑल टेरेन वाहन, बजरंग लाइट स्पेशलिस्ट वाहन, अग्निबाण मल्टी बैरल रॉकेट लांचर कर्तव्य पथ पर नजर आएंगे। इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर फ्लाईपास्ट में भारतीय वायुसेना के 22 लड़ाकू विमान, 11 परिवहन विमान और सात हेलीकॉप्टर हिस्सा लेंगे। ये विमान वायुसेना के 10 अलग-अलग ठिकानों से उड़ान भरेंगे। हालांकि, इस साल तेजस विमान फ्लाई पास्ट में हिस्सा नहीं लेंगे।

## हमास की रिहाई सूची में नेपाली युवक का नहीं है नाम

**काठमांडू (हि.स.)**

इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद दोनों पक्षों की तरफ से बंदियों की रिहाई का सिलसिला शुरू हो गया है। युद्धविराम के पहले दिन ही रिहाई के लिए हमास की तरफ से जारी सूची में नेपाली युवक विपीन जोशी का नाम नहीं है। जोशी की रिहाई के लिए विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा ने सोमवार को इजिप्ट के विदेश मंत्री से टेलीफोन वार्ता कर मध्यस्थता करने का आग्रह किया है। नेपाली युवक विपीन जोशी की रिहाई के लिए नेपाल पहले से ही कूटनीतिक प्रयास कर रहा है। एक बार फिर विदेश मंत्री डॉ आरजू राणा ने अपने कूटनीतिक प्रयास शुरू किया है। विदेश मंत्री डॉ राणा ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर इस बात की जानकारी दी।

## उत्तरी कोलंबिया में हिंसा, 80 से अधिक लोग मारे गए

**टीबू (कोलंबिया) (हि.स.)**

संघर्षग्रस्त उत्तरी कोलंबिया में लड़खड़ाती शांति प्रक्रिया के बीच ताजा गुरिल्ला हिंसा में शुक्रवार से रविवार (तीन दिन) तक 80 से अधिक लोगों की जान चली गई। पूर्वोत्तर कैटाटुम्बो क्षेत्र में सशस्त्र समूह नेशनल लिबरेशन आर्मी (ईएलएन) के प्रतिद्वंद्वी समूह पर हमला करने के बाद हालात बिगड़ गए हैं। बैंकाक पोस्ट समाचार पत्र के अनुसार, नॉर्टे डी सैंटेंडर विभाग के गवर्नर विलियम विलामिजार ने कहा कि कैटाटुम्बो में भारी हिंसा हुई है। वेनेजुएला की सीमा के पास पहाड़ी कोकीन उत्पादक क्षेत्र के पांच नगर पालिका क्षेत्रों में सबसे अधिक लोग मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि हिंसा की ताजा शुरुआत में लगभग दो दर्जन लोग घायल हो गए और लगभग 5,000 लोग विस्थापित हो गए।

## बांग्लादेश में अवैध प्रवेश के आरोप में दो भारतीय गिरफ्तार

**ढाका (हि.स.)**

दो भारतीय नागरिकों और एक बांग्लादेशी दलाल को कुरीग्राम में फुलबारी सीमा के पास गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर बांग्लादेश में अवैध रूप से प्रवेश करने का आरोप है। फूलबाड़ी थाना प्रभारी मामुनूर रशीद ने इसकी पुष्टि की। द डेली स्टार की खबर के अनुसार, थाना प्रभारी रशीद ने कहा कि बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बालारहाट शिविर के बटालियन-15 के सदस्यों ने तीनों को हिरासत में लिया और कल रात फूलबाड़ी पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। यह घटना फुलबारी उपजिला के नाओडांगा संघ के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय सीमा स्तंभ संख्या 933 के पास बालाटारी गांव में हुई।

### शपथ ग्रहण समारोह में कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष रहे मौजूद

# डोनाल्ड ट्रंप बने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति

- अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने दिलाई शपथ
- विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

**एजेंसी। वाशिंगटन**

रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड जे. ट्रंप ने रविवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण किया। उन्होंने दो बाइबिल को साक्षी मानकर शपथ ली। वह वर्ष 2017 के बाद दूसरी बार दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश के शीर्ष पद पर आसीन हुए हैं। ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और बड़े नेता मौजूद रहे। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने कैपिटल रोटुंडा में उन्हें शपथ दिलाई। इससे पहले, उपराष्ट्रपति चुने गए जेडी वैंस ने भी पद की शपथ ली। आम तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति कैपिटल की सीढ़ियों पर शपथ लेते हैं, लेकिन वहां पड़ रही कड़ाके की ठंड के मद्देनजर शपथ ग्रहण समारोह, प्रार्थना और भाषण का आयोजन इस बार रोटुंडा में किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनके परिवार के सदस्यों के अलावा, निवर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, उनकी पत्नी मिशेल ओबामा तथा उनके परिवार के सदस्य, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन व उनकी पत्नी हिलेरी क्लिटंन, पूर्व राष्ट्रपति जार्ज बुश जूनियर व उनकी पत्नी लारा बुश भी शामिल हुए। देश के सभी वरिष्ठ राजनेताओं के अलावा, शीर्ष सैन्य और खुफिया विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। संयुक्त कांग्रेशनल समिति ऑन इनॉगरल सेरेमनीज (जेसीसीआईसी) ने पिछले महीने 60वें इनॉगरल सेरेमनी के लिए थीम के रूप में 'हमारा स्थायी लोकतंत्र : एक संवैधानिक वादा' की घोषणा की थी। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के सम्मान में अमेरिका का राष्ट्रीय झंडा आधा झुका रहा। कार्टर का 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।पिछले साल के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप की जीत को 6 जनवरी को अमेरिकी कांग्रेस द्वारा प्रमाणित किया गया, जिससे व्हाइट हाउस में उनकी वापसी का रास्ता साफ हो गया। यह मंजूरी पिछले साल नवंबर के चुनाव के इलेक्टोरल कॉलेज नतीजों की आधिकारिक पुष्टि थी।



### पीएम मोदी ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनने पर डोनाल्ड ट्रंप को दी बधाई

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। वह 2017 में देश के 45वें राष्ट्रपति बने थे, लेकिन 2020 में हुए चुनाव में हार गए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोबारा राष्ट्रपति बनने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ऐतिहासिक शपथ ग्रहण पर बधाई! मैं एक बार फिर साथ मिलकर काम करने, दोनों देशों को लाभ पहुंचाने और दुनिया के लिए बेहतर भविष्य को आकार देने के लिए तत्पर हूं। आने वाले सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं!



### पुतिन ने ट्रंप को दी बधाई

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनके शपथ ग्रहण समारोह से पहले शुभकामनाएं दीं। ट्रंप को व्हाइट हाउस में दूसरी बार लौटने पर बधाई देते हुए पुतिन ने कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। पुतिन ने टेलीविजन पर दिए गए अपने बयान में ट्रंप को उनके आगामी शपथ ग्रहण समारोह पर बधाई देते हुए अपने संदेश में कहा, हम दोनों देशों के हित में सहयोग बढ़ाने और वैश्विक स्थिरता के लिए मिलकर काम करने की उम्मीद करते हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि रूस यूक्रेन में स्थायी शांति का पक्षधर है और इसके लिए कूटनीतिक प्रयासों को प्राथमिकता देगा। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, हम यूक्रेनी संघर्ष पर नए अमेरिकी प्रशासन के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। सभी लोगों के वैध हितों के सम्मान के आधार पर स्थायी शांति सुनिश्चित होनी चाहिए। दरअसल, ट्रंप ने पहले कहा था कि एक बार जब वह पदभार संभाल लेंगे, तो वह चल रहे रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने का कोशिश करेंगे।

## धर्म बदलने के बाद पिता के कब्र के पास दफनाने नहीं दिया जा रहा

**ब्यूरो**



- मृत व्यक्ति हिंदू आदिवासी था और ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया था
- मामला छत्तीसगढ़ का, सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है याचिका

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के सुभाष बघेल का शव बीते 12 दिनों से शवदाह गृह में रखा हुआ है। सुभाष बघेल बस्तर के रहने वाले थे और गांव में कुछ लोगों ने उनके शव को दफनाने का इसलिए विरोध किया था, क्योंकि सुभाष बघेल ने ईसाई धर्म अपना लिया था। सुभाष बघेल मूल रूप से हिंदू आदिवासी समुदाय से थे। सुभाष के बेटे रमेश बघेल ने इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। याचिका में उन्होंने कहा है कि वह अपने पिता को उनके पूर्वजों के बगल में ही दफनाना चाहते हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने मामले में सुनवाई की। जस्टिस नागरत्ना ने कहा, किसी व्यक्ति को वहां क्यों नहीं दफनाने दिया जा सकता, जहां उसके परिजन चाहते हैं? शव शव गृह में है? हमें यह कहते हुए दुख हो रहा है कि एक व्यक्ति को अपने पिता को दफनाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय आना पड़ रहा है। हाई कोर्ट, पंचायत भी इस मसले को हल नहीं कर पाए। हाई कोर्ट का कहना है कि इससे कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा होगी। हम इससे दुखी हैं। इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय में भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यदि इस मामले में फैसला सिर्फ भावनाओं के आधार पर किया जाना है, तो कुछ नहीं कहा जा सकता, वरना इस पर बहस की जा सकती है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट कॉलिन गोंजाल्विस ने कहा कि दफनाने का विरोध करने की असली वजह यह थी कि सुभाष बघेल के आदिवासी परिवार ने ईसाई धर्म अपना लिया था।

सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि यह एक 'आंदोलन' की शुरुआत है और इससे आदिवासी हिंदुओं और आदिवासी ईसाइयों के बीच अशांति पैदा हो सकती है। उन्होंने अदालत से कहा, वहां उन आदिवासियों के लिए भी कब्रिस्तान हैं, जो ईसाई नहीं हैं। हालांकि, वे ईसाई नहीं हैं, लेकिन वे मृतकों को यहां दफनाते हैं। इससे 20 किलोमीटर दूर एक ईसाई कब्रिस्तान है। यह कब्रिस्तान हिंदू आदिवासियों के लिए है। जब न्यायमूर्ति नागरत्ना ने पूछा कि क्या प्राइवेट जमीन पर किसी को दफनाया जा सकता है, तो तुषार मेहता ने कहा कि एक बार जब आप प्राइवेट जमीन पर किसी को दफनाते हैं या दाह संस्कार करते हैं, तो जमीन का स्वरूप बदल जाता है, यह एक पवित्र जगह बन जाती है और इससे स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं भी होती हैं। मेहता ने कहा कि इसकी इजाजत नहीं है। याचिकाकर्ता के वकील गोंजाल्विस ने कहा कि सुभाष बघेल के पिता और उनके परिवार के अन्य लोगों को उसी जमीन पर दफनाया गया था। इस पर तुषार मेहता ने कहा कि उनका धर्म परिवर्तन नहीं हुआ था। इसके जवाब में गोंजाल्विस ने कहा, आप कब्रिस्तान की तस्वीर देखें। मेरे पिता, चाची सभी की कब्रों पर क्रॉस का निशान है। उस कब्रिस्तान में हमारी एक विशेष जगह है।

### धर्म बदलेंगे, तो गांव से बाहर जाएंगे

जब तुषार मेहता ने दोहराया कि यह एक 'आंदोलन' की शुरुआत है, तो गोंजाल्विस ने कहा, हां, यह ईसाइयों को बाहर निकालने के आंदोलन की शुरुआत है। अदालत ने पूछा कि यदि परिवार के अन्य सदस्यों को वहां दफन किया गया था, तो गांव वाले सुभाष बघेल को दफनाए जाने का विरोध क्यों कर रहे हैं। इस पर गोंजाल्विस ने जवाब दिया, अब वे मिसाल कायम करना चाहते हैं कि यदि आप धर्म बदलेंगे, तो आपको गांव से बाहर जाना पड़ेगा। यह बहुत खतरनाक बात है। जब जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि शव को अब शवगृह में नहीं रखा जा सकता तो तुषार मेहता ने बेंच से आग्रह किया कि मामले पर जल्दबाजी में फैसला न किया जाए। इस मामले में अगली सुनवाई बुधवार को होगी।

## मुआवजे के लालच में बेटी ने पिता को मृत दिखा जमीन अपने नाम करा ली

- पिता को पता चला तो केस किया, बेटी-दामाद गिरफ्तार
- जमीन हाईवे के लिए अधिग्रहित होने वाली थी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लखनऊ।** लोभ जो न करा दे। पिता की जमीन हाईवे के लिए अधिग्रहित होने वाली थी। इसे लेकर सगी बेटी के मन में मोटे मुआवजे के प्रति लालच आ गया। बेटी ने पति के साथ मिलकर पिता को मृत दर्शाते हुए उनके नाम की जमीन का फर्जी कागजात तैयार कराया। इसके बाद अपने नाम वरासत करा जमीन का कुछ हिस्सा बेच दिया। बेटी की कारस्तानी की जानकारी जब पिता को हुई, तो उसने फूलपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। इसके 23 महीने 17 दिन बाद फूलपुर थाने की पुलिस ने बरजी गांव की मुन्नी देवी उर्फ मुनगी देवी और उसके पति कनियर निवासी प्रदीप कुमार पटेल को गिरफ्तार किया है। बरजी गांव निवासी मिश्रीलाल ने दो फरवरी, 2023 को धोखाधड़ी और कूटरचना सहित अन्य आरोपों में फूलपुर थाने में पांच नामजद और अज्ञात राजस्व कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। मिश्रीलाल के अनुसार, बरजी गांव में हाईवे के किनारे उनकी जमीन है। जमीन हाईवे के लिए सरकार लेने वाली थी। इसकी जानकारी बेटी-दामाद और उनके अन्य करीबियों को हुई। इस पर सभी ने मिल कर कागज में उन्हें मृत दिखा दिया। इसके बाद उनकी जमीन को बेटी अपने नाम वरासत करा ली। इस संबंध में डीसीपी गोमती जोन प्रमोद कुमार ने बताया कि आरोपी दंपती को फूलपुर थाने के दरोगा रवि प्रकाश सिंह व जितेंद्र यादव और कांस्टेबल नमिता सिंह की टीम ने गिरफ्तार किया है।

## आरोपी शहजाद के ईयरफोन और कपड़े किए गए बरामद

**मुंबई (आईएएनएस)** । अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने आरोपी शहजाद के पास से वारदात के वक्त पहने कपड़े और ईयर फोन को बरामद कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। मुंबई पुलिस ने अभिनेता सैफ अली पर हमले के आरोपी शहजाद के पास से वारदात के वक्त पहने कपड़े और ईयरफोन बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने कपड़ों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, सैफ के छोटे बेटे जहांगीर के कमरे के बाथरूम की खिड़की में लगी जाली टूटी हुई मिली है। वहीं से आरोपी घर में घुसा और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस को आरोपी के पास से कोई भी डॉक्यूमेंट नहीं मिला है। पुलिस ने आरोपी शहजाद के फोन से उसके माता-पिता का नंबर लेकर बांग्लादेश में फोन किया, तो उन्होंने बताया कि आरोपी उनका बेटा है। शहजाद ने 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की है और नेशनल लेवल रेसलर भी रह चुका है। सैफ अली खान पर हमले के आरोपी शहजाद को लेकर आए दिन नए-नए खुलासे हो रहे हैं।

## नौकरी के बहाने यूपी का युवक युद्ध के लिए भेज दिया गया रूस

- सिक्योरिटी गार्ड के जॉब के लिए भैंस बेच दी, कर्ज भी लिया
- कहां है, नहीं मिल रही जानकारी, परिवार वाले हैं परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के कंधरापुर थाना क्षेत्र का एक युवक योगेंद्र सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी के लिए रूस जाने के लिए अपनी भैंस बेच दी। फिर भी रकम पूरी नहीं हुई, तो कर्ज भी लिया। एजेंट को देकर किसी तरह से रूस पहुंचा, तो उसको वहां यूक्रेन-रूस युद्ध में अग्रिम बॉर्डर पर भेज दिया गया। लेकिन, वह जिंदा है या नहीं या कहां है, इस बारे में किसी को नहीं पता। उसके घरवालों का आरोप है कि योगेंद्र को दो व्यक्ति (एजेंट सुमित व दुष्यंत) सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी के बहाने रूस ले गए थे। वहां पहुंचने पर उसे बताया गया कि युद्ध की ट्रेनिंग करनी है। भाई को वापस लाने के लिए बहन भारतीय दूतावास को अब 50 से ज्यादा ई-मेल कर चुकी है। योगेंद्र के परिजन सांसद धर्मेंद्र यादव, विदेश मंत्री एस. जयशंकर से भी गुहार लगा चुके हैं।

कंधरापुर थाना क्षेत्र के खोजापुर माधोपट्टी निवासी दुर्गावती देवी ने बताया कि बेटा योगेंद्र यादव जनवरी 2024 में रूस गया था। मऊ जिले का विनोद यादव उसे ले गया था। रूस जाने के लिए योगेंद्र ने भैंस बेच दी थी। लोगों से कर्ज भी लिया था। पत्नी अनीता के अनुसार, रूस से योगेंद्र ने अपने भाई राम नगीना के खाते में दो बार में एक लाख रुपये भेजे थे। लेकिन, मई से उनकी जानकारी नहीं मिल पा रही है। बहन खुशबू यादव ने बताया कि वह दिल्ली में पढ़ाई करती है। भाई का पता लगाने के लिए हर दूसरे-तीसरे दिन भारतीय दुतावास को ई-मेल करती है। अब तक 50 से ज्यादा ई-मेल कर चुकी है, लेकिन जवाब नहीं मिला है। भाई राम नगीना ने बताया कि दिल्ली के सुमित और दुष्यंत के माध्यम से योगेंद्र रूस गया था। सुमित के पास योगेंद्र का एटीएम कार्ड भी है। जब सुमित को यह पता चला कि परिजन उसकी तलाश कर रहे हैं, तो वह ऑस्ट्रेलिया और दुष्यंत रूस भाग गया।

### आसमान में लगेगा सौरमंडल के ग्रहों का जमावड़ा

# आज एक साथ कतार में नजर आएंगे छह ग्रह

- बृहस्पति, शुक्र और शनि खाली आंख से दिखेंगे
- यूरेनस व नेप्च्यून देखने को टेलिस्कोप जरूरी

**भोपाल (हि.स.)**




खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए मंगलवार (21 जनवरी) की शाम बेहद खास होने जा रही है। इस दौरान आसमान में अद्भुत खगोलीय घटना होने जा रही है, जिसमें सौरमंडल के ग्रहों का जमावड़ा लगने लगने जा रहा है। इस दिन सूर्यास्त के बाद आकाश में पूर्व से पश्चिम तक सौरमंडल के छह ग्रह एक कतार में नजर आएंगे। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने सोमवार को इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की शाम पूर्वी आकाश में मंगल (मार्स) होगा, तो सिर के लगभग ऊपर बृहस्पति (जुपिटर) और यूरेनस अपनी चमक बिखेर रहे होंगे। वहीं, पश्चिमी आकाश में नेप्च्यून, शुक्र (वीनस) और शनि (सैटर्न) कतार बनाते हुए नजर आएंगे। ग्रहों का कुंभ से नजारे में आप मंगल, बृहस्पति, शुक्र और शनि को तो खाली आंखों से देख पाएंगे, लेकिन यूरेनस और नेप्च्यून को देखने के लिए टेलिस्कोप की मदद लेनी होगी। टेलिस्कोप से देखने पर यह छह ग्रह आकाश में एक कतार बनाते हुए दिखेंगे। सारिका ने बताया कि सौरमंडल के पहले ग्रह बुध की इस समय कमी रहेगी। इस कमी को आने वाले फरवरी माह में पूरी कर पाएंगे, जब आप सभी ग्रहों को एक साथ देख सकेंगे और अगर आप सौर परिवार के तीसरे ग्रह (पृथ्वी) को देखना चाहते हैं, तो उसे देखने के लिए ऊपर नहीं, आपके कदमों में देखना होगा। सौर परिवार के छह ग्रहों को एक साथ देखने का यह अच्छा अवसर है।

हालांकि, इस खगोलीय घटना के दुर्लभ होने को लेकर सारिका ने बताया कि सोशल मीडिया में इस घटना को बढ़ा-चढ़ा कर बताया जा रहा है, लेकिन ऐसा है नहीं।

## चंद्रबाबू नायडू स्विट्जरलैंड पहुंचे डब्ल्यूईएफ बैठक में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

दावोस में विश्व आर्थिक मंच में भाग लेने के लिए तैयार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू अपनी टीम समेत स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख पहुंच गए। केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू, राज्य मंत्री नारा लोकेश, टीजी भरत और वरिष्ठ अधिकारियों सहित प्रतिनिधिमंडल का ज्यूरिख हवाई अड्डे पर यूरोपीय तेलुगू देशम पार्टी फोरम के सदस्यों और प्रवासी भारतीयों ने जोरदार स्वागत किया। चंद्रबाबू नायडू ने स्वागत की तस्वीरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर करते हुए लिखा, दावोस

## जयशंकर अमेरिका में मिले जापान व ऑस्ट्रेलिया के अपने समकक्षों से

**वाशिंगटन (हि.स.)** । भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में जापान और ऑस्ट्रेलिया के समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। उन्होंने अपने समकक्षों के मुलाकात के यादगार पलों को 'एक्स' हैंडल पर साझा किया। जयशंकर ने लिखा कि जापान के विदेशमंत्री ताकेशी इवाया से मिलकर अच्छा लगा। हमने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की। क्वॉड से संबंधित घटनाक्रमों पर भी चर्चा की।

